एक तरफ फिल्मकारों के मन में राष्ट्रीय भावना हिलोरें मार रही थी तो दूसरी तरफ वे दर्शकों को सच्चाई से वाकिफ़ कराना चाहते थे । ऐसी फिल्मों की श्रृंखला में "दहेज", "आवारा", "दो बीघा जमीन", "जागृति", "बूट पालिश", "देवदास", "श्री ४२०", "दो आँखे बारह हाथ", "प्यासा", "मदर इंडिया", "नया दौर", "फिर सुबह होगी", "सुजाता", "कागज के फूल", जैसी फिल्मों के नाम गिनाये जा सकते हैं। इस समय तीन फिल्मकार सिने संसार में प्रवेश करते हैं- राजकपूर, महबूब खान और गुरुदत्त । इन्होंने आम आदमी के सपने को सिनेमा में प्रतिष्ठापित किया । मानव मन की सुकोमल भावनाओं पर गुरुदत्त की अच्छी पकड़ थी । इसी दौर में राजकपूर, दिलीप कुमार और देव आनन्द की तिकड़ी अपने-अपने अंदाज के सिनेमा के साथ फिल्म जगत् में उपस्थित हुई । राजकपूर की फिल्मों की सबसे बड़ी खूबी यह थी कि उनमें दार्शनिकता का पुट होते हुए भी व्यावसायिक स्तर पर भी वे मजबूत धरातल पर खडी़ नजऱ आती थीं फिर चाहे वह बूट पालिश हो या मेरा नाम जोकर । संगम की अपार सफलता से उत्साहित होकर राजकपूर ने छह वर्ष के परिश्रम के बाद "मेरा नाम जोकर" का निर्माण किया था । चार घंटे लंबी यह फिल्म राजकपूर का एक ऐसा सपना था, जिसमें जीवन की फंतासी के साथ-साथ विद्रूपताएं और सच्चाई झलकती है । राजकपूर कहा करते थे - "यह फिल्म नहीं, मेरी अपनी कहानी है- जोकर मेरा सपना है, जिसे मैंने अपने लिए रचा है ।

इन फिल्मकारों की फिल्मों के अलावा १९५५ में पाथेर पांचाली के साथ सत्यजित राय यथार्थवादी सिनेमा के साथ आए । उन्होंने साधारण जीवन को पूरी मार्मिकता के साथ प्रदर्शित किया । १९५७ में बी.आर. चोपड़ा की नया दौर और महबूब खान की "मदर इंडिया" ने दर्शकों में हलचल मचा दी । "मदर इंडिया" में महबूब ने एक ऐसी औरत की संघर्ष गाथा को पर्दे पर प्रस्तुत किया, जो अपनी और अपने बच्चों की स्वतंत्र अस्मिता को बनाए रखने के लिए दुनिया से लोहा लेती है । इस भूमिका को नर्गिस ने साकार किया और इस अभिनय के लिए उन्हें कार्लोवी वारी के फिल्म फेस्टिवल में सर्वोत्तम अभिनेत्री का पुरस्कार मिला था । इस प्रकार पाँचवें दशक की फिल्मों में कथानक की विविधता पाई जाती है ।

### २) १९६०-१९६९ तक की फिल्में -

साठ की दशक की फिल्में नई चमक-धमक के साथ प्रस्तुत हुईं । दर्शकों की तरह फिल्मकारों की रुचियाँ भी बदल रही थीं। तकनीक के मामले में भारतीय सिने उद्योग हालिवुड से टक्कर ले रहा था । तकनीक की प्रगति के बावजूद फिल्में

विविध कथानकों के फार्मूलो में उलझती जा रही थीं । भव्य फिल्मों की सूची में "मुगल-ए-आजम़" का नम्बर सबसे पहले आता है । इस फिल्म में सलीम और अनारकली की काल्पनिक प्रेम कहानी को इस अंदाज में फिल्माया गया कि इस दास्तान को लोग ऐतिहासिक घटनाक्रम समझने की भूल कर बैठे । चालीस साल बाद कंप्यूटर तकनीक के सहारे इस पूरी फिल्म को रंगीन फार्मेट में बदल दिया गया जिसने भरपूर लोकप्रियता अर्जित की । १९६१ में इसे सर्वश्रेष्ठ फिल्म का फिल्मफेअर अवार्ड मिला । फिर हृषिकेश मुखर्जी सरल कथानकों के साथ दिलचस्प अंदाज में ऐसी फिल्में बनाते हैं कि दर्शक सिनेमाघर में आँसू पोंछते देखे जाते थे । इनमें "सत्यकाम", "अनुपमा", "आशीर्वाद", "गुड्डी", "आनंद" आदि यादगार फिल्मे हैं । "सत्यकाम" में स्वतंत्रता के पश्चात समाज में पनपते भ्रष्टाचार का मार्मिक चित्रण हुआ है । यह एक नौजवान की कहानी है, जिसने देश के नौजवानों के भीतर सुलगते आक्रोश को मुखरित किया । इस फिल्म को धर्मेंद्र के विलक्षण, अभिनय के लिए याद किया जाता है ।

"आनन्द" में मौन, एकांत, बेबसी का मार्मिक अभिनय अमिताभ बच्चन ने किया ।

इसी दौर में डाकुओं के जीवन पर आधारित दो फिल्में बनीं दिलीप कुमार की "गंगा-जमुना" और राजकपूर की "जिस देश में गंगा बहती है" । यह फिल्में समस्यामूलक और समाज सुधार के लिए प्रेरित करती हैं। एक तरफ सामंतशाही पर आधारित साहिब बीबी और गुलाम थी तो दूसरी ओर हास्य रोमांच केन्द्रित बीस साल बाद में नए प्रयोग किए गए । कथानकों के साथ नए प्रयोगों की श्रृंखला में "हकीकत", "यादें", "गाइड और तीसरी कसम" आदि फिल्में बनाई गई । नए फिल्मकार जैसे बासु भट्टाचार्य, चेतन आनंद और सुनील दत्त सामने आए । रेणु की रचना पर बनी तीसरी कसम, चेतन आनन्द की "हकीकत", सुनील दत्त की "यादें" ये फिल्में यादगार बनीं । मनोरंजक फिल्मों का यह कारवां यू ही आगे बढ़ता गया । नायक-नायिका, खलनायक का त्रिकोण और उनके बीच रूमानी निजाज के गीत चलते रहे । इस एकरसता को मृणाल सेन की भुवन शोम फिल्म ने तोड़ा। पहली बार उन्होंने दर्शकों को "यथार्थवाद जीवन का सच नहीं है" के भाव से चेताया और बताया कि जीवन इससे आगे है । यहीं से विचारवान सिनेमा का जन्म हुआ । इस अलख को जगाने वाले कलाकार थे नसीरुद्दीन शाह, स्मिता पाटील, शबाना आजम़ी, ओम्पुरी आदि जिन्होंने हिन्दी फिल्मों को नई पहचान दी ।

### ३) १९७०-१९७९ तक की फिल्में -

साठ के दशक में विचारवान सिनेमा की जो लहर चली, जो सत्तर के दशक में कमर्शियल बन गई । "मंथन", "मृगया", "भूमिका", "गमन", "दस्तक", "दुविधा" और "अंकुर" जैसी फिल्मों ने कला फिल्मों के रूप में फिल्मों के आंदोलन को बढाय़ा । इस समय हिंसा प्रधान फिल्मे सामने आयीं । इसी दौर में शोले, जंजीर जैसी फिल्में भी आईं जिसे दर्शकों ने पसन्द भी किया । निर्माता जी.पी. सिप्पी और निर्देशक रमेश सिप्पी की "शोले" ने बाक्स ऑफीस पर कामयाबी का एक नया इतिहास रच डाला । "शोले" में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार, हेमा मालिनी और जया भादुरी जैसे कलाकार थे, पर सवार्धिक तारीफ़ मिली अमजद खान को । अमिताभ बच्चन के कैरियर में "शोले" का अहम स्थान है। जंजीर ने उन्हें एंग्री यंगमैन के रूप में स्थापित किया था । इसके बाद "दीवार", "डान", "त्रिशूल", "गंगा की सौगंध", "काला पत्थर", "मुकद्दर का सिकंदर", "कालिया" जैसी फिल्मों में अमिताभ की छवि को और विस्तार मिला । इस प्रकार इस दशक में सिनेमापर व्यावहारिक नजऱिया हावी होती जा रहा था । इस दौर में एक तरफ "आनंद", "कटी पतंग", "खिलौना", "हीर-रांझा", "मेरा नाम जोकर", "पूरब और पश्चिम", "गुड्डी", "तेरे मेरे सपने", "बावर्ची", "आंधी" जैसी फिल्में दर्शकों को विविधतापूर्ण कथानक पेश कर रही थीं तो दूसरी तरफ "अमर अक्बर अंथनी", "मुकद्दर का सिकंदर", "देस परदेस", "मैं तुलसी तेरे आंगन की", "यादों की बारात", "रोटी कपडा और मकान",

"हाथी मेरे साथी", "जानी मेरा नाम" जैसी फिल्मों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया । राजकपूर के पुत्र ऋषि कपूर की "बाबी" ने काफ़ी धूम मचाई ।

### ४) १९८०-१९८९ तक की फिल्में

इस दशक तक लोगों के मनोरंजन का एकमात्र साधन सिनेमा था लेकिन अस्सी के दशक की शुरुआत में टेलिविजन और वीडियो के प्रभाव से फिल्म जगत को चुनौती का सामना करना पड़ा। यह चुनौती उसमें मिली थी जिसे पहले "इडियट बाक्स" कहा जाता था । दर्शक भी टेलिविजन से काफ़ी प्रभावित होने लगे थे परिणामस्वरूप इस दौर में कई सिनेमाधरों में ताले भी पड़ गए थे । ऐसे संधिकाल में राजकपूर की "राम तेरी गंगा मैली" ने एक बार फिर सिनेमाघर की जगमग को लौटा दिया । कुछ प्रयोगात्मक फिल्मों का निर्माण इस समय हुआ जैसे १९८० में एम.एस. सथ्यू की गर्म हवा, सूखा और १९८१ में सई परांजपे का स्पर्श जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया । फिर चश्मे बद्दूर, कथा जैसे फिल्में बनीं जिसमें पुरानी कहानी को नए संदर्भों के साथ प्रस्तुत किया गया । सईद मिर्जा का अल्बर्ट पिंटो को गुस्सा क्यों आता है, मोहन जोशी हाजिर हो, सलीम लंगडे पर मत रो आदि फिल्में आईं, जिसमें इसाईयों की समस्याएँ, मुस्लिम समाज की विभिन्न स्थितियों को सामने रखा गया । मुजफ्फर अली की "गमन", कुंदन शाह की "जाने भी दो यारों", पंकज पराशर की "अब आएगा मजा", महेश भट्ट का "अर्थ" इसी दौर की फिल्में है ।

महेश भट्ट ने शबाना आजमी, स्मिता पाटील, कुलभूषण खरबंदा, रोहिणी हट्टंगडी जैसे मंझे हुए कलाकारों के साथ "मंजिले और भी है", "लहू के दो रंग", "विश्वासघात" जैसे फिल्में बनायी । इस दौर की और एक अनुपम फिल्म है। "गांधी", जिसे राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से रिचर्ड एटनबरो ने बनाया था । वर्ष १९८९ में भारतीय सिनेमा ने ७५ साल का सफर पूरा किया । इस अवसर को यादगार बनाने के लिए चेन्नई में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया और एक विशेष डाक टिकट जारी किया गया ।

गुरुदत्त के चचेरे भाई श्याम बेनेगल, गोविन्द निहलनी, केतन मेहता जैसे फिल्मकार भी इस दौर में आए । इन्होंने विचारप्रधान फिल्में बनायीं। "अंकुर", "निशांत", "मंथन", "जुनून", "अर्धसत्य", "पार्टी, "आघात" आदि । हिन्दी सिनेमा के इतिहास में यह सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्मों का वह दौर जिसने इसके इतिहास को एक पराकाष्ठा तक पहुँचाया।

### ५) १९९०-१९९९ तक की फिल्में

फिल्म इण्डस्ट्री में हर साल बाद नए शब्द, नए प्रयोग, नए कथानक, नई पीढ़ी के कलाकारों का प्रवेश सहज ही हो जाता है । पुराने का स्थान नया ग्रहण कर लेता है । इस समय मानव भौतिक सुखों को अधिक महत्व देने लगा । हाल के दौर में औद्योगीकरण की वैश्विक गति ने शहरी लोगों के जीवन में व्यापक परिवर्तन ला दिया है । शहरीकरण ने संयुक्त परिवार को तोड़ने की प्रक्रिया भी तेज की है । भारतीय समाज की प्राथमिक इकाई परिवार अब व्यक्ति तक सीमित हो गया है और सिनेमा इन बदलावों को दर्शाने का काम खूब कर रहा है । फिल्म अभिनेत्रियों का गंभीर और अलग किस्म की भूमिकाओं की ओर झुकाव हाल के वर्षों में तब्बू के साथ शुरू हुआ । नब्बे के दशक में प्रख्यात निर्देशक गुलजार की फिल्म "माचिस" में संवेदनशील भूमिका के साथ आई तब्बू ने गंभीर और अलग किस्म के रोल अदा किए । तब्बू की "माचिस" से शुरु हुआ यह नंदिता दास की "अक्स", "हजार चौरासी की माँ", "बवंडर और लाल सलाम", करिश्मा कपूर की "जुबैदा और फ़िजा", प्रीति जिंटा की "क्या कहना", रवीना टंडन की "शूल" और "दमन" तथा मनीषा कोइराला की "लज्जा के जरिए" परवान चढता रहा । "दमन" के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली रवीना टंडन ने मधुर भंडारकर की फिल्म "सत्ता" में एक महिला राजनीतिज्ञ की भूमिका निभाकर एक अलग पहचान बनायी ।

### ६) २०००-२००९ तक की फिल्में

अब भारतीय सिनेमा जगत में एक नई लहर लहराने लगी और वह थी न्यू वेव सिनेमा या पैरलेल सिनेमा । हिन्दी में इस सिनेमा को समानांतर सिनेमा या कला सिनेमा के नाम से पुकारा गया । दुनिया भर में आज ग्लोबलाइजेशन का शोर है और इस माहौल में क्रोसओवर सिनेमा का अविर्भाव हुआ । वह सिनेमा जो देश और समाज की सरहद को पार करते हुए दूसरे देशों में भी पसंद किया जाए, उसे "क्रोसओवर सिनेमा" कहा जाता है । यह परिभाषा किसी भी देश के सिनेमा पर लागू हो सकती है और इन अर्थों में हालिवुड की लगभग हर फिल्म को क्रोसओवर सिनेमा का अच्छा उदाहरण मान सकते हैं । क्योंकि हालिवुड की अधिकतर फिल्में सरहद पार निकल दुनिया भर के सिने प्रेमियों का दिल जीत चुकी हैं ।

इस प्रकार की सिनेमा में "मानसून वेडिंग", "बैंड इट लाइक बेकहम", "ईस्ट इज ईस्ट", "प्रोवोक्ड" आदि । इसी क्रम में वर्ष २००० में आइफ़ा पुरस्कार शुरू किये गए । तब से आइफ़ा पुरस्कार दुनियाभर के देशों में आयोजित किया जाता है । इनके अलावा कुछ लोकप्रिय फिल्में भी बनीं जैसे २००६ में लगे रहो मुन्नाभाई, यशराज फिल्म्स की "ब्लैक", "मंगल पाण्डे", "काल", "बंटी और बबली", बोनी कपूर की "बेवफा और एण्ट्री", रवि चौपडा़ की "बाबुल", संजय लीला बंसाली की 9देवदास", आशुतोष गोवारीकर की "लगान", २००३ में "कोई मिल गया", २००६ में "रंग दे बसंती" आदि । इन सारी फिल्मों ने विविध कथानकों के साथ दर्शकों को लुभाया, उनका मनोरंजन किया । अब सिनेमा में नई तकनीक का भी समावेश किया गया और उसमें डिजिटल सिनेमा ने पांव जमा लिए - इससे हिन्दी फिल्मों की तस्वीर ही बदल गई, इसने भारतीय दर्शकों को चमत्कृत कर दिया ।

इस प्रकार फिल्में समय का प्रतिबिंब होती हैं । जब लोगों की सोच बदलती है तो समाज की गरिविधियों के अनुरूप फिल्में भी बदलने लगती हैं । फिल्में बनाना, पेंटिग बनाना नहीं हैं । इसमें बहुत-सा पैसा चाहिए, जिसका नफ़ा-नुकसान देखना जरूरी हैं । सिनेमा का सामाजिक सरोकार यह है कि इसके कथानक जीवन से जुड़े होते हैं इसलिए इसका सीधा एवं प्रत्यक्ष संबंध उस समाज से होता है । वही सिनेमा के प्रतिमान निधार्रित करता है क्योंकि सिनेमा अपने "दर्शकों" के बिना निरर्थक एवं अधूरा है । वैसे फिल्म बनाने वाला समाज सुधारक नहीं होता, वह मुख्य रूप से मनोरंजन के लिए फिल्म बनाता है । चूंकि फिल्में समाज को बड़ी तीव्रता से प्रभावित करती हैं इसलिए फिल्म बनाने वाले की यह जिम्मेदारी है कि वह ऐसी फिल्मों का निर्माण करें जो मनोरंजन के साथ समाज सुधार भी करे । जिस प्रकार हमारी संस्कृति में जातक कथाएँ पंचतंत्र की कहानियों की परंपरा है उसी दिशा में सिनेमा भी समाज के लिए दीप स्तंभ बन सकती हैं जिससे समाज सभी सामाजिक कुरीतियों से आजाद हो सके । इसलिए फिल्मकारों को अपने दर्शकों की नब्ज पकड़नी चाहिए ।

### नैतिक प्रभाव

लोकप्रिय फिल्मों ने न सिर्फ लोगों के आचार व्यवहार को प्रभावित किया है बल्कि दूसरे माध्यमों की शैली की अपेक्षा सिनेमा का असर गहरा है । शहरों में ही नहीं गाँव-कस्बों में भी संगीत के कार्यक्रमों में फिल्मी धुन उस पर आधारित भजन-कीर्तन भी तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं । पुरानी फिल्मों में "जयसंतोषी माँ" का उदाहरण है जिसने उस समय के करीब-करीब सभी दर्शकों को प्रभावित किया और सारा समाज भक्ति की लहर में डूब गया । लोग भक्ति की प्रतिष्ठा और विशिष्टता को समझने लगे । यदि वर्तमान फिल्मों में देखे तो "मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस." जिसमें नायक के द्वारा दी गई जादू की झप्पी का देशभर में व्यापक असर हुआ और इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए राजधानी दिल्ली के शिक्षा बोर्ड ने तो इसे स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने का फैसला किया । फिल्मों ने सामाजिक सोच, उनके विचारों को प्रभावित किया है । हाल के फिल्मों में लोकप्रिय भारतीय सिनेमा में चरित्रांकन में आए सूक्ष्म परिवर्तन को देखा जा सकता है । अब नायक और खलनायक के बीच अच्छे बुरे का भेद इतना सहज नहीं रहा । खलनायक अब केवल बुरे नहीं होते ।

उनमें अच्छाई और बुराई का संतुलन मिलन है जैसे 9मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस." में गैंगस्टर तथा खोसला का घोसला में खुराना का किरदार । ऐसे किरदारों को दर्शकों की सहानुभूति भी मिली ।

## अनैतिक प्रभाव

जहाँ सिनेमा ने समाज पर सकारात्मक और नैतिक प्रभाव डाला है तो वहीं नकारात्मक और अनैतिक प्रभाव भी डाला है। इस बात का आक्षेप आज की हिन्दी सिनेमा पर डाला जाता है, जो सही है । लेखक-विचारक जवरीमल्ल पारख का मानना है "एक जमाना था जब औरत का पर्दे से बाहर निकलना, किसी पुरुष से बोल लेना या छू लेना एक अनैतिक कृत्य माना जाता था । पर अब तो इस तरह के विचार तक को लोग मजाक मानने लगे हैं । सिनेमा के शुरुआती दौर में स्त्री पुरुष का चुंबन दिखाना वर्जित नहीं था । फिर इसके भारतीय परंपरा और नैतिकता के प्रतिकूल होने के कारण इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया । आठवें दशक में यह प्रतिबंध रद्द कर दिया गया और आज तो इस तरह के दृश्यों पर कोई एतराज नहीं करता । जब समाज ने नैतिकता के पुराने प्रतिमानों को तिलांजलि दे दी है, तो सिनेमा से क्यों ऐसी अपेक्षा की जाती है । जाहिर है कि साहित्य की तरह सिनेमा भी अपनी प्राणशक्ति समाज से ही लेता है । इसलिए इसमें जहाँ भाग्यवाद सामंती आदर्शवाद, प्रतिशोध पर आधारित क्रूरता भोगवाद और विलासिता का समावेश रहता है वहीं धार्मिक सदभाव, इंसानी भाईचारा, अहिंसा, हृदय परिवर्तन, वंचितों और उत्पीड़ितों के प्रति सहानुभूति जैसे उदात्त सामाजिक मूल्य भी समाहित रहते हैं । लोकप्रियता और टिकट खिडकी पर सफलता हासिल करने के लिए सिनेमा अनेक समझौते भी करता है, पर फिर भी वह उन तत्वों को समाविष्ट करने के लिए तत्पर रहता है, जिनके सहारे उच्च जीवन-मूल्यों की रचना की जा सके।

कई लोकप्रिय सिनेमाओं ने सामाजिक बदलाव में उत्प्रेरक की भूमिका निभायी है । जैसे "मदर इंडिया", "दो बीधा जमीन", सत्तर के दशक की "मंथन" या फिर वर्तमान दौर के सामाजिक हालात को दर्शकों के सामने पेश किया है ।

हाल के दौर में इस तरह की सामाजिक प्रतिबद्धता और आम लोगों के जीवन संघर्ष को चित्रित करने की ललक हमें निर्माता आमिर खान और निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की फिल्म "लगान" में भी नजर आती है । एक अभिनेता के तौर पर फ्लाप साबित हो चुके आशुतोष गोवारिकार ने "लगान" के रूप में एक ऐसी फिल्म का निर्माण किया, जो अपने समग्र रूप में किसी भी हिन्दी फिल्म से सर्वथा अलग ठहरती है ।

भारतीय सिनेमा ने हाल के दौर में दुनिया भर में जो पहचान बनाई है, उसे निश्चय ही युगांतकारी परिवर्तन के रूप में याद रखा जाएगा । देश की सरहदे पार करते हुए बालीवुड की फिल्मों ने यूरोपीय देशों में भी अपनी कामयाबी का परचम फहराया है । आज हिंदुस्तानी फिल्म बाजार हर साल कई भाषाओं में एक हजार से ज्यादा फिल्में प्रोड्यूस कर रहा है । इस लिहाज से इसे दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म इंडस्ट्री का दर्जा हालिस है । भारतीय फिल्में देश की सरहदें लांघ विश्व बाजार में पहुँच रही हैं ।

---

असोसियेट प्रोफेसर, विश्वविद्यालय कालेज, मंगलूर - ५७५ ००१
Email : hindratna@gmail.com Mobile : 9945959416

# सिनेमा में खाप पंचायतों का स्वरूप

- डॉ जसमेर सिंह

लंदन प्रवास के दौरान दादा साहब फालके ने ईसा मसीह के जीवन पर आधारित एक चलचित्र देखा। उस फिल्म को देख कर दादा साहेब फालके के मन में पौराणिक कथाओं पर आधारित चलचित्रों के निर्माण करने की प्रबल इच्छा जागृत हुई। भारत आकर उन्होंने पहली फिल्म "राजा हरिश्चंद्र" का निर्माण कर ३ मई १९१३ को थिएटर्स में रिलीज किया। यह एक मूक फिल्म थी, जिसमें कोई डायलॉग नहीं था। यह फिल्म भारत के महान राजा हरिश्चंद्र के जीवन पर आधारित थी। मुंबई के मैजिस्टिक टॉकीज में यह पहली मूक फिल्म "राजा हरिश्चंद्र" रिलीज हुई, तो अंग्रेज सरकार को लॉ एंड ऑर्डर को कायम रखने में बहुत परेशानी हुई। फिल्म की रिलीज से दो दिन पहले ही इस टॉकीज के बाहर सैकड़ों लोगों ने टिकट काउंटरों के बाहर डेरा डाल लिया था। लोगों में यह जूनून फिल्म रिलीज के बाद भी काफी समय तक दिखाई दिया था। उस समय नायिकाओं का किरदार भी पुरुष ही निभाते थे। महिलाएं फिल्म निर्माण से बहुत दूर थीं।

मूक फिल्मों का दौर खत्म हुआ और वर्ष १९३१ में निर्देशक अर्देशीर इरानी की पहली भारतीय बोलती फिल्म "आलम आरा" रिलीज हुई। फिल्मों में डायलॉग्स के बाद इन्हें रंगीन करने की कवायद शुरू हुई। "किशन कन्हैया" भारतीय सिनेमा की पहली रंगीन फिल्म थी। पहली बार पर्दे पर रंगीन फिल्म को देखकर दर्शकों को फिल्म देखने का एक अलग ही सुखद अहसास हुआ था। इसके बाद तो फिल्म प्रोडक्शन में लगातार सुधार होता रहा और आज हम ३डी फिल्मों के दौर में पहुंच गए हैं। आज भी फिल्मों की तकनीक में लगातार सुधार हो रहा है। अपने उदगम से लेकर आज तक भारतीय सिनेमा में इतने ज्यादा बदलाव आए हैं। भारतीय सिनेमा हमेशा समाज में चेतना को जाग्रत करने का कार्य करता आ रहा है। किसी भी समाज को सही राह दिखाने के लिए सबसे सशक्त माध्यम सिनेमा है, क्योंकि सिनेमा दृश्य और श्रव्य दोनों का मिला जुला रूप है और ये सीधे मनुष्य के दिल पर प्रभाव डालता है। इसलिए अनेक सामाजिक विषयों पर फिल्मों का निर्माण हो रहा है। नारी की समस्याओं, भ्रष्टाचार, राजनीति सहित कई विषयों पर फिल्में बन चुकी हैं और बन रही हैं। सामाजिक परम्पराओं और मूल्यों को लेकर और पहले की न्याय प्रणाली पर भी कई फिल्मों का निर्माण हुआ है।

## पहली सामाजिक विषय की फिल्म :

मराठी फिल्म निर्माता बाबूराव पेंटर ने पहली सामाजिक विषय की फिल्म का निर्माण किया था। "सवकारी पाश" नाम की इस फिल्म की कहानी एक गरीब किसान और धूर्त जमींदार पर आधारित थी। फिल्म में एक लालची जमींदार एक किसान को उसकी जमीन से बेदखल कर देता है। इस किसान का परिवार शहर पहुंचकर मजदूरी करने लगता है। इस फिल्म में गरीब किसान का किरदार वी. शांताराम ने स्वयं निभाया था।

## खाप पंचायतें :

खाप या सर्वखाप एक सामाजिक प्रशासन की पद्धति है जो भारत के उत्तर पश्चिमी प्रदेशों राजस्थान, हरियाणा, पंजाब एवं उत्तर प्रदेश में अति प्राचीन काल से प्रचलित है।

समाज में सामाजिक व्यवस्थाओं को बनाये रखने के लिए मनमर्जी से काम करने वालों अथवा असामाजिक कार्य करने वालों को नियंत्रित किये जाने की आवश्यकता होती है, यदि ऐसा न किया जाए तो स्थापित मान्यताएं, विश्वास, परम्पराएं और मर्यादाएं खत्म हो जाएंगी और जंगल राज स्थापित हो जाएगा। समाज पर नियंत्रण करने के लिए यह व्यवस्था की गई थी। इस व्यवस्था में परिवार के मुखिया को सर्वोच्च न्यायाधीश के रूप में स्वीकार किया गया है। जब कोई समस्या

जन्म लेती है तो सर्व प्रथम सम्बंधित परिवार ही सुलझाने का प्रयास करता है। यदि परिवार के मुखिया का फैसला नहीं माना जाता है तो इस समस्या को समुदाय और ग्राम समाज की पंचायत के सामने लाया जाता है। दोषी व्यक्ति द्वारा पंचायत का फैसला नहीं माने जाने पर ग्राम पंचायत उसका हुक्का-पानी बंद करने, गांव व समाज निकाला करने, लेन-देन पर रोक आदि का निर्णय सुनाती है। पंच को परमेश्वर की तरह माना जाता है और उसका फैसला सभी द्वारा मान्य होता है। खाप पंचायत बेहद पुरानी परंपरा है और सैकड़ों वर्षों से इसका पालन होता आ रहा है। कई मौकों पर इन खाप पंचायतों ने अदालतों के कार्य को आसान किया है। यदि कोई मुद्दा अदालत के बाहर सुलझ जाता है, तो यह अच्छी बात है। लेकिन अपने कुछ फरमानों के कारण खाप पंचायतें पूरे देश में चर्चित हो रही हैं।

## फिल्मों में खाप-पंचायतें :

भारतीय फिल्मों में अब तक खाप पंचायतों को अलग-अलग ढंग से दिखाया गया है। ज्यादातर फिल्मों में इसे नकारात्मक रूप में दिखाया गया है। चार वर्ष पहले अजय सिन्हा निदेर्शित फिल्म "खाप-ए स्टोरी ऑफ ऑनर किलिंग" देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी। उस समय हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित कई जगह इस फिल्म का विरोध हुआ था। इस फिल्म में अभिनेता ओमपुरी को खाप का मुखिया दिखाया गया जिसके एक इशारे पर गांव के लोग परंपरा व इज्जत के नाम पर हत्या तक कर देते हैं। सभी खाप पंचायतें इस फिल्म के रिलीज के खिलाफ आई थीं। उनका कहना था कि खापों की कार्यप्रणाली को इस फिल्म में गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया है। कई भारतीय फिल्मों में गांव के मुखिया के रूप में किसी ठाकुर, जमींदार या अन्य को दिखाया जाता है, जो गलत फैसले लेता है। इससे इन खाप पंचायतों की छवि नकारात्मक बनती है। देश की सभी भाषाओं की फिल्मों में खाप-पंचायतों को किसी न किसी रूप में प्रस्तुत कर दिया जाता है, लेकिन ज्यादात्तर फिल्मों में उसका स्वरूप नकारात्मक ही होता है। सिर्फ कुछ फिल्में हैं जिनमें मुखिया को सकारात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है। हिन्दी फिल्म "बुलंदी" में अभिनेता रजनीकांत व अनिल कपूर को गांव के मुखिया रूप में प्रस्तुत कर उनके सकारात्मक पहलू को दर्शाया गया है। अमिताभ बच्चन को फिल्म "सूर्यवंशम" में चलती-फिरती अदालत दिखाया गया है। जिसमें उनका सामाजिक रूतबा बहुत ही मजबूत दिखया गया है।

## निष्कर्ष :

फिल्मों में खाप-पंचायतों की छवि को ज्यादातर नकारात्मक रूप में ही प्रस्तुत किया गया है। खापें सामाजिक हितों को लेकर भी कुछ बेहतर फैसले भी लेती हैं, लेकिन उन सकारात्मक फैसलों को सिनेमा में बहुत कम प्रस्तुतीकरण किया जाता है। खापों की कानूनन कोई मान्यता नहीं है। लेकिन प्राचीन काल से ये खापें अपने गांव में हो रहे विवादों व अन्य मामलों पर फैसले लेती रही हैं। गांव के सभी लोगों द्वारा इन फैसलों को मान्य किया जाता है। अब खापों के कुछ फैसलों के कारण उनकी छवि नकारात्मक हो गई है। उत्तर भारत के प्रदेशों में हुए ऑनर कीलिंग के मामलों में पूरी तरह दोषी ठहराया जा रहा है। हर कोई उनके फैसलों पर अंगुली उठा रहा है। भारतीय फिल्मों में इन खापों को एक विलेन के रूप में ज्यादा दिखाया जा रहा है। उनके सकारात्मक कार्यों को कोई महत्व नहीं दिया जा रहा है।

## सुझाव :

जींद जिले के बीबीपुर गांव में हुई महापंचायत में कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ लिए सकारात्मक फैसलों को मीडिया ने बड़े जोर से प्रचारित कर उनका हौसला बढ़ाया । समाचार पत्रों व पत्रिकाओं, न्यूज चैनलों पर इस महापंचायत को ऐसी सकारात्मक पहल खूब सराहना मिली। सिनेमा को भी ऐसी पंचायतों के कार्यों को बेहतर ढंग से प्रस्तुत कर हौसला बढ़ाना चाहिए।

खापों के अच्छे निर्णयों को सिनेमा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि सभी खापों को अपने सकारात्मक कार्यों से प्रोत्साहन मिले। खाप पंचायतों को सिर्फ तुगलकी फरमान जारी करने वाला न माना जाए। उन्हें समाज में सकारात्मक कार्यों के लिए प्रोत्साहित भी किया जाए।

## References :

1- http://hi.wikipedia.org/wiki

2- http://aajtak.intoday.in/

3- http://centenaryofindiancinema.jagranjunction.com/2012/07/08/

4- दैनिक ट्रिब्यून, चंडीगढ़

5- हस्तक्षेप, राष्ट्रीय सहारा, नई दिल्ली

---

Associate Professor & Head, Department of Journalism and Mass Communication, A.I.JAT H.M. College, Rohtak (Haryana)-124001, Mobile : 09416077781 E-Mail : jasmer.hb@gmail.com

# सिनेमा का बच्चों पर प्रभाव

- डॉ राजेश्वर

भारतीय सिनेमा १०० वर्ष का हो गया है। भारतीय सिनेमा के पितामह कहे जाने वाले दादा साहब फालके ने एक मूक फिल्म "राजा हरिश्चंद्र" का निर्माण कर ३ मई १९१३ को भारत में सिनेमा का शुभारंभ किया था। इसके बाद कई मूक फिल्में रिलीज हुई। उस समय नायिकाओं का किरदार भी पुरुष ही निभाते थे। उसके बाद वर्ष १९३१ में निर्देशक अर्देशीर इरानी की पहली बोलती फिल्म "आलम आरा" रिलीज हुई। इसके बाद रंगीन फिल्मों का दौर आरंभ हुआ। सिनेमा की दिन-प्रतिदिन प्रगति होती रही। महिलाओं की भी फिल्मों के निर्माण में नायिका, गायिका और दर्शक आदि के तौर पर भागीदारी बढ गई। समय के साथ फिल्म प्रोडक्शन में लगातार सुधार होता रहा और आज हम ३डी फिल्मों के दौर में पहुंच गए हैं। आज भी फिल्मों की तकनीक में लगातार सुधार हो रहा है। अपने उदगम से लेकर आज तक भारतीय सिनेमा में इतने ज्यादा बदलाव आए हैं। भारतीय सिनेमा हमेशा समाज में चेतना को जाग्रत करने का कार्य करता आ रहा है। किसी भी समाज को सही राह दिखाने के लिए सिनेमा सबसे सशक्त माध्यम है।

**बाल फिल्में :**

देश में बाल सिनेमा को अभी तक वह स्थान नहीं मिल सका है जो उसे मिलना चाहिए था। हालांकि बच्चों को लेकर बनी ज्यादातर फिल्में सराही गई हैं, लोकप्रिय हुई हैं और उन्होंने समाज के लिए कोई न कोई महत्वपूर्ण संदेश छोड़ा है। प्रसिद फिल्मकार राजकपूर से लेकर आमिर खान तक ने भी बच्चों को केन्द्र में रखकर फिल्में बनाई हैं। इन फिल्मों में बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ उनसे जुड़ी समस्याओं को भी उठाया गया है।

वर्ष १९८० में आई फिल्म मिस्टर इंडिया में ज्यादातर किरदार बच्चों के ही थे। नन्हें जैसलमेर, अपना आसमान, तारे जमीं पर, भूतनाथ, ब्लू अंब्रेला, बम बम बोले, मकड़ी, थैंक्स मां, सिंकदर जैसी फिल्मों ने बाल सिनेमा की अवधारणा को लगातार बदला है। इन सभी फिल्मों में मानवीय संबंधों, बच्चों के मनोविज्ञान और उनकी सोच को बड़ी ही खूबसूरती से फिल्माया गया है। भूतनाथ में बंकू और भूतनाथ के रिश्ते ने खोती जा रही संयुक्त परिवार की अवधारणा और भारतीय परिवारों के बिखर रहे मूल्यों के प्रति सचेत किया। आई एम कलाम एक गरीब राजस्थानी लड़के छोटू की कहानी है, कलाम का एक भाषण सुनने के बाद जिसका जीवन के प्रति नजरिया बदल जाता है। विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म फरारी की सवारी में पिता-पुत्र संबंध का मार्मिक चित्रण है। बच्चों को लेकर बनीं ये ज्यादातर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं। समाज पर इनका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**बाल चित्र समिति :**

बाल चित्र समिति ( चिल्ड्रन फिल्म सोसायटी इंडिया) भारत सरकार की एक नोडल संस्था है जो बच्चों के लिए उनके मनोरंजन के अधिकार को न्यायपूर्ण मानते हुए फिल्म और टेलीविजन के माध्यम से सम्पूर्ण मनोरंजन प्रस्तुत करता है और साथ ही उनके मनोरंजन के अधिकार को न्याय देना तथा इसके उद्देश्य तथा क्षितिज का विस्तार करता है। इस संस्था ने एक स्वायत्त निकाय के रूप १९५५ में कार्य शुरू किया। सी. एफ. एस. आई. का पहला निर्माण जलदीप ने १९५७ वेनिस फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ बच्चों की फिल्म के लिए प्रथम पुरस्कार जीता। उस समय से यह बाल चित्र समिति फीचर फिल्मों, शॉर्ट्स, एनिमेशन से टीवी एपिसोड और वृत्तचित्रों द्वारा बच्चों के लिए निर्माण, प्रदर्शन और गुणवत्ता सामग्री वितरित करने का कार्य देख रही है। लेकिन यह बाल फिल्मों के विकास को लेकर ज्यादा कार्य नहीं कर पा रही है।

**हिंसा व अश्लीलता :**

पिछले कुछ वर्षों में हिंदी सिनेमा में काफी कुछ बदला है। फिल्मों में हिंसा व अश्लीलता को बढावा मिल रहा है। गैंग्स ऑफ वासेपुर और डेल्ही बैली जैसी फिल्मों में असलियत को दिखाने का दावा करते हुए जिस तरह गालियों और गोलियों का दिल खोल कर प्रदर्शन किया गया है वह कहां तक सही है? फिल्मों का हमारे समाज पर काफी प्रभाव पड़ता है। वह अच्छा व बुरा दोनों में कोई हो सकता है। ऐसी फिल्मों में दिखाई गई हिंसा बच्चों के मन मष्तिक पर बहुत गहरा प्रभाव डालती हैं। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि गैंग्स ऑफ वासेपुर में झारखंड के वासेपुर की सच्चाई दिखाई गई है, लेकिन उस छोटे से हिस्से की असलियत जब बड़े परदे पर पूरा समाज देखेगा, उससे नकारात्मकता की प्रबलता ज्यादा बढ़ेगी । बच्चे यह सोचकर गालियां देंगे कि यह तो असल में भी होता है और अगर हम भी ऐसा करेंगे तो कोई गलती नहीं है। आजकल की फिल्मों में हिंसा और क्रूरता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

वर्तमान फिल्मों में अश्लीलता का बोलबाला है। अश्लील दृश्यों व गानों को परोसा जा रहा है। उदाहरण के तौर पर ओए-ओए, "सैक्सी-सैक्सी मुझे लोग बोलें,मेरी पैन्ट भी सैक्सी, आती क्या खण्डाला जैसे गानों को देख सकते हैं। इस सैक्सी शब्द को फिल्मों ने सभी के बीच आम कर दिया। एक महिला से उसके ६ वर्षीय पुत्र ने पूछा कि मम्मी ये सैक्सी क्या होता है। माँ को समझ में नहीं आया कि वह क्या कहे। फिर उसने कुछ सोचकर जवाब दिया कि ऐसा आकर्षक और सुन्दर लगने को बोला जाता है। यह बात बच्चे के मन में बैठ गई और किसी समारोह के दौरान उसने अपनी सजी-संवरी माँ को सैक्सी कह दिया। आधुनिकता का यह नग्न स्वरूप भारतीय संस्कृति के खिलाफ है। फिल्मों में ऐसा पहनावा दिखाया जा रहा है कि बच्चे अपने पारम्परिक पहनावे को भी भुलते जा रहे हैं। फिल्मों में भाई बहन के बीच ऐसे संवाद ठूंसे जा रहे हैं कि वे भारतीय नैतिकता पर प्रश्न उठाते हैं। अब स्थिति यह है कि पूरा परिवार मिलकर किसी फिल्म को देख सके। क्योंकि अश्लीलता और फूहड़ भाषा का जमकर प्रयोग किया जा रहा है।

**जागरूकता :**

फिल्में बच्चों के लिए अभिभावक की तरह होती हैं, इसके माध्यम से बच्चों को शिक्षित किया जा सकता है। अगर बच्चे शिक्षित होंगे तो समाज भी शिक्षित होगा।

छोटे-छोटे बच्चे टीवी पर "छोटा भीम" देखने के लिए उतावले रहते हैं। छोटा भीम देखने के बाद जब जब बच्चों से पूछा गया कि वे इस फिल्म से क्या सीखे? बच्चों ने कहा कि हमें भी छोटा भीम की तरह लोगों की मुसीबतों में मदद करनी चाहिए। कई बच्चे सिनेमाओं में चमचमाती दिल्ली, मुम्बई को देख कर पूर्णिया के उसी स्वरूप की कल्पना में खो जाते हैं। हमारा समाज अब तक डिसलैक्सिया और प्रिजेरिया जैसी बीमारियों से अनजान था लेकिन तारे जमीं पर और पा जैसी फिल्मों के कारण हम उनसे परिचित हुए। इनके कारण ऐसे बच्चों के प्रति समाज का नजरिया बदला है। बच्चों में सिनेमा के जरिए जागरूकता बढ़ रही है और बच्चे अपने अधिकार को भी समझ रहे हैं।

**मनोरंजन भी जरूरी :**

हिंदी सिनेमा की विडंबना है कि जब बड़ों के लिए फिल्में बनती हैं तो उसका एकमात्र आधार केवल मनोरंजन होता है, लेकिन जब बच्चों की फिल्मों की बारी आती है तो इस मनोरंजन को ही सबसे पहले बाहर रखने की कोशिश की जाती है। दरअसल हमारे यहां बच्चे को देखते ही बड़ों के मन में ख्याल आता है कि उसे उपदेश दे डालो, भले ही उस पर कोई असर पड़े या नहीं। सत्येन बोस की बहुप्रशंसित फिल्म "जागृति", जिसे भारतीय बाल फिल्म के इतिहास में मील का

पत्थर माना जाता है, बाल दर्शकों को नैतिकता का उपदेश देती है। इसकी थीम ही है बच्चे पर पांडित्यपूर्ण शैली में आचरण की बाध्यताएं लागू करना।

बॉलीवुड के प्रतिष्ठित निर्देशकों ने भी जो फिल्में बनाई उनमें बच्चों को साथ लेकर चलने के बजाय मोटे-मोटे संदेश ठूंसे जाते रहे। यह आदर्शवाद कई फिल्मों में बहुत भारी पड़ता दिखवाई दिया। फिल्मकारों को समझना होगा कि बच्चों को उपदेश देने के लिए ही नहीं, उनके मनोरंजन के हिसाब से भी फिल्में बनाएं।

**निष्कर्ष :**

भारतीय फिल्मों में बच्चों की फिल्मों को उतना महत्त्व नहीं दिया जाता जितना उन्हें मिलना चाहिए और न ही उन्हें गंभीरता से ही लिया जाता है। जरूरत इस बात की है कि हम पश्चिम से कुछ सीखें। मुख्यधारा के सिनेमा में बाल सिनेमा को भी स्थान मिले तो निश्चत रूप से उससे सिर्फ सिनेमा उद्योग और बच्चों का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का काफी भला होगा। जिस तरह वयस्कों की इंटरनेट साइट से बच्चों को बचाने की कोशिशें आज हमारी प्राथमिकता में शामिल हो गई हैं, उसी तरह दिन ब दिन वयस्क और हिंसक होते जा रहे हिंदी सिनेमा के खतरों को भी हमें महसूस करना होगा। सभ्यता और संस्कृति को ध्यान में रखकर फिल्में बनाई जानी चाहिए। सच तो यह है कि हिंदी में मासूम की नहीं, ईरानी फिल्म चिल्ड्रेन ऑफ हैवन की जरूरत है जो बाल मन के अंदर प्रवेश का अवसर देती है। फिल्मों के माध्यम से हमें अपने विचार लादने के बजाय बच्चे को स्वतः अपनी राय कायम करने के लिए स्वतंत्र छोड़ देना चाहिए।

रस्म अदायगी या प्रयोग के नाम पर कुछ बाल फिल्मों का बनना काफी नहीं है। लगातार ऐसी फिल्में बनाने की जरूरत है, जो बच्चों को बड़ों के सिनेमा से दूर ले जा सकें। यदि हम भविष्य के लिए चिंतित हैं तो बच्चों के लिए चिंतित होना होगा। बाल सिनेमा को बढ़ावा देकर ऐसी फिल्में बनानी होंगी जिसमें कहानी बच्चों की हो, दुनिया उनकी हो, समस्याएं उनकी हो, जहां बच्चे लड़ते-भिड़ते, गलतियां करते आगे बढ़ना सीख रहे हों।

---

संपर्क सहायक प्राध्यापक, पत्रकारिता एवं जनसंचार, ए.आई. जाट कॉलेज, रोहतक, हरीयाणा
Email : dr.rajeshwar12@gmail.com Mobile : 09813419300

# सिनेमा और अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता

-लीना वैद्या

ईश्वर द्वारा प्रदान की गई प्रत्येक सुविधा के पीछे उत्तरदायित्व निहित है। ईश्वर ने मानव शरीर को दो कान तथा दो हाथ दिए हैं। अधिक सुनना और अधिक कार्य करना इसका एक कारण हो सकता है। मुख एक दिया है, ताकि व्यक्ति सोच-समझकर, कम बोले। व्यक्ति को यदि अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता है तो उसके सार्थक उपयोग का उत्तरदायित्व भी उतना ही अधिक है। इस स्वतन्त्रता का उपयोग सृजनात्मक कार्यों के लिए उपयुक्त है। किन्तु इसका प्रयोग विघटनकारी प्रवृत्तियों को प्रेरित करने के लिए किया जाता है। अभिव्यक्ति सही अर्थों में मनुष्य को पारदर्शिता के सृजन में सहयोग करती है।

किसी भी राष्ट्र व समाज की चेतना को प्रभावित करने के लिए शाब्दिक अभिव्यक्ति अनिवार्य है। आज के इस वैज्ञानिक युग में दृश्य-श्रव्य माध्यम किसी भी विषय-वस्तु को शीघ्र एवं प्रभावकारी ढंग से जन-मानस तक पहुंचाते हैं। सिनेमा इस श्रेणी में एक अद्भुत उपलब्धि है। यह हमारे समाज के विभिन्न पहलुओं को सजीव चित्रांकन करने में सफल रहा है। सिनेमा भावों की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। सिनेमा में दर्शाए गए कथानक का सीधा संबंध मानवीय अनुभूतियों व संवेदनाओं से होता है। अतः यह जन-मानस के मन व मस्तिष्क पर अपनी गहरी छाप छोड़ता है। सिनेमा को समाज का आईना भी कहा जा सकता है। जो कुछ भी समाज में घटित होता है, सिनेमा उसी का एक प्रतिबिम्ब है। अलिवा मंजरी के शब्दों में -

"सिनेमा के माध्यम से समाज के विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक व चारित्रिक पहलुओं के वास्तविक व उन्नत रूप का छायांकन कर हम इनका उपयोग समाजोत्थान की दिशा में कर सकते हैं।

यदि ऐसा हो तो इसका उपयोग समाज सुधारक की भांति किया जा सकता है। परन्तु यदि अभिव्यक्ति की इस स्वतन्त्रता का उपयोग सही मायनों में न करके अपने स्वार्थ हेतु किया जाए तो यही समाज-सुधारक समाज का भक्षक बन जाएगा।

स्वार्थ के लिए अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता सब के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। व्यक्ति की और संस्था की सार्थकता उसके मन, वचन व कर्म से आंकी जाती है। जहां इन तीनों में सानिध्य होगा वही वास्तव में जनहित में श्रेष्ठ है। आज व्यक्ति कहता कुछ और है, करता कुछ और है और सोचता कुछ और ही है। इसी कारणवश वह मानसिक द्वन्द्व में घिरा रहता है। उसका लाभकारी अस्तित्त्व न अपने लिए रहता है और न ही वह समाज व राष्ट्र के काम आता है। उत्तरदायित्व के बिना स्वतन्त्रता अर्थहीन है। जब उत्तरदायित्व की अनुभूति होती है तो वाणी पर लगाम लग जाता है। आज के युग में उत्तरदायित्त्व की अनदेखी सरलतापूर्वक की जाती है। "अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता" का मनचाहे ढंग से प्रयोग किया जा रहा है। फिर चाहे वह वास्तविक जिन्दगी की बात हो या फिर रुपहले पर्दे पर दर्शाए जाने वाले चलचित्रों की। चलचित्रों के माध्यम से एक नए युग की क्रान्ति सम्भव है जो सृजनात्मक भी हो सकती है, लेकिन इसका दुरुपयोग सामाजिक मूल्यों के विघटन का कारण भी बन सकता है। जहां सिनेमा द्वारा रचनात्मक प्रवृत्ति को उजागर कर जन-मानस को प्रेरित किया जा सकता है, वहीं विध्वंसक, अनैतिक व अश्लीलता से परिपूर्ण चित्रण आज की युवा पीढ़ी को गुमराह भी कर सकता है। आज के इस द्रुतगामी विकास के साथ यह अनुभव करना आवश्यक है कि इस स्वतन्त्रता का अधिक से अधिक उपयोग समाज व राष्ट्र के निर्माण में हो। विषय संवेदनशील है और इसकी अवहेलना की भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

आज के युग में सिनेमा के माध्यम से जन-मानस को सबसे अधिक प्रभावित किया जा सकता है। जो बात मौखिक या लिखित रूप से समझानी कठिन होती है वही बात सिनेमा की भाषा में संवेदनशील एवं प्रभावकारी तरीके से दर्शकों तक पहुंचाई जा सकती है। अब प्रश्न यह उठता है कि सिनेमा में "अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता" हमारे समाज को कहां तक मान्य है ? सिनेमा में अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता" पर कहीं न कहीं एक अंकुश का होना अनिवार्य है। संविधान के अनुच्छेद १९ (१) के अंतर्गत दी गई अभिव्यक्ति को सही मायनों में समझना अति आवश्यक है। क्योंकि स्वतन्त्रता का अर्थ यह नहीं है

कि आप कहीं भी कुछ भी कह या कर सकते हैं, बिना उसका उत्तरदायित्व लिए। भारत एक धर्म-निरपेक्ष राष्ट्र है जहां विभिन्न धर्म, जाति व समुदाय के लोग रहते हैं। ऐसे में फिल्म निर्माता, कलाकार व लेखक, यहां तक कि एक आम नागरिक का भी यह उत्तरदायित्व बनता है कि वह "अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता" का प्रयोग सावधानीपूर्वक एवं भारत की "अनेकता में एकता" वाले समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए करे। यह अति आवश्यक है कि इस स्वतन्त्रता का उपयोग अन्य समुदायों से जुड़े व्यक्तियों के विचार, विश्वास, आचरण और धारण को ठेस न पहुंचाए। ऐसे में, सिनेमा में "अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता" एक ऐसा विषय बन जाता है जहां उससे अलग-अलग विचारधाराएं जुड़ जाती हैं। अतः इस पर विचार करने के लिए यह अनिवार्य होगा कि हम किसी एक विशेष दृष्टिकोण को ना अपनाकर एक मध्यम मार्ग का चुनाव करें।

सिनेमा अभिव्यक्ति का वो साधन है जो अपने संवाद व सचल-फोटोग्राफी से कथानक में इतनी सजीवता डाल देता है कि उसमें मानव के वास्तविक जीवन का प्रतिरूप दिखाई देने लगता है। जिस प्रकार कोई भी चीज केवल अच्छी या बुरी अथवा सही या गलत नहीं होती उसी प्रकार समाज के भी केवल दो ही पहलू नहीं होते। हमारे समाज व रोजमर्रा की जिन्दगी में कई ऐसे अनछुए पहलु हैं जिनसे हम अवगत तो हैं, परन्तु खुल कर उनके विषय में अपने विचार व्यक्त करने में हिचकिचाते हैं। इसका कारण यह भी हो सकता है कि समाज हमें उन विषयों के बारे में मुक्त रूप से वार्तालाप करने की स्वीकृति नहीं देता। सिनेमा ऐसे अनछुए पहलुओं और जिन्दगी से जुड़ी कड़वी हकीकत को रुपहले-पर्दे पर जन-मानस के समक्ष इतने संवदेनशील तरीके से प्रस्तुत करता है कि वह सहज ही व्यक्ति के हृदय पर अपनी छाप छोड़ देता है।

"तारे जमीं पर" "My Brother Nikhil", "गुजारिश, "फिलहाल" और "विक्की डोनर" कुछ ऐसी ही फिल्में हैं जिनके माध्यम से निर्माता ने जिंदगी के कुछ ऐसे अनछुए पन्ने उजागर किए जिनसे हम अनभिज्ञ तो नहीं थे, परन्तु उनकी ओर आंखें मूंदे बैठे थे। "। "तारे जमीं पर" के जरिए निर्माता ने दिमागी बीमारी और व्यवहार सम्बन्धी विषयों को बड़ी संजीदगी के साथ प्रदर्शित किया। इस फिल्म को देखकर, कितने ही लोगों को डिस्लेक्सिया की परेशानी से जूझ रहे बच्चों की समस्या समझ में आई। वहीं दूसरी ओर फिल्म "फिलहाल" के माध्यम से निर्माता ने सरोगेसी जैसे नाजुक विषय को बहुत ही सहजता से दर्शकों के समक्ष रखा। इसी तरह सार्थक सिनेमा के जरिए अपनी पहचान बनाने वाले शुजित सरकार ने स्पर्म डोनेशन जैसे विषय पर फिल्म बनाने की हिम्मत दिखाई, जिस पर अब तक समाज में खुलकर बात नहीं होती थी। फिल्म "My Brother Nikhil" में निर्देशक ओनिर ने दिल को छू जाने वाले अन्दाज में एक ऐसे समलैंगिक किरदार की कहानी प्रस्तुत की जो ।प्कै होने पर परिवार की गलत सोच का शिकार बनता है और किस तरह इस सोच से लड़ता है। इसी तरह दीपा मेहता द्वारा निर्मित "फायर हिन्दी सिने-पटल पर आने वाली ऐसी पहली फिल्म बनी जिसमें खुलकर समलैंगिकता का विषय उठाया गया।

कहने का तात्पर्य यह है कि सिनेमा ने कई ऐसे विषयों के बारे में हमें जागरूक किया जिन्हें आने वाले समय में नजरअन्दाज करना कठिन होगा। उपरोक्त फिल्मों और इस प्रकार की कई अन्य फिल्मों को ध्यान में रख कर यदि हम मोहन आगाशे के शब्दों में यह कहे कि -

"... मनोरंजन के साथ शिक्षा देने वाली फिल्मों का विकल्प हमारे पास उपलब्ध है। अब यह हम पर निर्भर करता है कि हम इसमें कितनी रुचि लेते हैं।" तो कोई अतिश्योक्ति न होगी।

आज के संदर्भ में सिनेमा का निरन्तर बदलता स्वरूप केवल सकारात्मक ही नहीं अपितु नकारात्मक प्रभाव भी हमारी युवा पीढ़ी पर डाल रहा है। जहां तक सार्थक सिनेमा का प्रश्न है तो वह काफी हद तक सकारात्मक है, परन्तु वह समाज के कुछ लोगों की पहुंच व समझ दोनों से ही परे है। ऐसे वर्ग के लिए सिनेमा मुख्य रूप से मनोरंजन का ही एक साधन है। समाज का यह वर्ग अपनी जिन्दगी की भाग-दौड़ में इतना उलझा हुआ है कि वह सिनेमा को सिर्फ एक एंटरटेनमैंट का

माध्यम समझता है। एक ऐसा एंटरटेनमैंट जो संगीत, नृत्य, कॉमेडी, सैक्स और रोमांस से भरपूर हो, भले ही अनैतिकता और अश्लीलता उसमें कूट-कूट कर भरी हो।

नब्बे (९०) के दशक में फिल्म "खुद्दार" में करिश्मा कपूर के एक गाने के बोल में "सेक्सी" शब्द आने से बवाल मच गया था और अंततः "सेक्सी" के स्थान पर "बेबी" शब्द का प्रयोग किया गया। परन्तु अब वक्त बदल गया है और उसके साथ ही बदल गई है "सभ्य भाषा" की परिभाषा। आज ऐसे कितने ही शब्द, कितनी ही बातें महानगरों में लोगों की जिन्दगी का हिस्सा बन चुकी हैं, जिन्हें अपनाना हमारे लिए अभी भी कठिन है। सिनेमा तो महज एक प्रतिबिम्ब है हमारे आज के व आने वाले वक्त का। सुधीर विद्यार्थी जी के शब्दों में -

"... हिन्दी सिनेमा के पुराने ही-मैन ने कहा था - बसंती, इन कुत्तों के सामने मत नाचना, पर आज की बसंती अपनी मर्जी से तमंचे की नोक पर डिस्को करने लगी है। ..... राम-लीला के सामने अब रावण-कथा शर्मिन्दा है। राक्षस-संस्कृति मुल्यवान व पूज्य लगने लगी है। ...

आज के समय में यदि आप किसी बच्चे को अश्लील शब्दावली वाला गाना गाने से रोकें और यदि जबाव में बच्चा यह कहे कि -

"बदतमीज दिल माने न माने न ....." या फिर

"अच्छी बात कर ली बहुत। अब करेंगे तेरे साथ गंदी-गंदी बात"....

तो चौंकिएगा नहीं। क्योंकि यह भी हमारे उसी सिनेमा की देन है जो शिक्षाप्रद होने के साथ-साथ नकारात्मकता को भी जन्म दे रहा है।

यहां विचार करने योग्य बात यह है कि यह सब सिनेमा की देन है या फिर उस समाज की, जहां से लेखक व निर्माता को एक कहानी मिलती है। सुधीर विद्यार्थी ने अपने एक लेख में लिखा है -

"... मैंने अपने मित्र से कहा, फिल्मों के लिए नारायण साईं की कथा में धन, धर्म और रोमांस की जबर्दस्त तिकड़ी है। मित्र ने जवाब दिया, मुंबइया हीरो सिर्फ दो या तीन लड़कियों के चक्कर में रहता है। वह क्या खाकर साईं का मुकाबला करेगा। साईं ने हिन्दी सिनेमा के दबंगों को पीछे छोड़ दिया है।" ...

बात सही भी है। अब, ये सिनेमा से प्रभावित हैं या सिनेमा इन से ? यह कह पाना तो कठिन है। क्योंकि सिनेमा उस दर्पण की तरह है जो वक्त के साथ बदलते परिवेश का कभी असली तो कभी मेकअप से ढका चेहरा हमें दिखाता है। बदलते वक्त के साथ बहुत सी बातें हमारे समाज को स्वीकार्य होने लगी हैं। गली व नुक्कड़ पर बोली जाने वाली भाषा जो सभ्य कहलाने वाले हमारे समाज को मान्य नहीं थी, वह आज यदि फरहान, गोविन्दा, कैटरीना या करीना के किसी गीत के माध्यम से गुनगुनाई जाए तो "हिट आइटम नम्बर" कहलाती है। क्यों ? क्योंकि हमें "अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता" है। यहां केवल यही कहना उपयुक्त होगा कि यदि फिल्म निर्माता स्वार्थी न हो कर जन-कल्याण के लिए शिक्षाप्रद फिल्में बनाएं तो चलचित्रों से बेहतर मनोरंजन व शिक्षा का दूसरा कोई माध्यम नहीं है।

इसी विषय पर आगे बढ़ते हुए आइए एक नजर डालें सामाजिक चलचित्र पर। यानी समाज की तत्कालीन गतिविधियों पर आधारित सिनेमा। साठ (६०) के दशक में जब आचार्य विनोबा भावे एक समाज सुधारक के रूप में सामने आए और डकैतों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया तो सिनेमा के पर्दे पर ऐसी फिल्मों की झड़ी सी लग गई। जैसे - "रेशमा और शेरा", "जिस देश में गंगा बहती है", "चम्बल के डाकू" और कई अन्य। इनमें कई फिल्में ऐसी आईं जिनमें निर्माता ने एक डाकू के नजरिए से कथानक को प्रस्तुत किया, कि वह क्यों और किन परिस्थितियों में ऐसा करने पर मजबूर हुआ। नतीजा यह हुआ कि वे दर्शकों की सहानुभूति के पात्र बने।

अस्सी (८०) और नब्बे (९०) का दशक आतंकवाद के कारण पंजाब व कश्मीर के लिए बेहद संवेदनशील रहा। ऐसे में "माचिस" और "मिशन कश्मीर" जैसी फिल्में ने एक बार पुनः आंतकियों के प्रति हमारे नजरिए को बदलने की कोशिश की, यह प्रदर्शित करके कि किन मुश्किलों व विषमताओं ने एक आम जिन्दगी जीने वाले व्यक्ति को हथियार उठाने पर मजबूर किया। परन्तु इन फिल्मों पर समाज के एक वर्ग की सोच यह भी थी कि ऐसी फिल्में युवा वर्ग को भ्रमित करती हैं। बात सही भी है क्योंकि यह आप पर निर्भर करता है कि आप किस नजर से किसी चीज को आंकते हैं। किसी फिल्म में सकारात्मक अभिव्यक्ति है या नकारात्मक यह व्यक्ति की मानसिकता पर निर्भर करता है।

नब्बे (९०) के ही दशक में शेखर कपूर द्वारा निर्मित "बैंडिट क्वीन" हमारे समक्ष आई जिसमें सीमा बिस्वास ने फूलन देवी का जीवन्त किरदार निभाया। फिल्म सेंसर द्वारा पास किये जाने के बावजूद प्रदर्शन से पहले कुछ दृश्यों के कारण विवाद में घिर गई। यह फिल्म "अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह, कान्ज में प्रदर्शित की गई और शेखर कपूर समारोह में हाथों में हथकड़ी पहने पहुंचे, जो स्पष्ट तौर पर "सिनेमा में अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता" पर एक सवालिया निशान खड़ा कर रही थी। उनका मकसद फिल्म के जरिए आम नागरिक को फूलन देवी के "फूलन देवी" बनने के पीछे छिपी घटनाओं को उजागर करना था ना कि किसी की भावनाओं को आहत करना। अब जब बात अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता की हो रही है तो "विश्वरूपम" को भुलाया नहीं जा सकता, जो कि एक ताजातरीन उदाहरण है इस बात का कि किस प्रकार इस फिल्म को मजहब व धर्म के नाम पर ऐसे विवाद में घसीटा गया जो इसका उद्देश्य नहीं था। इस फिल्म पर तमिलनाडु सरकार द्वारा रोक लगा दी गई, क्योंकि मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों के अनुसार फिल्म के कुछ दृश्य उनकी भावनाओं को आहत करने वाले थे। परन्तु क्या आम नागरिक भी यही सोच रखता है ? या फिर यह सोच कट्टरपंथी लोगों के दिमाग की उपज है जो ऐसी बातों को हवा देकर, धर्म व भावनाओं का रोना रो कर अपना स्वार्थ साधना चाहते हैं। यह बात सोचने योग्य है।

तेजी. से आधुनिकीकरण की ओर बढ़ता समाज अपनी संकीर्ण सोच से ऊपर नहीं उठ पा रहा है और जो कुछ भी उसके समक्ष आता है, वह उसे जात-पात, रंग-भेद और धर्म व भाषा के तराजू में तौल कर देखता है। निर्माता द्वारा एक सच्ची, ठोस अभिव्यक्ति, और जन-मानस की भावनाओं को आहत करने का रोना, और नतीजा - फिल्म पर लगी रोक। क्या यही भविष्य है हिन्दी सिनेमा में अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता का ? "अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता" सही मायनों में तब सार्थक होगी जब दर्शक फिल्म को किसी एक खास नजरिए से ना देख कर उसके हर एक पहलू पर ध्यान दें और निर्माता, निर्देशक समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को ध्यान में रखकर फिल्म निर्माण करें। क्योंकि बिना उत्तरदायित्व के "अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता" अर्थहीन है।

**संदर्भ -**


१. मंजरी, अलिवा Essay on Merits and Demerits of Cinema in Hindi

२. आगाशे, मोहन, "थियेटर ने मुझे बेहतर डॉक्टर बनाया" सम्पादकीय अमर उजाला, (अक्तूबर, २०१३) पृ. १२.

३. विद्यार्थी, सुधीर "डिस्को तो तमंचे पर होगा" सम्पादकीय, अमर उजाला (नवम्बर, २०१३).

४. विद्यार्थी, सुधीर, "डिस्को तो तमंचे पर होगा" सम्पादकीय, अमर उजाला, (नवम्बर, २०१३).


---

सहायक प्रवक्ता, अंग्रेजी विभाग, राजकीय महाविद्यालय कुल्लू।

# हिंदी सिनेमा और आतंकवाद

-डॉ. नीलम राठी

दहशत फैलाकर अपनी नाजायज मांग मनवाना ही आतंकवाद है। साम्प्रदायिक फासीवादी ताकतें पिछले दो दशक से भारत में ज्यादा ताकतवर होकर उभरी हैं। जिन्होने अनेक भीषण दंगों, अनेक हत्याओं और अनेक प्रकार की हिंसक कार्यवाहियों को अंजाम दिया है। जिनकी अभिव्यक्ति हमें हिंदी सिनेमा में अनेक फिल्मों में देखने को मिलती है। देश की शांति,सुरक्षा और धर्मनिरपेक्षता को तार-तार करने पर आमादा साम्प्रदायिक और फासीवादी ताकतें बहुलतावादी सांस्कृतिक पहचान वाले राष्ट्र के लिए एक बड़ी चुनौती उपस्थित कर रही हैं। भारत जिसमें अनेक भाषाएं अनेक धर्म, क्षेत्र और संस्कृतियां सदियों से अनेकता में एकता की पहचान रही हैं। इस समतावाद के विरोध में आतंकवाद सामाजिक ताने-बाने को तोडने की भरपूर कोशिश कर रहा है। एक तरफ इस्लामिक आतंकवाद है जो कश्मीर के साथ-साथ आज देश के अनेक हिस्सों में पैर पसार चुका है। जिसके इंडियन मुजाहिदीन आदि अनेक आतंकवादी, अलगाववादी संगठन सक्रिय है। भारत में हेने वाली अधिकांश आतंकवादी गतिविधियां पाकिस्तान से संचालित होती हैं। इसके साथ ही भारत में अनेक क्षेत्रीय आतंकवादी संगठन भी मौजूद हैं। आतंकवाद भारत के विभिन्न हिस्सों में अपना प्रभाव फैला चुका है। उत्तर पूर्व में सक्रिय बोडो,उल्फा आदि आतंकवादी संगठनों ने अनेक निरपराध लोगों को मौत के घाट उतारा है। मध्यभारत जिसमें बिहार, झारखण्ड, उडीसा, छत्तीसगढ में पनपता नक्सलवाद है जो न केवल निरपराध लोगों अपितु सेना को भी आए दिन शिकार बनाते रहते हैं। अभी हाल ही में असम के कोकराझार ओर सोनितपुर का नरसंहार इसका जीता-जागता उदाहरण है। फना, जाल, द हिरो, माचिस, रोजा, मिशन कश्मीर, मा तुझे सलाम,मद्रास कैफे, अमु, ब्लैक फ्राइडे, ब्लैक एंड वाइट, शाहिद, हैद। दिलजले आदि अनेक फिल्में आतंकवाद के विभिन्न पक्षों को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करती हैं।

हमारे देश में कश्मीर में आतंकवादी, अलगाववादी और उग्रवादी ताकतें भी पाकिस्तान से प्रायोजित आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त हैं। १९८७ में हुए एक विवादित चुनाव के बाद कश्मीर में आतंकवाद की शुरूवात हुई। ४जनवरी १९९० का काली स्याह रात घिर आई जब कश्मीर घाटी के धार्मिक स्थलों से पाकिस्तान परस्त लोगों ने कश्मीरी पण्डितों /हिंदुओं कों कश्मीर छोड़ने की हिदायत दे डाली। प्रत्येक हिंदू घर पर एक नोट चिपका दिया जिस पर लिखवा था-कश्मीर छोडकर नही गए तो मारे जाओगे। सबसे पहले हिंदू नेता, अधिकारी मार दिए गए और उसके बाद हिंदुओं की स्त्रियों को उनके परिवार के सामने सामूहिक दुष्कर्म कर जिंदा जला दिया गया या निर्वस्त्रकर पेड़ों पर लटका दिया गया। बच्चों को पीट-पीटकर मार डाला गया। कश्मीरी प. अपना सब कुछ लुटाकर शरणार्थी बनने पर मजबूर कर दिए गए। आज उनकी सम्पत्तियों व जमीनों सभी पर कब्जे हो चुकें हैं आज उनके सामने बड़ी समस्या है कि वे धधकती घाटी, गोलाबारी और उन्माद में जीवन दांव पर लगाने का साहस कैसे करें? जिसमें अब तक ३.५ लाख कश्मीरी पण्डित शरणार्थी बन दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, १० हजार से अधिक लागों की जान जा चुकी है। करीब ३.५ हजार लोग लापता है। इसी के बाद कश्मीर में आर्म्सफोर्स स्पेशल पॉवर एक्ट लागू हुआ और आर्मी को वहां भेजा गया।

कश्मीर में आतंकवाद को लेकर अनेक फिल्में बन चुकी हैं जिनमें "रोजा", "मिशन कश्मीर", "फना", "दिलजले" "हैदर", "मां तुझे सलाम", "द हिरो" आदि हैं। मिशन कश्मीर में कश्मीर और कश्मीरीयों की बदहाली दिखती है। प्यार ,नफरत, हिंसा एवम् दोस्ती के सब रंग एक साथ दिखते हैं। हैदर में आतंकवादियों को घर में पनाह देने के कारण हैदर के पिता को आर्मी घर से उठा लेती है। बेटे हैदर द्वारा पिता की खोज ही फिल्म का केंद्रिय बिंदु है जिसमें कश्मीर के राजनीतिक हालात व्यक्ति के चरित्र के रंग के साथ ही लापता पुरुषों की पत्नियों जिन्हें आधी बेवा कहा जाता है, का जिक्र किया है लेकिन उन पर फोकस नही है। आर्म्स फोर्स स्पेशल एक्ट की स्थिति कश्मीर की आजादी,कश्मीर में सरहद पार द्वारा आतंक को प्रशिक्षण और गुमराह युवकों का आतंक के लिए इस्तेमाल दिखाया है। एक संदेश देने की कोशिश की है जो फिल्म ही नही सभी दर्शकों और आतंकवादियों को समझने की जरूरत है। "इंतकाम से सिर्फ इंतकाम पैदा होता है आजादी नही"। रोजा में भी नई शादी के बाद कश्मीर नियुक्ति होते ही पति के अपहरण के कारण परेशान हताश लड़की

की स्थिति दिखाई है। अनेक फिल्मों में सेना की ज्यादतियां कश्मीरी जनता की समस्याएं , आतंकवादियों का सफाया देश भक्ति के गीत आदि को दिखाया गया है। लेकिन आर्म्सफोर्स स्पेशल पावर एक्ट जिस वजह से भारत सरकार को लगाना पडा, सेना को सर्च आपरेशन में आने वाली परेशानियों खासकर आतंकवादियों को पकडने में जब तक की उन्हें क्षेत्रीय जनता का सपोर्ट मिलता रहता है, उस पर कोई चर्चा नही मिलती, न इस फिल्म में न ही किसी अन्य फिल्म में। हैरान कर देने वाली बात जो मुझे लगी कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचार किसी भी फिल्म निर्माता निर्देशक को आकर्षित क्यों नहीं कर पाए। कारण समझ से बाहर है।

अभी-अभी आतंकवाद के चंगुल से निकला पंजाब भी एक समय आतंक की आग से न केवल जला अपितु उसने दिल्ली को भी अपनी चपेट में ले लिया था। पंजाब में खालिस्तान समर्थक अनेक बेगुनाह हिंदुओं को मौत के घाट उतारकर खालिस्तान की मांग कर रहे थे उन्होंने सशस्त्र हथियारों का जखीरा स्वर्ण मंदिर में जमा कर लिया था जिसे तत्कालीन सरकार द्वारा ओपरेशन ब्लूस्टार नाम से सेना के जरिये काबू किया गया। उसी से बदले की भावना में ग्रस्त सुरक्षा गार्डस ने ही प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी। फिर बदले की भावना से ग्रस्त हिंदु जनता ने निरपराध हजारों सिक्खों का दिल्ली में कत्ले आम कर दिया। इसी सिक्ख दंगों के बाद फैले आतंकवाद की स्थितियों पर "अमु" और "माचिस" फिल्म आई। माचिस में पुलिस अतिवादी आक्रामक तरीके से थर्ड डिग्री के साथ उनसे पूछताछ करती है। एक बुनियादी यथार्थ चित्रित करने के लिए ये एक बेहतरीन फिल्म है। माचिस- एक आतंकवादी बनने की सीमारेखा पर एक व्यक्ति की मिश्रित प्रतिक्रिया, भावनाओं संवेदनाओं को खूबसूरती से बाहर लायी है। "अमु" १९८४ की दिल्ली के भयावह सच को सामने रखती है। जिन दंगों में तीन दिन में ५००० लोग मार डाले गए थे। फिल्म में किरदारों, प्रसंगों और परिस्थितियों को भी विश्वसनीय बना दिया था।

श्रीलंका में तमिल उग्रवादियों लिट्टे की आतंकवादी गतिविधियों को रोकने और शांति बहाली के लिए भारत से शांति सेना भेजी गई जिससे एक ग्रुप नाराज हो गया और गुस्साए षडयंत्रकारियों ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की साजिश रच डाली और चुनाव सभा में भाषण देते समय एक आत्मघाती बम व्लास्ट में प्रधानमंत्री राजीव गांधी मारे गए। इसी घटना का ताना - बाना हमें हिंदी फिल्म "मद्रास कैफे" में देखने को मिलता है। मद्रास कैफे में बहुत ही खूबसूरत अंदाज में काल्पनिक किरदारों को वास्तविक घटना से जोड़ा गया है। इस फिल्म में श्रीलंका में अशांति क्यों हुई से पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या तक के घटनाक्रम को दर्शाया गया है। एक्शन को मानसिक तनाव के रूप में दिखाया है। फिल्म में देश की रक्षा में लगे सैनिकों की पारिवारिक जिंदगी कितनी कठिन होती है। इसकी एक झलक भी देखने को मिलती है।

बावरी मस्जिद विध्वंस के बाद जगह-जगह दंगे हुए जिसमें हजारों लोग धार्मिक दंगों की भेंट चढ जाते हैं। उसी के विरोध स्वरूप बम्बई में क्रमिक अनेक सिरीयल बम व्लॉस्ट हुए जिसमें अनेक लोग मारे गए। मुम्बई ब्लास्ट की घटना को आधार बनाकर बॉम्बे, फिजां, जख्म, मुम्बई मेरी जान, ब्लैक फ्राइडे आदि फिल्में बन चुकी हैं। इनके अतिरिक्त मुम्बई के आतंकवाद पर "ए वैडनैसडे" और "आमिर" आदि फिल्में भी बनी हैं। ब्लैक फ्राइडे मुम्बई के सीरियल बम ब्लॉस्ट की इनवैस्टीगेशन पर आधारित है जिसमें अनुराग कश्यप ने उस समय के सच को उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर रचा है। बॉम्बे फिल्म में राजनीति की पृष्ठभूमि में मानवीय रिश्तों की संवेदनाओं को उभारा है। ये फिल्म रूढ़िवाद को भी टक्कर देती है। इस फिल्म में अंतरधार्मिक विवाह को सफल दिखाया है। ए वैडनैसडे फिल्म आतंकवाद का समाधान देने की कोशिश करती नजर आती है।

"आतंकवाद खुद एक समस्या है या किसी अन्य समस्या की अभिव्यक्ति, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। इसी प्रश्न के संदर्भ में ही आतंकवाद को परिभाषित और व्याख्यायित किया जाता है। जो आतंकवाद को अपने में एक समस्या मानते हैं, वे उससे जुडे सवालों से बचना चाहते हैं। लेकिन जो आतंकवाद को किसी अन्य समस्या की अभिव्यक्ति मानते हैं, वे भी जरूरी नही कि उसे सही परिप्रेक्ष्य में समझने को तैयार हों।" "अमु" और "ब्लैक फ्राइडे" किसी भी समुदाय के खिलाफ बनी हुई फिल्में नही हैं। दोनो फिल्में बीसवी सदी के अंतिम दशकों में परस्पर अविश्वास और घृणा में जी रहे समाज के सुनामी उफानों को दर्शाती है। मानवता उनकी चपेट में आती है और नष्ट हो जाती है। ब्लैक फ्राइडे एक आम हिंदी फिल्म है,जिसका विषय अलग है और वह अपने समय की ठोस सच्चाइयों को सेल्यूलाइड पर उतारने का प्रयास है।"

आतंकवाद के कारण अनेक हैं जैसे माचिस फिल्म में आतंकवादी बनने के पीछे मुख्य कारण पुलिस की ज्यादतियों से बचना और हंसते-खेलते परिवार को समाप्त करने का बदला। दिलजले में एक सीधे-साधे प्रेम को समाप्त करने के लिए षड़यंत्र कर छद्म आतंकवादी घोषित कर देना और फिर उसके पास विकल्पों का ही अभाव कर देना परिणति आतंकवाद में। बॉम्बे में बावरी मस्जिद विध्वंस का बदला आदि। इसी प्रकार अनेक गुमराह युवकों पर आतंकवादी पैनी निगाह रखते हैं और उनकी कमजोरी को मनोवैज्ञानिक हथियार बनाकर आतंकवादी संगठनों का हिस्सा बना लेते है। लेकिन एक बार फंसकर यदि कोई युवक उस दलदल से निकलना भी चाहे तो भी उसे निकलने नही दिया जाता। आतंकवाद के कारणों पर बात करते हुए हम दिलजले के प्रमुख संवाद जब आतंकवादी दारा और राजा साहब अपने अपने स्वार्थ के लिए हाथ मिलाकर अजय देवगन को मोहरा बना लेते हैं पर फिल्म में बडे व्यंगात्मक लहजे में संवाद उभरता है देखो नेता और आतंकवादी हाथ मिला रहे हैं। से राजनीति की बिसात पर फलता फूलता आतंकवाद नजर आता है। हमारी पुलिस जिन आतंकवादियों को जान पर खेल कर पकडती है राजनीति की बिसात पर एक फोन मात्र से उन्हें छोड़ दिया जाता है और वे फिर से आतंक फैलाने निकल पडते हैं। इसीलिए ए वैडनैस डे में नसीरूददीन शाह वो अतिवादी समाधान देने की कोशिश करते हैं। नही तो न्यायिक प्रक्रिया इतनी लम्बी खिंच जाती है और वोट बैंक की खातिर क्षेत्रीय दल माफी की मांग करने लगते हैं और इन आतंकवादियों की फांसी के खिलाफ हो जाते हैं जैसे कि भुटटल की फांसी के खिलाफ अकालियों की मांग या संसद पर हमले के दोषी गिलानी की फांसी के विरोध में कश्मीर में हुए दंगें।

आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए बम ब्लास्ट, विमान या बस का अपहरण, निर्दोष लोगों की हत्या आदि अनेक तरीके अपनाते हैं।

सिनेमा समाज की उपज होता है और जाहिर है कि समाज में आतंकवाद के बारे में जो भिन्न-भिन्न तरह की समझ दिखाई देती है वही विभिन्नता उन फिल्मों में भी दिखाई देगी जो आतंकवाद के विषय पर बनी हैं। लेकिन ये भी सही है कि हिंदी सिनेमा बाहरी और आंतरिक दबावों के बावजूद उन ताकतों के विरुद्ध खड़ा होने की कोशिश करता रहा है।

आतंकवाद के पीछे कारण कोई भी हो लेकिन हिंसा या आतंकवाद किसी समस्या का समाधान नहीं है। माचिस फिल्म के निर्देशक गुलजार से बात करते हुए उन्होंने कहा-

" माचिस कुछ ऐसे लोगों की कहानी है जिनके जीने के रास्ते बहुत तंग हो गए थे। जब पंजाब में बेहद सरगर्मी थी, जब पंजाब संकट से गुजर रहा था। तब एक आदमी उन हालात को कैसे भुगतता है-बहुत ही आक्रामक और हिंसात्मक माहौल है पर ऐसा क्यों है? लोगों के अंदर गुस्सा है। सभी नाराज हैं। हिंसा गुस्से का इजहार है। क्रोध का इजहार है। इलाज नही है। हिंसा, हिंसा के जबाब में पैदा होती है। हिंसा टकराकर लौटती है और आपको घायल करती है। तबाही का रास्ता है वह। लेकिन वह क्यों और कैसे पैदा होती है? मेरा ख्याल है कि वह सवाल है जबाब नही है। इन दिनो व्यवसायिक फिल्मों को समकालीन यथार्थ से जोडने की कोशिश चल रही है। हर कहानी अपने दौर के अपने वक्त के यथार्थ पर आधारित है।"

## संदर्भ सूची


१ साझा संस्कृति,सांप्रदायिक आतंकवाद और हिंदी सिनेमा,जवरीमल्ल पारख पृ०१७९-१८०,वाणी प्रकाशन।

२ सिनेमा समकालीन सिनेमा,अजय ब्रह्मात्मज पृ०१५४,वाणी प्रकाशन।

३ सिनेमा की सोच, अजय ब्रह्मात्मज, पृ०१४९-१५० वाणी प्रकाशन।

४ सम्बंधित सभी फिल्मों की सीडी।


---

एसोसियेट प्रोफेसर, अदिति महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

# साहित्य और सिनेमा
## (प्रेमचंद के विशेष संदर्भ में)

-डॉ. सूरज कुमार

दृश्य-श्रव्य माध्यम से एक साथ हजारों लोगों को कहानी सुनाने का माध्यम सिनेमा, जिसे बंगाल में आज भी "बोई"(किताब) देखने की बात कहते हैं। प्रारम्भ से ही सिनेमा का साहित्य से गहरा जुड़ाव रहा है। हिन्दी सिनेमा के आरंभ से लेकर आजतक साहित्य आधारित सिनेमा बनने/बनाने की लंबी परंपरा रही है। प्रेमचंद का साहित्य भी हिन्दी सिनेमा का महत्वपूर्ण प्रेरणा स्त्रोात रहा है। इसकी पड़ताल करने से पूर्व साहित्य और सिनेमा के सम्बन्धों की पड़ताल कर लेना उचित होगा।

साहित्य प्रतिनिधि कला रूप है जबकि सिनेमा प्रतिनिधि और प्रत्यक्ष कला रूप का मिश्रित रूप है। यही कारण है कि इसे सातवीं कला भी कहते हैं। प्रसिद्ध जर्मन विद्वान लोठार लुत्से ने हिन्दी सिनेमा को पाँचवाँ वेद तक कहा है। पश्चिम के विद्वानों ने इसे "The Finest Of The Fine" एवं 'Tenth Muse' के नाम से नामित किया है। मलयालम के लब्ध प्रतिष्ठित कथाकार एवं पटकथा लेखक एवं निर्देशक एम. टी. की मान्यता है कि फिल्म में साहित्य, नाटक, अभिनय, संगीत, छायांकन, चित्रकला एवं शिल्प-कला इन सात बुनियादी कलाओं का संगम होता है। इन सबकी आत्मा का समावेश फिल्म में होता है। ( पृ-१७७, बहुब्रीहि जनवरी-जून २०१४)। लेकिन अन्य कलारूपों और सिनेमा में महत्वपूर्ण अंतर है। उदाहरण के लिए साहित्य,चित्रकारी या संगीत में कोई प्रत्यक्ष धनराशि खर्च नहीं होती या कम धन राशि लगती है जबकि सिनेमा के निर्माण में बड़ी धनराशि लगती है। दूसरा अंतर यह कि साहित्य सृजन नितांत वैयक्तिक कर्म है जबकि सिनेमा एक सामूहिक कर्म है। इसमे निर्देशक जहाज का कप्तान होता है (पृ.सं.४३,फ़िल्म कैसे बनती है ) कहानी सुनाने की यह कला मशीनों पर निर्भर है लेकिन मशीन वही करती है जो मनुष्य चाहता है(पृ.सं.९,फ़िल्म कैसे बनती है )

साहित्य और सिनेमा की कालावधि में भी मूलभूत अंतर है । साहित्य शताब्दियों का अनुभव समृद्ध एक विवेकी बुजुर्ग है और सिनेमा एक अपरिपक्व तरुण (पृ.सं.३९,सिनेमा और साहित्य ,गुलजार ,हिन्दी सिनेमा का सच )।जहाँ साहित्य की उम्र हजार वर्ष से ऊपर की है वहीं सिनेमा महज सौ वर्ष का हुआ है।

साहित्य और सिनेमा का एक और अंतर उसके पाठक/दर्शक के साथ उसके सम्बन्धों को लेकर है । साहित्य मात्र शिक्षित जनों के लिए है जबकि सिनेमा अनपढ़ लोग भी देख सकते हैं । सिनेमा को लेकर दर्शकों की अधिक सक्रिय भागीदारी होती है।

मुख्तसर यह कहा जा सकता है कि सिनेमा एक लोकप्रिय माध्यम है । इसमे दो तरह के फ़िल्मकार सक्रिय हैं ,एक जो सिनेमा को विशुद्ध व्यवसाय मानते हैं दूसरा वो जो सिनेमा को साहित्य की तरह कला मानते हैं । तथ्य यह है कि दोनों तरह के फ़िल्मकारों ने दोनों तरह के साहित्य पर आधारित सिनेमा बनाए। सिनेमा को लेकर आमतौर पर साहित्यकारों का दृष्टिकोण संदेह भरा ही रहा वहीं कुछ फ़िल्मकारों ने भी साहित्यकारों की सिनेमा माध्यम के प्रति उनकी संकुचित सोच को लेकर भी फटकारा । जो भी हो हम दोनों दृष्टियों को प्रेमचंद के अपने निजी अनुभव,उनके साहित्य आधारित सिनेमा और उनके फ़िल्मकारों के नजरिए के माध्यम से समझने का प्रयास करेंगें।

कहा जाता है कि हिन्दी कि पहली सवाक फ़िल्म "आलम आरा" (१९३१)जोसफ डेविड के लोकप्रिय नाटक पर आधारित थी । महज तीन वर्ष बाद इस फिल्मी दुनिया में प्रेमचंद का आगमन होता है । प्रेमचंद मोहन भावनानी कि कंपनी अजंता सिनेटोन के प्रस्ताव पर १९३४ में आठ हजार सालाने के अनुबंध पर बॉम्बे पहुंचे । प्रेमचंद "मजदूर"शीर्षक फ़िल्म के लिए संवाद लिखे । फ़िल्म एक देशप्रेमी मिल मालिक की कथा थी । सेन्सर ने आपत्ति की।फिर भी फ़िल्म का प्रदर्शन

पंजाब,दिल्ली,उ.प्र.एवं म.प्र. में हुआ।फ़िल्म का मजदूरों पर इतना असर हुआ कि पुलिस बुलानी पड़ी ।अंत में फ़िल्म के प्रदर्शन पर रोक लगानी पड़ी ।१९३४ में ही प्रेमचंद के उपन्यास सेवसदन (जो पहले उर्दू में बाजारे हुस्न नाम से लिखवा गया था) पर नानुभाइ वकील ने फ़िल्म बनाई । लेकिन यह फ़िल्म फूहड़ बनी थी। प्रेमचंद ने जैनेन्द्र को लिखवा –"मैं जिन इरादों से आया था, उनमें एक भी पूरा होता नजर नहीं आता। ये प्रोड्यूसर जिस ढंग की कहानी बनाते आए हैं, उसकी लीक से जौ भर भी नहीं हट सकते । वल्गारिटी को ये एंटरटैंमेंट वैल्यू कहते हैं । अद्भुत में ही इनका विश्वास है..... मैंने सामाजिक कहानियाँ लिखी हैं जिन्हें शिक्षित समाज भी देखना चाहे, लेकिन उनको फ़िल्म करते इन लोगों को संदेह होता कि चले या न चले (पृ-४६-४७,प्रेमचंद,प्रकाशचन्द्र गुप्त)।कुल मिलाकर प्रेमचंद का बॉम्बे का अनुभव काफी रोष और असंतोष भरा रहा । अपने एक लेख "सिनेमा और जीवन" में अपने असंतोष को प्रेमचंद कुछ यों अभिव्यक्त करते हैं - "साहित्य के भावों की जो उच्चता, भाषा कि जो प्रोढ़ता और स्पष्टता, सुंदरता की जो साधना होती है, वह हमें वहाँ नहीं मिलती। उनका उद्देश्य केवल पैसा कमाना है, सुरुचि या सुंदर से उन्हें कोई प्रयोजन नहीं।.....अभी वह जमाना बहुत दूर है, जब सिनेमा और साहित्य का एक रूप होगा। लोक-रुचि जब इतनी परिष्कृत हो जाएगी कि वह नीचे ले जाने वाली चीजों से घृणा करेगी, तभी सिनेमा में साहित्य की सुरुचि दिखाई पड़ सकती है।"(पृ-४७,प्रेमचंद,प्रकाशचन्द्र गुप्त)।

वर्ष १९३६ में प्रेमचंद के निधन के बाद "सेवासदन" पर तमिल में के सुब्रमण्यम ने फिल्म बनाई जिसमें नायिका एम.एस. सुब्बलक्ष्मी थी। यह रूपान्तरण पूर्व के सिनेमाई रूपान्तरण से काफी बेहतर था। अगर प्रेमचंद तब जिंदा होते तो शायद इस फिल्म से संतुष्ट हुए होते। अन्य भारतीय भाषाओं में प्रेमचंद की कृतियों पर बनी फिल्मों में उल्लेखनीय फिल्मों में तेलगु में बनी फिल्म "ओकाओरी कथा" है। जिसे प्रसिद्ध फ़िल्मकर मृणाल सेन ने प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी "कफन" को आधार बनाकर बनाई। बाद में १९४१ में ए. आर. कारदार ने प्रेमचंद की कहानी "त्रियाचरित्र" पर आधारित फिल्म "स्वामी" बनाई। वर्ष १९५९ में कृष्ण चोपड़ा ने "दो बैलों की कथा" कहानी पर "हीरा मोती" बनाई । नायक और नायिका की भूमिका में "दो बीघा जमीन" से चर्चित बलराज साहनी और निरुपाराय को लिया गया। वर्ष १९६३ में त्रिलोक जेटली के निर्देशन में "गोदान" प्रेमचंद के सवार्धिक चर्चित उपन्यास पर उसी नाम से फिल्म बनाई। जिसमें होरी, धनिया और गोबर की भूमिका में क्रमशः राजकुमार, कामिनी कौशल और महमूद थे। सुनील दत्त अभिनीत "गबन" पर आधारित फिल्म वर्ष १९६६ में बनी। प्रेमचंद की कृतियों पर सबसे उल्लेखनीय फिल्म सत्यजीत-रे ने बनाई- १९७७ में "शतरंज के खिलाड़ी" और १९८१ में "सदगति"। प्रेमचंद की १२५वीं जयंती पर २६ कड़ियों वाला सीरियल गुलजार ने तहरीर नाम से बनाया। जिसमें प्रेमचंद की कहानियों में यथा- "पूस की रात", "सवा सेर गेहूं", "बूढ़ी काकी", "ईदगाह", "नमक का दरोगा" आदि पर उन्होंने टेलीफिल्म बनाई। जैसा पूर्व में बताया गया कि प्रेमचंद के साहित्य पर व्यवसायिक दृष्टि से फ़िल्मकर नानूभाई वकील ने भी फिल्में बनाई और कथा-दृष्टि रखने वाले सत्यजीत रे जैसे फिल्मकारों ने भी।

आमतौर पर पाठकों और साहित्यकारों की शिकायत होती है कि फ़िल्मकार किसी आभार - निहारीका रविया साहित्यिक कृति के फिल्मी रूपान्तरण में सिनेमेटिक लाइसेन्स के तहत छूट लेता है। जबकि फ़िल्मकारों का सोचना अलग है। कई बार वह साहित्यिक संवादो के प्रयोग को हू-ब-हू प्रयोग करने की कोशिश करता है जैसे त्रिलोक जेटली ने "गोदान" में संवाद हू-ब-हू उपन्यास से लिए हैं। वहीं श्याम-बेनेगल धर्मवीर भारती के उपन्यास पर आधारित "सूरज का सातवाँ घोड़ा" में भी संवादों को यथावत रखने का प्रयास करते हैं। वहीं दूसरी ओर कई फ़िल्मकर कृति को नए सिरे से पढ़ना, अपनी विधा में आविष्कृत करना चाहता है। (पर्दे पर साहित्य – ओम-थानवी, httpë//www.jankipul.com/2013/03/blog-post_3htm/28-12-14)। सत्यजीत रे इस संबंध में कहते हैं : " किसी कहानी का पटकथा में रूपांतर करते-करते पूरे समय परिवर्तन तो होता ही रहता है.... वास्तव में तो पुस्तक को चार-पाँच बार पढ़ने के बाद मैं उसे फिर नहीं खोलता, मैं उसे बंद करके दूर रख देता हूँ और फिल्म निरूपण के कम में लग जाता हूँ। मैं अमूमन वह सब भूलना चाहता हूँ कि जो मूल में है, लेकिन निश्चित ही कुछ ऐसे तत्व होते हैं जो पुस्तक में ही पसंद आ गए हों, कि जिन्होंने सर्वप्रथम मुझे आकर्षित

किया, अतःमैं उसे रख लेता हूँ। शेष जो कुछ होता है वह पटकथा को बताने सँवारने के दौरान आप ही आप रचने लगता है। अतः पटकथा- रूपान्तरण के सारे ही समय के दौरान उसके अंदर बहुत कुछ होता हूँ। (पृष्ठ-३९, पटकथा)

सिनेमा और साहित्य में एक पहलू उसकी विधा को लेकर भी है। आमतौर पर कहानी या उपन्यास विधा पर ही फिल्में आधारित होती हैं हालांकि नाटक और कविता पर भी कुछ फिल्में बनी हैं। आमतौर पर उपन्यास का आकार एक फिल्म में रूपान्तरण के लिए वृहद होता है यही कारण है कि उसे संक्षिप्त रूप देना पड़ता है "गोदान" इसका उदाहरण है। जहां शहरी कथा लगभग गायब है वहीं कहानी में कथा का विस्तार करना पड़ता है क्योंकि फिल्म के लिहाज से वह छोटी पड़ जाती है। "शतरंज के खिलाड़ी" में सत्यजीत रे ने कहानी का विस्तार कर उसे अवध के नवाब और जनरल औटम के चरित्र में फिल्म की जरूरत के मुताबिक नए रूप में ढाला है।

अंत में साहित्य और सिनेमा के संदर्भ में इस बात को ध्यान रखना आवश्यक है कि सिनेमा माध्यम साहित्य से वस्तुतः अलग है। जहां शब्द साहित्य का माध्यम होता है वहीं दृश्य और श्रव्य रूप सिनेमा का माध्यम है। फिल्म साहित्य के शब्दों का अनुवाद या रूपांतर नहीं हो सकती। वास्तव में साहित्य आधारित सिनेमा सिनेमाई उपकरण के माध्यम से कृति को बेहतर तरीके से समझने का प्रयास है, रचना की पुनर्रचना है।

## संदर्भ ग्रंथ

१-ख्वाजा अहमद अब्बास- फिल्म कैसे बनती है– नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, २००५

२-मृत्युंजय (सं)- सिनेमा के सौ बरस – शिल्पायन, २००३

३-डॉ सुरेन्द्रनाथ तिवारी – शतरंज के खिलाड़ी – म.प्र.फिल्म विकास निगम मयार्दित

४-डॉ सुरेन्द्रनाथ तिवारी – भारतीय नया सिनेमा – अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, १९९६

५-कुलदीप सिन्हा- फिल्म निर्देशन- राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, २०११

६-ललित जोशी- बॉलीवुड पाठ, विमर्श के संदर्भ- वाणी प्रकाशन, दिल्ली, २०१२

## अँग्रेजी पुस्तक -

८- K.K Sharma (ed)- Film & Literature , K.K Publication, Delhi

## पत्रिकाएँ

१-हंस- हिन्दी सिनेमा के सौ साल – फरवरी-२०१३

२-तहलका – बॉलीवुड के दस साँचे – १५ जुलाई २००९

३-पटकथा-नवम्बर-दिसम्बर, १९८६

४-वसुधा ८१-हिन्दी सिनेमा- बीसवीं से इक्कीसवीं सदी तक

५-नया पथ- जनवरी-जून २०१३

६-नया ज्ञानोदय- अक्टूबर २०१४- उत्सव अंक

७-बहुब्रीहि- वर्ष १-अंक-२-( जनवरी-जून २०१४)

८- बहुवचन – अंक ३९( अक्टूबर-दिसम्बर, २०१३), म.गाँ.अ.हिन्दी विश्व-विद्यालय, वर्धा

९- Flash Back, Times Group Book, 2013

---

(असिस्टेंट प्रोफेसर), हिन्दी विभाग, कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुलबर्गा, कर्नाटक
Email : surajhilsayan@gmail.com Mobile : 876245854

# हिंदी फिल्मों में लहराता काव्यसागर

-श्रीमती तबस्सुम खान

दिल ढूंढता है फिर वही फुरसत के रातदिन
बैठे रहें तसव्वुरे जानाँ किए हुए

१९७६ में गुलजारजी के निर्देशन में बनी फिल्म मौसम का यह गीत आज भी संगीत प्रेमियों के कानों में रस घोल रहा है। मगर गीत का यह मुखड़ा दरअसल गालिब की गजल का मतला है और गीतकार गुलजार ने अपने गीत की शुरूआत में उसे प्रयुक्त करते हुए अपने चहीते शायर गालिब को श्रध्दा सुमन अर्पित किए है साहित्य विशेषतः कविता को जनसाधारण के दिलों में जगह दिलाने का श्रेय हिंदी फिल्मों को जाता है । हिंदी सिनेमा के संग हिंदुस्तानी भाषा के काव्य ने भी एक लम्बा सफर तय किया है जो रचनाएँ साहित्य की सीमित परिधि में कैद होकर केवल बुध्दिजीवियों का मन बहलाती रहीं, फिल्मों से जुड़ते ही उन्होंने आम आदमी के दिल में घर बना लिया २१ वी सदी के पहले दशक में बनी हिंदी फिल्मों का जायजा लें तो यह विदित होगा कि हर दूसरा या तीसरा गीत उर्दू भाषा की चाशनी में डूबा हुआ है, हाँ यह वही उर्दु भाषा है जिसे मृत भाषा घोषित कर दिया गया था।

हिंदुस्तानी भाषा को दोनों रूपों अर्थात हिंदी एवं उर्दु द्वारा लाखो करोड़ो लोगों से जोड़े रखने का सब से सशक्त माध्यम "बॉलीवुड" साबित होता आया है । १९३१ में बनी पहली बोलती फिल्म आलमआरा से चली यह परम्परा आज भी जारी है। हिंदी फिल्मी गीतों में कविता के प्रयोग एवं प्रभाव पर हम यहाँ संक्षिप्त रूप से चर्चा करेंगे और कविता पर फिल्मी गीतों के प्रभाव पर भी सोदाहरण एक सरसरी नजर डालते हुए आगे बढ़ेंगे।

उर्दू गजलों एवं नजमों का हिंदी फिल्मों गानों के रूप में प्रयोगः

उर्दू के लोकप्रिय एवं चर्चित कवियों जैसे गालिब, मीर, मोमिन और बहादुर शाह जफर से लेकर साहिर, कैफी आजमी निदा फागली और जावेद अख्तर इत्यादि की शायरी समय समय पर हिंदी फिल्मों की शोभा बनती चली आ रही है। कविता से नगमो के रूप मे ढलकर इन रचनाओं ने भारतीय जनमानस के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी है। वाजिदअली शाह की सुंदर रचना "बाबुल मोरा नैहर छूटो ही जाए" और जगप्रसिद्ध गायक के ऐल सहगल की जादू भरी आवाज ने १९३८ में "स्ट्रीट सिंगर" फिल्म द्वारा धूम मचा दी थी १९५७ में बनी ऐतिहासिक फिल्म "लाल किला" में मुगल राज्य के अंतिम शासक बहादुर शाह जफर के जीवन की त्रासदी को दर्शाने के लिए उनकी दर्द में डूबी रचनाओं को संगीतबद्ध किया गया जैसे –लगता नहीं है दिल मेरा उजड़े दयार में तथा

न किसी की आँख का नूर हूँ
न किसी के दिल का सुरूर हूँ

१९५४ की फिल्म मिर्जा गालिब में गालिब की मशहूर गजलों द्वारा उनके जीवन की विविध झाँकियों को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करने का सफल प्रयास किया गया है । उदा. दिले नादाँ तुझे हुआ क्या है आखिर इस दर्द की दवा क्या है ।

यह न थी हमारी किस्मत कि विसाले यार होता
अगर और जीते रहते तो यही इंतजार होता

१९५९ में बनी फिल्म भाईबहन में डॉ. अल्लामा इकबाल के लिखे गीत सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्तां हमारा का सुंदर पयोग किया गया है रामप्रसाद बिस्मिल एक शायर ही नहीं बल्कि क्रांतिकारी भी थे जिन्होंने अनेक देशभक्ति की रचनाएँ लिखकर भारतीय जनमानस में आजादी की लहर दौड़ा दी थी उनकी यह पंक्तियाँ -

सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है
देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है

गाते हुए न जाने कितने मतवाले जेल गए और कितनों ने जान की बाजी लगा दी। हिंदी फिल्मों में भी जब जब देश भक्ति का माहौल बनाना होता है, तब फिल्म निर्माताओं को इसी रचना का आभार मानना पडता है १९६५ की शहीद और २००२ की "द लेजेंड ऑफ भगत सिंह" तथा २००६ की "रंग दे बसंती फिल्मों में यह पंक्तियाँ गूँजती हुई सुनाई देती हैं।

५०-६० के दशकों में मदन मोहन खैयाम रौशन और रवि जैसे संगीतकारों ने गजल की विधा को फिल्मों में प्रचलित करने में खूब योगदान दिया है यमन कल्याण और पहाड़ी रागों पर आधारित उनके मधुर संगीत ने गजलों को आम जनता के आस्वादन का विषय बनाने में सहायता की है। मुगले आजम, पाकीजा, बाजार और उमरावजान जैसी फिल्में अपनी दिल को छू लेनेवाली गजलों के कारण ही आज भी हमारे बीच चर्चित हैं।

उमरावजान फिल्म १९८१ में बनी थी मगर निर्माता ने अमीर खुसरो को श्रद्धांजलि देते हुए उनके गीत – काहे बियाही बिदेस को जगजीत कौर की दर्द भरी आवाज में प्रस्तुत किया बाजार फिल्म ने गजल परंपरा को हराभरा कर दिया उदा.-

दिखाई दिए यों कि बेखुद किया
हमें आप से भी जुदा कर चले (मीर तकी मीर)
फिर छिड़ी बात बात फूलों की
रात है या बारात फूलों की (मखदूम)

साहित्यकारों के फिल्मी दुनिया का योगदान का सफर और आगे बढता ही रहा केवल इतिहास के पन्नों में दफन शायरों की कृतियाँ को ही इस मायावी नगरी ने याद नहीं किया बल्कि आगे भी कई फनकार आकर इस कारवाँ से जुड़ते चले गए। प्रगतिशील लेखक संघ के परचम तले कई प्रतिभाओं ने अपने गीतों के मोती लुटाए और समाज के एक बहुत बडे जनसमुदाय को लाभान्वित किया वरना उनका कलाम केवल पढ़े लिखे वर्ग तक ही सीमित रह जाती ताली दोनों हाथों से बजती है । जहाँ फिल्मी दुनिया को यह अनमोल रत्न प्राप्त हुए वहीं पर फिल्मों ने भी उनकी खूब कदर की और रोजगार के सुनहरे अवसर भी प्रदान किए निदा फाजली की यह पंक्तियाँ इस सूरतेहाल को क्या खूब बयान करती है।

मीरो गालिब के शेरों ने किसका साथ निभाया है
सस्ते गीतों को लिखलिखकर हमने घर बनवाया है
हमसे पूछो इज्जतवालों की इज्जत का हाल कभी
हमने भी इस शहर में रहकर थोड़ा नाम कमाया है

जहाँ प्रगतिशील कवि फिल्मी दुनिया की चकाचौंध से अपने हिस्से की रोशनी हासिल करते रहे वहीं फिल्मों ने भी उनकी प्रतिभा को खूब भुनाया मजरूह सुलतानपुरी, साहिर, कैफा। फिराक, जाँ निसार अख्तर जैसे शायरो का कलाम समय समय पर छपता रहा और फिल्म निर्माताओं ने जब उनकी उन गैरफिल्मी शायरी को फिल्मों में पटकथा की माँग के अनुरूप ढाला तो दर्शकों को यही गुमान रहा कि यह रचना तेा बिल्कुल इसी सीन के लिए लिखी गई है चंद उदाहरण यहाँ पेश है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| फैज अहमद फैज | मुझसे पहली सी मोहब्बत मेरे महबूब न माँग | कैदी | १९५७ |
| कैफी आजमी | होके मजबूर मुझे उसने भुलाया होगा | हकीकत | १९६४ |
| साहिर लुधियानवी | चलो एक बार फिर से अजनबी बन जाएं हम दोनों | गुमराह | १९६३ |

आधुनिक युग के कवियों ने जब फिल्म उद्योग में कदम जमाने का प्रयास आरंभ किया तो इस दुनिया की नई तहजीब को आत्मसात करने के लिए उन्हें काफी समझौते भी करने पड़े कभी तो उनकी रचनाएँ ज्यों की त्यों अपना ली जाती मगर अक्सर फेरबदल कर कभी कुछ शब्द बदलने पड़ते तो कभी मुखडा बदलना पड़ता और कभी तो पूरी रचना को ही नए कलेवर में ढालने की नौबत आ जाती है। उदा. फिल्म प्यासा के एक मंजर में गुरूदत्तजी को वैश्याओं की दयनीय दशा का चित्रण करने के लिए साहिर की एक नज्म बेहद पसंद आई मगर फारसी के बोझिल शब्दों के प्रयोग से आम जनता को समझाना कठिन हो जाता इसलिए उन्होंने साहिर से पहला मिसरा बदलवा दिया जो इस प्रकार हो गयाा जिन्हें नाज हैं हिंद पर वो कहाँ है इस दर्द में डूबे गीत को सुनकर लोगों की आँखें नम हो उठीं।

कैफी साहब की कविता "औरत" को जब फिल्म तमन्ना के लिए चुना गया तो गाने की मुनासिबत से उन्हें उसे एक नया रूप देना पड़ा उठ मेरी जान मेरे साथ ही चलना है तुझे जावेद अख्तर की लिखी चार पंक्तियों की कविता या कता – कर्त्थइ आँखों वाली एक लडकी को जब फिल्म "डुब्लिकेट"१९९८ के लिए चुना गया तो वह एक गीत के रूप में उभर कर सामने आया कभी एक शब्द बदलने से ही बात बन जाती है जैसे फिल्म "कभी कभी" में साहिरजी ने लिखवा मैं पल दो पल का शायर हूँ, जबकि उनकी कविता में शब्द थे मैं हर एक पल का शायर हूँ गुलजार की कविता है मुझ से एक नज्म का वादा है मिलेगी मुझको मगर फिल्म आनंद के लिए जब इसे बेहद नाटकीय ढंग से प्रस्तुत किया गया तो नज्म के स्थान पर कविता कर दिया गया फिल्मी गीतों को कविता के बेहद निकट ले जाने का श्रेय गुलजारजी को भी जाता है जिन्होंने इन गीतों को एक शायराना मोड़ दे दिया है १९७५ में बनी फिल्म आँधी के एक गीत को मिसाल के तौर पर लिया जा सकता है जहाँ उन्होंने अपनी कविता "मोड़" की पहली दो पंक्तियों को एक गीत के आरंभ में लिया-

इस मोड़ से जाते हैं कुछ सुस्त कदम रस्ते कुछ तेज कदम राहें
पत्थर की हवेली को शीशों के घरौंदो में तिनकों के नशेमन तक

## कविताओं और फिल्मी गीतों का मधुर संगमः

प्रगतिशील कवियों ने जहाँ फिल्मी गीतों को एक नई भाषा नए मुहावरें और नए अंदाज से परिचित करवाया, वहीं पर फिल्मी दुनिया के रोजगार से जुड़ते ही उनकी गैर फिल्मी रचनाओं पर भी इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से पड़ने लगे कविता का दायरा विस्तृत हो चला नई कल्पनाएँ, नए प्रयोग, नए शब्दों का भंडार बढ़ता चला गया और नतीजा काव्य अधिक समृद्ध हो चला । मगर जो आजदी कवियों को हासिल थी वह अब नहीं रही क्योंकि अब वह लगातार दबावों में लिखने लगे थे कहानी और सीन की माँग धुनों में बैठने वाले शब्दों का चुनाव कम शब्दों में अधिक कहने की मजबूरी ने उन्हें सीमाबद्ध कर दिया एक गीत के लिए अब उन्हें संगीतकार निर्देशक पटकथाकार और धुन बनानेवाले कम्पोजर के साथ मिलकर जुगाड़, करना पड़ता जो कि एक कवि के मार्ग में काँटों का जाल बिछा देता है किंतु इसका सकारात्मक पहलू भी उभर कर सामने आया जब कवियों के विचारों को पंख लग गए। शब्द नई तर्ज पर ढलने लगे तुकबंदी सरल हो चली कविता की काया को अब एक नया चोला पहना दिया गया और एक नई भावक्रांति ने हलचल मचा दी निम्न कोटि की समझे जानेवाले फिल्मी नज्म अब एक नई सांस्कृतिक भूमि तैयार करने लगी और किताबों में बंद साहित्यकार के शाहकार अब गली गली में आम आदमी की जबान तक पहुँच गए फिल्मी गीतों में बात प्यार के इजहार से आगे नहीं बढ़ पाती थी ।

मगर प्रगतिशील कवियों के संपर्क में आते ही यहाँ भी तूफानी गरज सुनाई देने लगी । जीवन का कटु यथार्थ इन गीतों में समाने लगा और अब पूँजीवाद, शासन तथा खुदाई के साथ अपने शिकवे शिकायतें दर्ज करने का अवसर इन मार्क्सवादी कवियों को भलीभांति मिलने लगी सर्वहारा के रूप में एक ओर प्रेमी थे तो दूसरी तरफ सरमायादार के रूप में समाज के ठेकेदार और कवि पुकार उठा वो सुबह कभी तो आएगी या यह दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है। साहिर

लुधियानवी फिल्म फिर सुबह होगी) फिल्मी प्रभाव ने गीतों के समान कविता के कलेवर को बदला और आजाद शायरी का दौर शुरू हो गया।

हिंदी सिनेमा में गजल भावों और संवेदनाओं का वह उफान लेकर आई जो कि अब तक इस भौतिकवादी क्षेत्र में प्रायः लुप्त हो चला था गीतकार शैलेन्द्र और राजेन्द्र कृष्ण ने भी गजलों पर जोर आजमाईस शुरू कर दी थी उदा.-

हम से आया न गया, तुम से बुलाया न गया, राजेन्द्र कृष्ण देख कबीरा रोया १९५१) कुछ गीतकारों ने गजलों को आशिकी के घेरे से बाहर निकाला और उसे समाज की कटु सच्चाई से रूबरू करवा दिया

फिल्म "एक नजर" में गजल विधा का भरपूर प्रयोग किया गया है। निदा फाजली ने इस विधा को बढ़ावा देते हुए हिंदी फिल्म जगत में इसका बड़ी सुगमता और मोहकता से इस्तेमाल किया है। कभी किसी को मुकम्मल जहाँ नहीं मिलता, फिल्म आहिस्ता आहिस्ता) किसका चेहरा अब मैं देखूँ तेरा चेहरा देखकर, फिल्म तरकीब)

फिल्मी गीतों पर पड़ने वाले कविता या नजम के प्रभाव को श्रोताओं ने काफी सराहा तुकबन्दी और गागर में सागर भरने की कला के चलते इन फिल्मी कवियों ने कालजयी रचनाएँ संसार को दी है । उदा. मै जिंदगी का साथ निभाता चला गया, साहिर हम दोनों १९६०) तू इस तरह से मेरी जिंदगी में शामिल है, आप तो ऐसे न थे) यह मनमोहक गीत दरअसल निदा फाजली की नजम दिवानगी रहे बाकी का ही बदला हुआ रूप है।

## वर्तमान युग की फिल्मों में नए काव्य प्रयोगः

हिंदी फिल्मी संगीत के चाहनेवाले यह महसूस किए बिना नहीं रह सकते कि दिन प्रति दिन इन गीतों का स्तर गिरता चला जा रहा है। पश्चिमी धुनों को अपनाने की धुन में नए गीतकारों ने अब काव्य की आत्मा को ही कुचल दिया है। अब शब्दों की मिठास नही; बल्कि शोर मचाता हुआ रेप जेज् पॉप संगीत ही गूँजता रहता है कैफी, हसरत, शैलेन्द्र, शकील बदायूंनी जैसे गीतकारों के जहाँ को अलविदा कहने के कारण और नए कवियों के पेट की आग के आगे घुटने टेक देने के कारण फिल्मी दुनिया में एक शून्यता छा गई थी मगर जल्द ही इस मायानगरी ने शहरयार हसन कामल, निदा फाजली जैसे रचनाकारों का स्वागत किया जिन्होंने इस खालीपन को भरने की ओर कदम बढ़ाया उदाहरण के स्वरूप हम शहरयार की इस गजल को ले सकते हैं जो कि मुंबई की भीड़ में खोए एक टैक्सी चालक की बेचैनी को फिल्म गमन में पेश कर रही है।

सीने में जलन आँखों में तूफान सा क्यों है
इस शहर में हर शख्स परेशान सा क्यों है

इसी तरह हसन कमाल ने १९८३ में बनी फिल्म मजदूर के इस गीत के संग प्रगतिवादी आँदोलन की याद ताजा कर दी जहाँ सर्वहारा अपना हक, पूँजीपतियों से माँग रहा है

हम मेहनतकश जब इस दुनिया से अपना हिस्सा माँगेंगे
एक बाग नहीं एक फूल नहीं हम सारी दुनिया माँगेंगे

यही आक्रोश हमें जावेद की कविता में नजर आता है जो उन्होंने १९८३ की फिल्म मशाल के लिए लिखा था जिंदगी आ रहा हूँ मैं ।

गुलजार और जावेद अख्तर ने हिंदुस्तानी भाषा अर्थात हिंदी एवं उर्दू के सुंदर संगम के साथ साथ प्रादेशिक बोलियों के शब्दों का भी खुलकर प्रयोग किया है । अवधी, भोजपुरी, हरियाणवी, बोलियों का तड़का लगाने के साथ ही परंपरागत ब्रज भाषा का भी पात्रों की मुनासिबत से सुंदर प्रयोग किया है स्वदेश, लगान, ओमकारा, बंटी बबली, के गीतों ने इसी मिश्रित

भाषा के विशेष प्रयोग के कारण सफलता प्राप्त की है। हिंदी साहित्य की परंपरा को समृद्ध करने वाले मीराबाई के पदों का गुलजार ने फिल्म मीरार्बाइ में अच्छा प्रयोग किया है उदा. ए री मैं तो प्रेम दीवानी मेरा दर्द न जाने कोई तथा मेरे तो गिरधर गेापाल दूसरो न कोई गुलजार का ही लिखवा ढोला मारू फिल्म का गीत हिंदी की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति के दरवाजे खोल रहा है म्हारे राजा की रोको सवारी रे ।

गीतकार शैलेन्द्र ने १९५६ में कबीरी दोहे की छटा दिखलाते हुए फिल्म जागते रहो के गीत "जिंदगी ख्वाब है की

शुरूआत इस प्रकार की है - रंगी को नारंगी कहें बने दूध को खोया
चलती को गाड़ी कहें देख कबीरा रोया

मशहूर गजलों एवं कविताओं की कुछ पंक्तियों को फिल्मी गानों में बड़े, दिलकश अंदाज में पेश करने का चलन भी आम है जो कि सोने पर सुहागा का काम कर जाता है। मोमिन खाँ मोमिन की यह फड़कती हुई पंक्ति तुम मेरे पास होते हो कोंइ दूसरा नहीं होता राजेन्द्र कृष्ण ने १९६० की फिल्म लव इन शिमला में गीत ऐ मेरे शाहे खुबा की दूसरी पंक्ति में ढाल है। १९८१ में बनी फिल्म एक दूजे के लिए के एक लोकप्रिय गीत में आनंद बख्शी ने गालिब की गजल के मिसरे "इश्क पर है जोर नहीं" का प्रयोग करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देने की नीयत से आगे जोडा है गालिब ने कहा है इसीलिए। हाल में ही बनी फिल्म किक का भी एक पात्र गालिब की पंक्तियों को दोहराता हुआ नजर आया पहले आती थी हाले दिल पे हसी अब किसी बात पर नहीं आती फिल्म सिलसिला में जावेद अख्तर ने रूमानी कविता को बिल्कुल कविता के ही अंदाज में पेश किया था मैं और मेरी तन्हाई अक्सर यह बातें करते हैं। अमिताभजी की जादू भरी आवाज ने इस रचना को चार चाँद लगा दिए हैं फिल्म फना और जिंदगी न मिलेगी दोबारा में भी कवितापाठ की यह मनमोहक परंपरा निभाई गई और दर्शकों ने इसे काफी सराहा भी है।

हमारी संस्कृति की धरोहर हिंदी और उर्दू भाषा हिंदी सिनेमा के माध्यम से आज देश विदेश के लाखों करोड़ों दिलों पर राज कर रही है। कट्टरपंथी भले ही शोर मचाए मगर भाषा के वजूद को बनाए रखने के लिए सिनेमा जैसा ही कोई सशक्त माध्यम आज समय की माँग बन चुका है नयी पीढ़ी यदि हमारी तहजीब को इस माध्यम द्वारा गले लगाने की जिद पर आमादा है तो हमें एतराज क्यों है ? संकट के बादल भले ही आज हमारी प्रांतीय भाषाओं पर लहरा रहे हैं मगर यह एक क्षणिक ठहराव है। अल्हड़ नदी के समान बहती यह भाषाएँ जल्द ही कोई नई राह तलाश कर लेंगी इसी बात का यकीन दिलाते हुए जावेद साहब ने १९९४ में बनी फिल्म "१९४२ ए लव स्टोरी" में एक गीत का आरंभ फैज अहमद फैज की इन पंक्तियों से किया है

दिल नाउम्मीद तो नहीं, नाकाम ही तो है
लम्बी है गम की शाम,मगर शाम ही तो है ।

## संदर्भ :

१. यार जुलाहे, गुलजार, वाणी प्रकाशन
२. मीलों से दिन, गुलजार, रूपा एण्ड कम्पनी
३. सफर में धूप तो होगी, निदा फाजली वाग्देवी प्रकाशन
४. चाँद पुखराज का, गुलजार संगेमेल प्रकाशन, लाहौर
५. भारतीय सिनेमा, एक अनंत यात्रा, प्रसून सिन्हा, श्री नटराज प्रकाशन
६. हंस पत्रिका फरवरी २०१३ का अंक

हिंदी विभागाध्यक्ष, रॉयल महाविद्यालय मीरा रोड, थाने

# सामाजिक परिवर्तन में सिनेमा की भूमिका

-डॉ. मिर्झा अनिसबेग रज्जाकबेग

सिनेमा और समाज का रिश्ता बहुत गहरा है। सिनेमा समाज से प्रेरित होता है और समाज में रहने वाले लोग सिनेमा से प्रभावित होते हैं। सिनेमा को समाज का आईना कहा जा सकता है। जो कुछ आमतौर पर देश समाज में होता है, वो थोड़े-बहुत फेरबदल के साथ सिनेमा में अभिव्यक्त होता है- जैसे-जैसे समाज बदलता है, सिनेमा भी बदलता है जिस तरह देश ने अलग-अलग दौर देखे हैं, हमारे हिन्दी सिनेमा ने भी उन्हीं दौरों को अपने तरीके से अभिव्यक्त किया है। हम अपने देश समाज के इतिहास की तरह ही हिन्दी फिल्मों के इतिहास को भी विभाजित कर सकते हैं। भारत में सिनेमा सब के मन को छूने की क्षमता रखता है। वह इसलिए कि सिनेमा हमारे अन्दर दबी भावनाओं, इच्छाओ व आशाओं से मेल खाता है। सिनेमा के पर्दे पर जनमानस अपने आप को, अपनी जिन्दगी को, अपनी खुशी व गम को देखते हैं और उसमें डूब जाते हैं। यहां हमारी विविधता में ही समानता है। और यही मंत्र हमारा सिनेमा अपनाता है।

भारतीय सिनेमा के सौ वर्षों के इतिहास में हिंदी फिल्मों ने भारत की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सरोकारों को विश्व के सम्मुख प्रस्तुत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिंदी फिल्मों ने मनोरंजन के साथ साथ भारतीय जीवन के विविध पहलुओं को बदलते परिवेश में चित्रित करने में सफलता हासिल की है। हिंदी फिल्मों की सबसे बड़ी विशेषता जीवन में व्याप्त हर तरह की संवेदना को दर्शाना रहा है। भारत में सिनेमा के उदय काल से ही इस माध्यम का प्रयोग फिल्म फ़िल्मकारों ने देश में राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना जगाने के लिए किया। सिनेमा का जन्म सिर्फ मनोरंजन परोसकर पैसे कमाने के लिए नहीं हुआ है। सदा से सिनेमा के मजबूत कन्धों पर देश-काल और सामाजिक दायित्व का दोहरा बोझ भी हुआ करता है। अपने प्रारम्भिक काल से ही सिनेमा अपने मनमोहक लुभावने अंदाज के साथ-साथ अपनी सरल और प्रभावशाली संप्रेषणीयता के कारण लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। भारतीय सिनेमा की तो हमारे जहन में भारत की संस्कृति, सभ्यता, इतिहास, भाषा पहले आती है, क्योंकि भारतीय सिनेमा का इन सबसे बहुत गहरा नाता है, जैसे जैसे वक्त बदल रहा वैसे वैसे सिनेमा का रूप बदल रहा.. सभ्यता, संस्कृति, भाषा व इतिहास को सिनेमा जगत में बड़ी खूबसूरती से दर्शाया गया, रिश्तों की खूबसूरती, तो कभी उलझे हुए रिश्ते भी फिल्मो में देखने को मिलते हैं जो कि कहीं न कहीं हमारी जातीय जिन्दगी पर आधारित होते हैं,जिनकी कहानी हमें हमारी जिन्दगी से जुडी हुई लगतीं है..बदलते हुए समाज का रूप रंग व स्वरूप हमें भारतीय सिनेमा में ब-खूबी देखने को मिलता है।

दरअसल हमेशा यह कहना कठिन होता है कि समाज और समय फिल्मों में प्रतिबिम्बित होता है या फिल्मों से समाज प्रभावित होता है। दोनों ही बातें अपनी-अपनी सीमाओं में सही हैं। सीधी सी बात है: जिस तरह दुनिया के किसी भी समाज, किसी भी व्यक्ति के दो पहलू होते है। अच्छा और बुरा, उसी तरह से सिनेमा भी दोनों तरह की फिल्में दिखाता है अच्छी और बुरी। अब यह उसे देखने वाले के ऊपर है कि वह क्या आत्मसात करता है, अच्छी बात, कि बुरी बात! कहानियां कितनी भी काल्पनिक हों कहीं तो वो इसी समाज से जुड़ी होती हैं। यही फिल्मों में भी अभिव्यक्त होता है।

भारतीय सिनेमा के सौ वर्षों के इतिहास में हिंदी फिल्मों ने भारत की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सरोकारों को विश्व के सम्मुख प्रस्तुत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिंदी फिल्मों में मनोरंजन के साथ साथ भारतीय जीवन के विविध पहलुओं को बदलते परिवेश में चित्रित करने में सफलता हासिल की है। हिंदी फिल्मों की सबसे बड़ी विशेषता जीवन में व्याप्त हर तरह की संवेदना को दर्शाना रहा है। भारत में सिनेमा के उदय काल से ही इस माध्यम का प्रयोग फिल्म फ़िल्मकारों ने देश में राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना जगाने के लिए किया। आज़ादी से पहले की

फिल्मों के मुख्य विषय स्वतन्त्रता संग्राम, अंग्रेजी राज से मुक्ति के प्रयास और देशभक्त वीरों के बलिदान की कथाओं पर आधारित रहे। हिंदी फिल्मों का प्रथम दौर ऐतिहासिक और धार्मिक फिल्मों का था सिकंदर, पुकार, झांसी की रानी जैसी महान ऐतिहासिक फिल्मों ने लोगों में देश प्रेम की भावना को उद्दीप्त करने का माहौल बनाया। भारतीय नवजागरण आन्दोलन से प्रेरित और प्रभावित होकर फ़िल्मकारों की दृष्टि भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों और कुप्रथाओं की ओर गई। फ़िल्मकारों ने इस सशक्त माध्यम के द्वारा एक कारगर परिवर्तन और सुधार को समाज में प्रचारित करने के लिए महत्त्वपूर्ण फिल्में बनाई जिनकी प्रासंगिकता आज भी कायम है।

भारतीय किसान जीवन की त्रासदी को विमल राय ने १९५३ में "दो बीघा जमीन" फिल्म में जिस यथार्थ के साथ प्रस्तुत किया वह मर्मातक है। पूँजीपतियों के द्वारा गरीब किसानों की जमीन को बड़े बड़े उद्योगों के लिए हड़प लेने के षडयंत्र की दारुण और अमानवीय कथा कहती है यह फिल्म। बेमेल विवाह की समस्या पर आधारित "दुनिया न माने" स्त्रीत्व की गरिमा को बेहद खूबसूरती से उभारती है। इसी क्रम में उनकी "दो आँखें बारह हाथ" भी एक प्रयोगात्मक और संदेशात्मक फिल्म थी जिसमें पहली बार वे सजायाफ्ता मुजरिमों के चरित्र में बदलाव लाने के लिए उन्हें बंद कारागारों से बाहर निकालकर मुक्त ग्रामीण परिवेश में खेतीबाड़ी करवाकर उनमें मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं। हिंदी फिल्मों के सामाजिक सरोकार को बलपूर्वक दर्शाने वाली फिल्मों में अस्पृश्यता की समस्या को प्रस्तुत करने वाली पहली फिल्म सन् १९३६ में निर्मित "अछूत कन्या" थी जो गांधी जी के सुधार आंदोलन से प्रेरित थी। विधवा विवाह को सामाजिक मान्यता दिलाने के लिए बी आर चोपड़ा ने "एक ही रास्ता" (१९५८) बनाई। अविवाहित मातृत्व की समस्या से जूझने वाली स्त्रियों के जीवन के बिखराव और उसकी परिणति को दर्शाने वाली सशक्त फिल्म सन् १९५९ में ही "धूल का फूल" बी आर चोपड़ा के ही निर्देशन में आई। बी आर चोपड़ा अपनी एक और फिल्म "इंसाफ का तराजू"(१९५९) बलात्कारित पीड़िता को न्याय दिलाते हैं। राजकपूर द्वारा निर्मित "प्रेमरोग" (१९८२) में आभिजात्य परिवार की विधवा युवती का विवाह सामान्य वर्ग के युवक से करवाकर वर्ग वैषम्य को मिटाने की पहल की है की गई है। इसी श्रेणी में आर के फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म "प्रेमग्रन्थ" भी आती है जो कि बलात्कारित स्त्री के उत्पीड़न और तद जनित परिणामों को दर्शाती है। "लज्जा" जिसमे तीन विभिन्न परिवेशों की तीन शोषित स्त्री पात्रों के दारुण शोषण और मुक्ति के संघर्ष को दर्शाया गया है। चर्चित सामाजिक आलोचक "प्रकाश झा" "मृत्युदंड" में ग्रामीण वातावरण में स्त्री के यौन शोषण और कर्मकाण्डी धार्मिक व्यवस्था द्वारा स्त्री की दुर्गतिके प्रयासों के विरुद्ध स्त्रियों के संघर्ष को दर्शाया गया है। महबूब खान द्वारा निदेर्शित फिल्म "मदर इंडिया" भारतीय किसान नारी के संघर्ष और त्रासदी की महागाथा है। जमींदारी अन्याय से लड़ते लड़ते गांवों में डाकुओं की जमात भी तैयार होती है। ग्रामीण सामंती अत्याचार से उत्पन्न डाकू समस्या को उजागर करने वाली फिल्मों में "मुझे जीने दो", गंगा जमुना, शेखर कपूर की बैंडिट क्वीन प्रमुख हैं। इसी श्रेणी में विभाजन की त्रासदी पर भी कुछ बहुत श्रेष्ठ फिल्में बनी हैं जो कि विभाजन के दर्द को ताजा. कर जाती हैं। चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा निर्मित - "पिंजर", १९४७ अर्थ, तमस आदि महत्वपूर्ण हैं। इसके अतिरिक्त गुजरात के दंगों पर आधारित "परजानिया" आदि बहुत ही प्रभावशाली फिल्में हैं जो देशवासियों को इन समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाती हैं और इन विषयों पर सोचने के लिए मजबूर करती हैं।

भूमंडलीकरण और पाश्चात्य जीवन शैली के अनुकरण के कारण आज के युवाओं की व्यस्तता और उस व्यस्तता से जीवन में उपजे संत्रास, घुटन और कालांतर में आए खोखलेपन की आज जो स्थिति है, उसे हृषिकेश मुखर्जी ने चालीस साल पहले ही उस विषय पर अपना दृष्टिकोण सिद्ध कर दिया था। उनकी आनंद, मिली, गुड्डी, खूबसूरत, अभिमान आदि फिल्में यही अहसास कराती हैं। हिंदी फिल्मों में पारिवारिक मूल्यों और संबंधों को सुदृढ रखने की परंपरा को प्रोत्साहित करने वाले कथानकों पर आधारित फिल्मों की एक सुदीर्घ श्रृंखला फिल्मी संस्कृति की देन रही है। मध्यवर्गीय पारिवारिक

जीवन के सुख-दुखों का चित्रण दक्षिण भारतीय हिंदी फिल्मों की विशेषता रही है। सम्मिलित परिवार परंपरा तथा दाम्पत्य संबंधों की जटिलता को सुलझाकर एक स्वस्थ सामाजिक जीवन की ओर इंगित करने वाली ये फिल्में रहीं हैं। घराना, भाभी, ससुराल महत्वपूर्ण हैं।

मुझे भारतीय सिनेमा की यह बड़ी ताकत लगती है कि उसने सामुदायिक मनोरंजन का एक बहुत बड़ा जिम्मा अपने ऊपर लिया। यह बात तब और मानीखेज लगती है, जब सौ साल पहले शुरू हुए हमारे मुल्क के सिनेमा को समाज खुले मन से स्वीकार करने को तैयार न था। हालत यह थी कि फिल्मों में काम करने को शरीफ घराने की लड़कियां एक बुरा पेशा मानती थीं। लेकिन धीरे-धीरे हालात बदले। सिनेमा भारतीय मन-मिजाज में बसने और उसे बदलने में जुटा रहा। इसके लिए फिल्ममेकर्स ने एक तरफ समाज की नब्ज टटोली, वहां से कहानियां उठाईं, तो दूसरी तरफ पर्दे पर समाज को आगे ले जाने वाली सोच को भी दिखाया। इससे सिनेमा और आम आदमी के बीच बहुत मजबूत रिश्ता बना। कहना चाहिए कि दूसरे ऐतिहासिक कारकों की तरह फिल्मों ने भी हमारे समाज को गढ़ने में योगदान किया है। हिंदी फिल्में हर युग में बदलती परिस्थितियों के साथ भारतीय समाज के हर रूप और रंग को किसी न किसी रूप में प्रस्तुत करने में सफल हुई हैं। आज का दौर फिल्मों का ही दौर है। फिल्में ही मुख्य मनोरंजन और ज्ञान-विज्ञान को संवृद्ध करने का कारगर साधन है। फिल्म प्रस्तुतीकरण की शैली में बदलाव अवश्य दिखाई देता है किन्तु इसके केंद्र में व्यक्ति और समाज के अंतर्संबंध ही रहे हैं। निश्चित रूप से फिल्में समाज को एक नई सोच दे सकती हैं।

---

अध्यक्ष हिन्दी विभाग, महिला कला महाविदयालय, औरंगाबाद. Mobile : 9403409240

# सिनेमा और सामाजिक परिवर्तनः एक शोध

- सबीहा मोरे

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है समाज में होने वाली प्रत्येक घटनाओं से मनुष्य प्रभावित होता है तथा अपनी गतिविधियाँ से को समाज को प्रभावित भी करता है कहते हैं कि परिवर्तन संसार का नियम है समय की गति से कोई बच नहीं पाया है जाहिर है समाज में चिर काल से लेकर आज तक काफी परिवर्तन आये हैं और आना भी चाहिए जो समाज समय की मांग के अनुसार परिवर्तित नहीं होता वह या तो विकास की दौड़ में पिछड़ जाता है या प्रगति के इतिहास में अपना नाम दर्ज नहीं करा पाता है सामाजिक परिवर्तन, प्रक्रिया में समाज की संरचना एवं कार्यप्रणाली का एक नया जन्म होता है। इसके अन्तर्गत मूलतः प्रस्थिति, वर्ग, स्तर तथा व्यवहार के अनेकानेक प्रतिमान बनते एवं बिगड़ते हैं। समाज गतिशील है और समय के साथ परिवर्तन अवश्यंभावी है।

आधुनिक संसार में प्रत्येक क्षेत्र में विकास हुआ है तथा विभिन्न समाजों ने अपने तरीके से इन विकासों को समाहित किया है, उनका उत्तर दिया है, जो कि सामाजिक परिवर्तनों में परिलक्षित होता है। इन परिवर्तनों की गति कभी तीव्र रही है कभी मन्द। कभी-कभी ये परिवर्तन अति महत्वपूर्ण रहे हैं तो कभी बिल्कुल महत्वहीन। कुछ परिवर्तन आकस्मिक होते हैं, हमारी कल्पना से परे और कुछ ऐसे होते हैं जिसकी भविष्यवाणी संभव थी। कुछ से तालमेल बिठाना सरल है जब कि कुछ को सहज ही स्वीकारना कठिन है। कुछ सामाजिक परिवर्तन स्पष्ट है एवं दृष्टिगत हैं जब कि कुछ देखे नहीं जा सकते, उनका केवल अनुभव किया जा सकता है। हम अधिकतर परिवर्तनों की प्रक्रिया और परिणामों को जाने समझे बिना अवचेतन रूप से इनमें शामिल रहे हैं। इन अनदेखे कारणों में से एक कारण है सिनेमा।

आज के आधुनिक युग में फिल्में मनोरंजन का अच्छा साधन है। फिल्में हमारे जीवन का एक आईना है। इसके अंदर हम हमारे बदलते परिवेश व समाज को भली-भांति से देख सकते हैं। फिल्मों का समाज पर बुरा व अच्छा दोनों प्रकार का प्रभाव पड़ता है। फिल्मों ने ही लोगों को उनके अधिकारों के विषय में जाग्रत किया है। सामाजिक समस्याओं, देश संबंधी और राजनिति में बढ़ते भ्रष्टाचार जैसे विषयों पर फिल्में बनाकर लोगों को इससे अवगत कराया है १९२० से २०१४ तक सिनेमा ने हर काल में सामजिक जागृति का कार्य किया है । आईये इस पर कुछ प्रकाश डाला जाये । सामाजिक परिवर्तन की दिशा में सिनेमा ने अवश्य ही सराहनीय कार्य किया है ।

१. देश भक्ति और राष्ट्र त्याग की भावना को जागृत करने मेंः सबसे प्रसिद्ध देशभक्ति फिल्म ज्ञान मुखर्जी की किस्मत (१९५३) थी। भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे बडी. व्यावसायिक हिट में से एक यह है जिस का जर्मन और जापानी विरोधी गीत पूरे भारत में प्रसिद्ध हो गया था । १९४० के दशक और १९६० के दशक के बीच के वर्षों में अत्यंत लोकप्रिय रही।

पहली देशभक्ति फिल्मों में लक्ष्मी बाई(१९५३) शामिल है जिसे सोहराब मोदी ने बनाया था। यह उनका अत्यंत प्रिय प्रकल्प था जिसके लिये उन्होंने होलीवुड से विशेषज्ञों को बुलवाया था । हेमन गुप्ता ने, आनन्द मठ (१९५२) बनाया जो एक बंगाली निर्देशक थे। फिल्म बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा एक उपन्यास की चर्चा की गयी है। यह एक सन्यासी (तपस्वी) के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ १८वीं सदी के विद्रोह की बात करती है। चेतन आनंद और नवकेतन फिल्म्स ने बलराज साहनी, विजय आनंद, सुलोचना, धर्मेंद्र और दूसरे प्रतिष्ठित अभिनेताओं के साथ हकीकत(१९६४) बना दिया। यहाँ भारत-चीन युद्ध की चर्चा की गयी है। एक अन्य महत्वपूर्ण फिल्म कई लोकप्रिय देशभक्ति गीतों के साथ, एस राम शर्मा

द्वारा बनायी गयी थी नाम था शहीद (१९६५)। विशेष रूप से इस फिल्म में भगत सिंह, जय राजगुरु और सुखदेव ने क्रांतिकारियों के रूप में स्वतंत्रता के लिए किये संघर्ष को पेश किया गया है।

सत्येन बोस द्वारा दिग्दर्शित जागृति (१९५४) जिस में एक अमीर बच्चे का देश के प्रति समर्पण दर्शाया गया है । मनोज कुमार दिग्दर्शित पूरब और पश्चिम (१९७०) जिसमें देश के गौरव और परम्परा का गुणगान किया गया । जे.पी. दत्ता दिग्दर्शित बॉर्डर (१९९७) जिसमें भारतीय सेना के अदम्य साहस और देशभक्ति की दास्तान को दर्शाया गया । श्याम बेनेगल दिग्दर्शित बोस : द फॉरगॉटन हीरो (२००४) ने सुभाष चन्द्र बोस की निस्स्वार्थ भक्ति को लोगों के सामने पेश किया तो ओम प्रकश मेहरा दिग्दर्शित रंग दे बसंती (२००४) ने नवजवानों में देश के प्रति अपने फ़र्ज और देश का कर्ज है इन दोनों ही बातों को देश के सामने रखा इन सारी फिल्मों ने जन मानस में राष्ट्र भक्ति का नया संचार कर दिया था । सारे देशवासी बस देश पे मर मिटने को तैय्यार दिखाई देते थे दुश्मनों से दौड़ दो-दो हाथ करने को तन मन धन से तैय्यार थे सोचिये कि अगर यह फिल्में ना होती तो क्या यह राष्ट्र भक्ति, यह जूनून, यह बलिदान की भावना कभी विकसित हो पाती ?

२. खेलों के प्रति नयी दिशा और दशा का संचार: हमारे देश में क्रिकेट एक धर्म है, और सचिन भगवान । इस मुद्दे को कई झुठला नहीं सकता । इतिहास के पिछले ६७ वर्षों में भारत में केवल और केवल क्रिकेट की ही बातें होती हैं । इतना कि हमारे राष्ट्रीय खेल हॉकी को लोग भूल चके थे । अब तक हमारे भारतीए फिल्में सिर्फ और सिर्फ क्रिकेट पर ही फिल्में बनाती थी । अव्वल नंबर, लगान, स्टंप्ड, विक्ट्री, पटियाला हाउस, जन्नत कुछ ऐसी फिल्में हैं जो क्रिकेट की दुनिया में उपस्थित विभिन्न समस्याओं का निरीक्षण और समाधान दोनों ही ढूढ़ती हैं । यह फिल्में क्रिकेट से शुरू हो कर क्रिकेट पे खत्म हो जाती हैं। तभी यश राज फिल्म्स द्वारा निर्मित शिमित अमिन दिग्दर्शित, चक दे इंडिया (२००७) प्रदर्शित की गयी। इस फिल्म ने मानो भारतीय समाज में खेलों का एक नया अध्याय लिख दिया । अबतक क्रिकेट के नशे में लिप्त जनता को सोचने का नया झरोखा मिल गया । अचानक अन्य खेलों के प्रति आकर्षण और लगाव पैदा हो गया । इस फिल्म ने यह साबित किया कि हॉकी भी भारत को उतना ही सम्मान दिला सकती है जितना क्रिकेट इस के बाद भारत में हॉकी की लीग बनी, भारत में हॉकी के खिलाड़ियों को पैसा और आभार - निहारीका रविया सम्मान दोनों ही मिला। लोगों ने अपने बच्चों को हॉकी खेलने का प्रोत्साहन, मौक़ा और साधन सब दिया । देश में अनेक हॉकी की संस्थाएं खुल गयी हैं ।

इस के बाद तिग्मांशु धूलिया की पान सिंह तोमर (२०१२ ), ओम प्रकाश मेहरा की भाग मिल्खा भाग (२०१३) और ओमंग कुमार द्वारा निदेर्शित मैरी कॉम (२०१४) प्रदर्शित की गयी। एक स्टीपल चेज पे आधारित थी, दूसरी एथलेटिक पर आधारित थी तथा तीसरी मुक्के बाजी पर आधारित थी। फिल्मों ने कमाई कितनी की इस बात की मैं कोई चर्चा नहीं करना चाहती हूँ पर इन फिल्मों ने समाज में क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों में बच्चों की प्रतिभा को पहचाना और प्रोत्साहित किया। समाज में खेलों के प्रति एक नयी लहर पैदा हुई तथा अन्य खेलों को भी पहचान और सम्मान दोनों ही प्राप्त हुआ।

३.स्त्री सशक्तिकरण तथा स्त्री समस्याओं को उजागर करने में : भारत जैसे विकसनशील देश में नारी की स्थिति अभी भी दयनीय तथा त्रासदी से परिपूर्ण है । मंगल ग्रह तक यान के पहुंचने के बाद भी हमारी बेटियां अपने पहचान की लड़ाई आज भी लड़ रहीं हैं । स्त्री भूण हत्या, दहेज की मांग, बलात्कार, घरेलू हिंसा, नौकरियाँ तथा संसद में अपनी उपस्थिति दर्ज करने में अभी भी औरतें असफल रहीं है। यह स्थिति और भी विकट होती यदि फिल्मों ने प्रबोधन का कार्य ना किया होता ।

इसकी शुरूवात की मेहबूब खान ने मदर इंडिया(१९५७) बना कर । उन्होने नर्गिस के रूप में एक ऐसी महिला का किरदार लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया जिसने हालात से समझौता नहीं किया, हालात से अकेली लड़ी और सच्चाई और न्याय का साथ कभी नहीं छोड़ा । इस किरदार से अनेकों स्त्रियों ने बल, साहस और प्रेरणा प्राप्त की । जीवन त्यागने के चयन से परे जीवन जीने के पर्याय को चुना । फिर आयी महेश भट्ट द्वारा निदेर्शित अर्थ (१९८२) में जिसमें शबाना आजम़ी ने पूजा के किरदार में एक ऐसी स्त्री की भूमिका निभायी जिस ने मेहेरबानी और सुख सुविधा के पर्याय को छोड़ कर संघर्ष और आत्म सम्मान को चुना । पैर की जूती बनने के बजाय वह परिस्थितियाँ से संघर्ष करना बेहतर समझती है। इस फिल्म ने औरत के आत्म सम्मान को बहुत ही गहराई से जगाया था ।

महेश मंझरेकर की अस्तित्व (२०००) ने नारी के अधिकार की बात की,राज कुमार संतोषी की लज्जा (२००१) ने नारी की अनेक समस्याओं को एक साथ दर्शाया, दीपा मेहता की फायर (१९९६) और वाटर (२००५) भी नारी की इच्छाओं तथा वैधव्य की सच्चाई को उजागार करती है। चांदनी बार(२००१) में मधुर भंडारकर द्वारा निर्देशित फिल्म ने वेश्यावृत्ति, डांस बार और अपराध में फाँसी एक महिला का रोचक किरदार मुमताज के रूप में प्रस्तुत किया और ऐसी महिला के विचार और चरित्र को नजद़ीक से जानने का मौका दिया । इसके बाद बार बालाओं को समाज में संघर्ष करना पड़ा । नारी के अन्तःकरण की भावनाएं पहुचाने में फिल्मों ने बेशक एक अहम भूमिका निभायी है ।

४.जाति भेद के प्रति उदारवादी दृष्टिकोण स्थापित करने मेंः हमारा देश सदियाँ से जातिभेद की समस्या से जूझ रहा है। महात्मा फुले और साहेब अंबेडकर के अथक प्रयासों के बावजूद आज के समय में खैरलांझी जैसे हादसे बार बार दिखाई और सुनायी देते हैं । यह और भी भयावह होता यदि कुछ अच्छी फिल्मों ने समाज में प्रबोधन का कार्य न किया होता ।

इस सूची में सब से पहला नाम आता है, फ्रान्ज.ओजेऩ दिग्दर्शित अछूत कन्या (१९३६) का । यह एक ऐसी फिल्म थी जिसने करीब ८० साल पहले की जाति व्यवस्था की बात लोगों के सामने रखी अशोक कुमार ने प्रताप और देविका रानी ने कस्तूरी जो कि अछूत कन्या थीं की भूमिका में समाज के जातिभेद को समझने का प्रयत्न किया था । भारत के महान दिग्दर्शक बिमल रॉय ने भारतीय फिल्म इतिहास में एक नया अधयाय लिखा सुजाता (१९६०) बनाकर । इस फिल्म ने एक जो सब से बढ़िया काम किया वह था समाज में एक बात संचारित करने के लिये की सब के रगों में बहता खून एक है । यह यकीनन एक क्रांतिकारी फिल्म थी जाति भेद की समस्या को दर्शाने हेतु।

श्याम बेनेगल निर्मित अंकुर (१९७४) ने भी दलित कन्या की मनोव्यथा सम्मान और अस्तित्व को पर्दे पर उकेरा था, सत्यजीत रे दिग्दर्शित सदगति (१९८१) जिसमें अछूत से दक्षिणा लेने में सवर्णों को दिक्कत नहीं होती ओर उन की परछाई से सवर्णो को बहुत दिक्कत होती है । शेखर कपूर दिग्दर्शित बैंडिट क्वीन (१९९४) में एक छोटी जाति की लड़की पर होने वाले अत्याचारों से लेकर उसके डाकू बनने की यात्रा को दर्शाया । प्रकाश झा दिग्दर्शित आरक्षण (२००१) ने जाति आधारित आरक्षण तथा दलित समाज की समस्यायों को दर्शाया है । इन फिल्मों ने समाज में न्याय, समता, सौहाद्र और मानवतावादी दृष्टिकोण को चर्चित और संचारित किया है । इन फिल्मों ने निश्चित ही समाज के लोगों को जातिवाद और उससे जुड़ी समस्याओं को दिखा कर समाज की सोच में परिवर्तन का कार्य किया है ।

निष्कर्षः अंत में हम कह सकते हैं कि भारतीय फिल्मों ने अपनी सामजिक जिम़्मेदारी निभाने का प्रयत्न किया है । यह कितनी ईमानदारी के साथ किया है यह अवश्य वाद-विवाद का विषय बन सकता है परन्तु हर काल खंड में कुछ ऐसे निर्माता निर्देशक रहे हैं जिन्होंने अपनी सामाजिक जिम़्मेदारी स्वरूप सामाजिक समस्याओं को उजागर करने वाली फिल्में बनायी । उन्होने ये जाना और समझा कि सिनेमा एक ऐसा माध्यम है जो पूरे समाज को प्रभावित करता है । आज अनुवाद के दौर में तो भारत में बोली जाने वाली ३१ भाषाओं में किसी भी भाषा में फिल्में बनती है और अनुवाद के साथ

पटल पे दिखाई जाती है । यह आशा और विश्वास है कि आने वाले समय में भी भारतीय सिनेमा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी से मुंह नहीं फेरेगा और सामाजिक परिवर्तन में अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाएगा ।

## सन्दर्भ ग्रँथः

१.चटर्जी, गायत्री (२००२)। मदर इंडिया। ब्रिटिश फिल्म संस्थान। आईएसबीएन ९७८-0-८५१७0-९

२.एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका (इंडिया) प्रा. लिमिटेड; गुलजार; निहलानी, गोविंद (२००३)। हिंदी सिनेमा के विश्वकोश। लोकप्रिय प्रकाशन। आईएसबीएन ९७८-८१-७९९१-0६६-५ १७-८।

३.होगन, पैट्रिक कॉल्म (१ अक्टूबर २००८)। संस्कृति, अनुभूति, और सिनेमाई कल्पनाः भारतीय फिल्मों को समझना। टेक्सास विश्वविद्यालय प्रेस। आई सबीन ९७८-0-२९२-७१७८६-२।

## वेबसाइटः

1.www.erosnow.com
2.www.thebigindianpicture.com
3.www.indiangaleery.com

---

सहायक प्राध्यापक, श्रीमती सूरजबा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, जुहू, मुंबई ४०००४९

# सिनेमा और साहित्य

- डॉ सुमा टी. रोडन्नवर

सिनेमा और साहित्य समाज का दर्पण होता है । सिनेमा का सीधा संबंध साहित्य से जुड़ा हुआ है क्योंकि सिनेमा के लिए कथावस्तु की जरूरत होती है और कथावस्तु साहित्य से मिलती है । प्राचीन काल से लेकर आजतक जनमानस के बीच सिनेमा का क्रेज बना ही है । हिन्दी भाषा का प्रभाव तो सिनेमा-जगत में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है । आज साहित्य की तुलना में सिनेमा की लोकप्रियता अधिक बढी है, इसका मूल कारण हर अपढ़ वर्ग है जो साहित्य तो पढ़ नहीं सकता पर सिनेमा देखकर रसास्वाद ले सकता है । सिनेमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. अर्जुन तिवारी लिखते हैं – "चल-चित्र मानव की गहन अनुभूतियों और संवेदनाओं को प्रकट करनेवाला एक अत्याधुनिक माध्यम है, जिसमें लेखन, दृश्य, कल्पना, मंच निर्देशन, रूप-सज्जा के साथ प्रकाश विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स, कार्बनिक और भौतिक रसायन विज्ञान के तकनीकी योगदान है । यह सृजनात्मक और यांत्रिक प्रतिभा का सुंदर संगम है ।"

भारत में सिनेमा का इतिहास बड़ा रोमांचकारी है । सन् १९१३ से १९३० तक का समय मूक -सिनेमा का रहा । मूक फिल्मों के निर्माता "दादा साहेब फाल्के" भारतीय सिनेमा के "जनक" माने जाते हैं । दादा साहब फाल्के जी ने पहली मूकफिल्म "राजा हरिश्चन्द्र" बनायी थी । जो काफ़ी प्रसिद्ध रही तथा कई सालों तक जनमानस के स्मृतिपटल पर छायी रही । इसी से इसकी प्रसिद्धि का अंदाजा लगाया जा सकता है । उनकी अन्य फिल्में थी – भस्मासुर-मोहिनी, सत्यवान सावित्री, लंकादहन, कृष्णजन्म, कालिय-मर्दन आदि । भारतीय सिनेमा का शुरुआती दौर धार्मिक फिल्मों का रहा है क्योंकि लोग ऐसी फिल्में बेहद पसंद करते थे । आगे चलकर सामाजिक विषय को लेकर फिल्में बनने लगी थी । समय के साथ-साथ लोगों की रुचि भी बदलने लगी थी । अदेर्शिर ईरानी द्वारा निर्मित फिल्म "आलम आरा" भारत की पहली संवाद फिल्म थी । बम्बई के मैजिस्टिक थियेटर में यह फिल्म १४ मार्च १९३१ को प्रदर्शित की गई थी और यह मुस्लिम पृष्ठभूमि पर आधारित एक वेशभूषा प्रधान फिल्म थी । "आलम आरा" से हिन्दी सिनेमा में जो गीत-संगीत, नृत्य की परंपरा शुरु हुई, वह आज तक बरकरार है । जब संवाक फिल्मे बनने लगी तो निर्माताओं के पास कोई विषय था न कहानी । इस कारण उन्होंने अपनी फिल्म के लिए साहित्य को चुना । इस प्रकार साहित्य और सिनेमा का दौर चल पड़ा और वह आजतक बरकरार है । वर्तमान समय में भी साहित्य पर आधारित कई फिल्मों का निर्माण किया जा रहा है पर साहित्य और सिनेमा का मेल कठिन है । क्योंकि आज का निर्माता अपना मुनाफ़ा देखता है । कहानी को रोमांचकारी बनाने के लिए मिर्च-मसाला डाला जाता है । हर फिल्म को हिट बनाने के लिए "आइटम साँग" डाला जाता है । देखा जा सकता है कि कई बार ऐसी फिल्मों का निर्माण साहित्य के आधार पर किया गया जो एक सीमा-चिन्ह बन गई जिनमें भीष्म साहनी द्वारा लिखित उपन्यास "तमस" है । जो आज भी अद्भुत निर्माण के कारण याद की जाती है । भगवती चरण वर्मा के उपन्यास "चित्रलेखा" को भी बनने के बाद बड़ी लोकप्रियता मिली । अनेक उपन्यासों, कहानियों, नाटकों पर जो फिल्में बनी हैं, वे साहित्य से फिल्म के गहरे रिश्ते को रेखांकित करती हैं । यह सच है कि साहित्य और सिनेमा एक दूसरे के पूरक है ।

सिनेमा से साहित्य का संबंध उतना पुराना है जितना स्वयं सिनेमा पुराना है । सिनेमा वैज्ञानिक युग की देन है और वैज्ञानिक उन्नति विश्व में औद्योगीकरण के क्रम से शुरू हुई । सिनेमा नाटक का विकसित रूप है या हम कह सकते हैं सिनेमा एक ऐसा नाटक है जो जीवन के रंगमंच पर खेला जाता है और जिसकी प्रस्तुति उपकरणों की सहायता से होती है । रंगमंच उसका दूसरा रूप है । रंगमंच की या सिनेमा की आवश्यकता साहित्य ही करता है । पारसी रंगमंच पर अभिनीत अनेक नाटक आरंभिक सिनेमा के आधार बने और ऐसे नाटकों की संस्था नगण्य नहीं । ऐसा कहने में कोई

अतिशयोक्ति नहीं होगी । भारतीय सिनेमा पारसी रंगमंच पर खेले गए नाटकों की नींव पर विकसित हुआ । तात्पर्य यह है कि साहित्य सिनेमा का पूरक है और सिनेमा की अनेक आवश्यकताएँ साहित्य ने पूरी की हैं और यह काम आज भी चल रहा है । साहित्य को किसी बन्धन में बाँधा नहीं जा सकता, उसपर भारतीय भावनाओं, सामाजिक स्थितियों और आकांक्षाओं का निरन्तर प्रभाव पड़ता रहता है तथा जीवन के साथ उसका अटूट संबंध है । कहा जा सकता है कि "साहित्य जीवन की आत्म कहानी है । आत्म-कहानी यानि स्वयं को उदघाटित व्यक्त करने की प्रक्रिया और व्यक्त अपने आप को अभिव्यक्त करता है, अपनी नाना अन्तर वृत्तियों के माध्यम से ।

सुप्रसिद्ध भारतीय निर्देशक श्याम बेनेगल उपन्यास और सिनेमा की परिसीमाओं की बात करते हुए कहते हैं - "आप यह कहावत जान लें कि कभी भी कोई अच्छा उपन्यास न लें और उस पर फिल्म न बनाएँ क्योंकि आप उस उपन्यास का सत्यानाश कर देंगे साथ ही एक बुरी फिल्म बनायेंगे । आप बहुत सीधी-सादी कहानियाँ लेंगे तो वे कभी-कभी अत्यंत सुन्दर फिल्मे बन जाती है किन्तु यदि आप जटिल कहानियाँ लेंगे तो आप बहुत बुरी फिल्म बनायेंगे । सिनेमा ने कुछ दिलचस्प काम किया है । जब आप यह समझ लेते हैं कि सिनेमा की अमुक-अमुक समस्याएँ हैं तो आप सिनेमा की उन परिसीमाओं का उपयोग साहित्य में कर सकते हैं । आज बहुतेक लेखक, बहुधा सिनेमा की तकनीकों का उपयोग करते हैं और जिस पद्धति से फिल्म निर्माता फिल्म बनाते हैं, उसी पद्धति से वे उपन्यास लिखना शुरु करते हैं । शायद यही कारण है आजकल सिनेमा में ऐसे लेखकों की भीड़ देखी जा सकती है, जिनके लेखन का कोई उद्देश्य नहीं होता । इसप्रकार के साहित्य पर आधारित सिनेमा समाज को रचनात्मक संस्कारों से जोड़ने की बजाय उसे कुंठा के धरातल पर घसीट ले जाता है । इसलिए अच्छे व गंभीर सिनेमा के निर्माण में सृजनात्मक साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान है। विश्व में बड़े तौर पर आज गंभीर साहित्य पर गंभीर सिनेमा का निर्माण हो रहा है। जिसमें हमारे परिवेश से उपजे दुख-दर्द को बड़ी सहजता से दिखाया गया है । विश्व में ज्या रेनुआ, फैलिनी, गोदार, विस्कौंती, वर्गमैन, कुरासोवा, सत्यजीत राय, तारकोवोस्की ने साहित्य और सिनेमा की उत्तरोत्तर विकसित हो रही अंतरंगता को पुष्ट किया है तो भारत के सिनमाकारों में ऋत्विक घटक, श्याम बेनेगल, गोविंद निहलानी, तपनसिन्हा, केतन मेहता, वासु चटर्जी, सुधीर मिश्र के नाम आदर से ले सकते हैं जिन्होंने भारत में सिनेमा की साहित्यिक परम्पराओं को एक आंदोलन के रूप में खड़ा किया ।

राही मासूम रजा हिन्दी सिनेमा और साहित्य के संबंधों को इस प्रकार स्पष्ट करते हैं – "मैं फिल्म को साहित्य का अंग मानता हूँ । आज के मानव की आत्मा की पेचीदगी को अभिव्यक्त करने के लिए साहित्य के पास उपन्यास और फिल्म के सिवा कोई साधन नहीं है । कुछ लोग यह कहते हैं कि अच्छी फिल्म वहीं हो सकती है जो असाहित्यिक हो । यह बात नहीं हो सकती । साहित्य भी अब दृष्टि ही की कला है । हमने जिस दिन लिखना सीखा था, साहित्य ने तो उसी दिन बोलना बंद कर दिया था । फिल्म भी एक किताब है जिसे डायरेक्टर हमारे सामने खोलता भी जाता है और पढ़े लिखे हैं तो उसके सुनाए बिना भी हम इस किताब को पढ़ सकते हैं । यानि साहित्य और सिनेमा दोनों अत्यंत महत्वपूर्ण कला-रूप है ।

साहित्य और सिनेमा के विकसित संबंध के संदर्भ में कहा गया है कि – " यदि छठे दशक तक के सिनेमा के इतिहास को देखें, तो साहित्य उसकी रीढ़ की हड्डी मालूम पड़ता है। अनेक मिथक कथाओं, उपन्यासों और कहानियों पर फिल्में बनीं, जो सराही गई और सफल भी रही। हालाँकि यह बिंदु हमेशा ही विवादास्पद रहा कि सिनेमा ने उस रचना के साथ कितना न्याय किया। "शोले" और "बॉबी" की अंधाधुन्ध सफलता ने इस रिश्ते पर चोट की तथा फिल्मों में एक अलग ही तरह के फुटपाथी लेखन का प्रभाव बढ़ता चला गया। अब, जबकि सिनेमा का मूल तत्व संवेदना न रहकर उत्तेजना हो गया है, तब तो साहित्य के साथ उसके समझौते की संभावना और भी कम रह गयी है। फिर भी श्याम बेनेगल जैसे संवेदनशील रचनाधर्मी धर्मवीर भारती के उपन्यास "सूरज का सातवाँ घोड़ा" पर यदि इसी नाम से फिल्म बनाने का दुस्साहस करते हैं, तो वे सचमुच प्रशंसा के योग्य है।"४

भारतीय सिनेमा अपने प्रारंभ के साथ ही सामाजिक समस्याओं तथा सामाजिक सरोकार से जुड़ होने के कारण अपने सामाजिक दायित्व के प्रति सजग रहा । साहित्यकारों के कथा साहित्य के आधार पर फिल्मकारों ने भारतीय संस्कृति और समाज से जुड़ी फिल्मों का निर्माण करके भारतीय सिनेमा को एक नई दशा तथा दिशा दी । भारतीय सिनेमा में भी अच्छी साहित्यिक कृतियों पर फिल्में बनाई गई जो काफ़ी सफल भी रहीं और यादगार भी बनीं। वैसे तो साहित्य और सिनेमा का मेल दुर्लभ है, जब ऐसा होता है तो फिल्म जगत को एक अनमोल और अनुपम कृति प्राप्त होती है ।

भारतीय सिनेमा की पहली मूक फिल्म "राजा हरिश्चंद्र" थी, जो भारतीय संस्कृति पर आधारित थी तथा इसकी कथा भारतीय इतिहास की एक कथा थी । इसका प्रदर्शन ३ मई १९१३ को हुआ, जिसने भारतीय जनमानस पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। नोबल पुरस्कार से सम्मानित महान कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर की कहानियाँ और उपन्यासों पर कई बेहतरीन फिल्में बनी । नितिन बोस की फिल्म "मिलन" तथा सत्यजीत रे की फिल्म "घरे बायये" रवीन्द्रनाथ की कहानियों पर बनी बेहद यादगार फिल्म रही । बलराज सहानी द्वारा अभिनीत "काबुलीवाला", "चारुलता" और "अपूर-संसार" आदि फिल्में भी रवीन्द्रनाथ की कहानियों पर बनी । बंगाल के ओर एक महान साहित्यकार शरत्चन्द्र चट्टोपाध्याय जी का नाम यहा आदर से लिया जाना चाहिए क्योंकि उनके उपन्यास पर आधारित "देवदास" फिल्म बनी जो अच्छे निर्देशन और सशक्त अभिनय के कारण हिन्दी सिनेमा जगत् में मील का पत्थर साबित हुई । "परिणीता" उपन्यास पर आधारित फिल्म भी प्रसिद्ध रही । सन् १९५९ में सुबोध घोष की कहानी "आत्मजा" पर सुजाता फिल्म बनी जो काफ़ी विशिष्टता लिए हुए हैं । विलमलराय निर्माता-निर्देशक थे उन्होंने एक-से-एक बेमिसाल फिल्में हिन्दी सिनेमा जगत को दी । इसके अतिरिक्त सुबोधघोष, समरेशबसु, बनफूल महाश्वेता देवी, आशीष, बम्मन, नरेन्द्रनाथ मिश्र, मनोजबसु, शंकर तथा आशुतोष मुखर्जी जैसे कथाकारों की एक से अधिक कृतियों से हिन्दी फिल्मकारों ने अनेक सफल फिल्में बनायी ।

बँगला कथा-साहित्य पर आधारित कुछ बहुत सुंदर फिल्में बनाने वाले निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी हैं । वे एक ऐसे निर्देशक थे, जिन्होंने प्रेम के मांसल रूप की जगह उनके मानवीय पक्ष को उभारा । उन्होंने बनफूल की कहानी पर अर्जुन पंडित, शरतबाबू की "मंझली दीदी" तथा नारायण सन्याल की कथा पर "सत्यकाम" फिल्में बनाई जो महत्वपूर्ण फिल्में थी । इनमें "सत्यकाम" जो १९६९ में बनी एक अत्यन्त संवेदनशील फिल्म है, जिसे काफ़ी लोगों ने पसन्द किया । सन् १९६९ में इस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ । उसकी कथा छांदोक्य उपनिषद की जांबाला के पुत्र सत्यकाम की कथा से प्रेरित है । इंद्रजीत सिंह के शब्दों में – "सत्यकाम" आजाद भारत में सत्य से विचलन की महागाथा है । यह उस दुखती रग को छूती है जो हमें बेईमानी के आइने में अपना चेहरा पहचानने के लिए विवश करती है । नीहार रंजन गुप्त की "ममता" और "उत्तरा फाल्गुनी" तथा आशुतोष मुखोपाध्याय की "दीप जोले जाए" रचना पर बनी असित सेन द्वारा निदेर्शित "खामोशी" फिल्म भी प्रसिद्ध रही । हिन्दी के अनेक श्रेष्ठ उपन्यासों और कहानी पर फिल्में बनी है। प्रेमचन्द का "गोदान", "गबन" और "सेवासदन" उपन्यास भीष्म साहनी के "तमस", भगवतीचरण वर्मा के "चित्रलेखा", राजेन्द्र यादव के "सारा आकाश", कलमेश्वर के "आगामी अतीत" (मौसम) और "काली आँधी" (आँधी) आदि पर बेहतरीन फिल्म बनी । उसी तरह चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की "उसने कहा था", प्रेमचन्द की "शतरंज के खिलाडी" सदगति और दो बैलों की कथा। मन्नू भंडारी की कहानी पर "रजनीगंधा" तथा विजयदान की कहानी दुविधा पर "पहेली" फिल्म बनी और अत्यंत लोकप्रिय हुई।

सिनेमा और साहित्य के अन्तर्संबंधों की बातें चलती है तो अलग-अलग मत सामने आते हैं । लेखक और फिल्मकार गुलजार कहते हैं - "साहित्य और सिनेमा का संबंध एक अच्छे अथवा बुरे पड़ोसी मित्र या संबंधी की तरह एक-दूसरे पर निर्भर हैं । यह कहना जायज होगा कि दोनों में प्रेम संबंध है ।" पहले से ही पढ़े लिखें लोगों की यह मान्यता रही है कि - "भ्रष्ट साहित्य को देखना है तो सिनेमा को देखो। लेकिन आज यह बात गलत साबित हो गई है । सिनेमा आज के दौर

में एक सफल और प्रभावकारी माध्यम के रूप में उभर कर सामने आया है । वह प्रारंभ से ही साहित्य के समान्तर खड़े होने की कोशिश कर रहा है । इस बात को हम निम्न कथन में देख सकते हैं - "मीडिया को साहित्य की बहुत जरूरत है – खासतौर पर सिनेमा को । सिनेमा बहुत सशक्त विधा है जो स्वयं में संपूर्ण है । परन्तु इसका सृजन साहित्य के समान स्वांतः सुखाय या व्यक्तिगत संतुष्टि के लिए नहीं किया जा सकता । यह एक सामूहिक रचना है । यहाँ सिर्फ शब्द नहीं है बल्कि अभिनय, कथा, पटकथा, संवाद, ध्वनियाँ, खान-पान, वेशभूषा, परिवेश, गीत-संगीत और लोकेशन आदि सभी घटकों का बहुत सार्थक संगुफन है । और यह संगुफन करता है कैमरा । कैमरा ही वह खिड़की है जो इन घटनों में तालमेल करके हमारे सम्मुख एक सामूहिक कृति प्रस्तुत करती है । सवाल जब यह उठता है कि आज साहित्य को सिनेमा की जरूरत है कि नहीं ? तब हमें बेढब जी की यह पंक्तियाँ याद आती हैं –

"पढाई में क्या रखा है बेढब
शिक्षा तो मिल रही है सिनेमा घरों में।

यानि बेढब जी कहना चाहते हैं कि फिल्मकार को साहित्य में रुचि नहीं । फिल्म का काम दर्शक का मनोरंजन मात्र है । आज के विद्यार्थी भी पढ़ाई के बजाए सिनेमा देखने में अपना समय बिताते हैं । गुलजार अपने विचार इस संदर्भ में इस प्रकार देते हैं – "साहित्य सदियों पुराना अनुभव समृद्ध बुजुर्ग है और सिनेमा एक अपरिपक्व तरुण । हालाँकि आज यह तरुण सौ साल की उम्र पार कर चुका है, फिर भी इसे कई स्तरों पर वयस्क होना शेष है। कमलेश्वर का कथन है – सिने दुनिया का सबसे बड़ा सत्य यह है कि यहाँ लिखा हुआ कुछ भी अंतिम नहीं होगा । उसे बार-बार लिखा जाता है । पहले लेखक लिखता है फिर निर्देशक उसे अपने दिमाग मे लिखता है, इत्तेफ़ाक से यदि निर्देशक की पत्नी कंधे से कंधा मिलाकर चलनेवाली हुई या उसकी साली या सलहज भी सिने रुचि की हुई तो दो-चार घटना प्रसंग वो लिख देती है । इसके बाद लेखन में फाइनांसर का दखल शुरू होता है । वह अपनी तरफ से दो चार दृश्य लिखवाता डलवाता है । यदि कैमरामैन और हीरोइन के बीच कला-कोणों की देखा-देखी शुरू हो गयी तो कैमरामैन कुछ दृश्य हीरोइन की दृष्टि से लिख देता है । उसके बाद सामाजिक एडिटिंग टेबल पर दृश्यों के समीकरण बैठता है और अंतिम लेखन सेंसर बोर्ड द्वारा होता है । इतने लेखकों के द्वारा लिखी जाने के बाद फिल्म सामने आती है। यानि सिनेमा में साहित्य के महत्व को नकारा नहीं जा सकता । कुछ लोगों ने सिनेमा को पैसा कमाने का एक जरिया समझ रखा है । उनके लिए कमलेश्वर का उपर्युक्त कथन सटीक लगता है। प्रेमचन्द ने भी कभी सिनेमा के बारे में ऐसा सोचा था बाद में अपनी गलती को मानते हुए उन्होंने कहा होगा - "किसी भी लेखक के लिए सिनेमा जगत उचित स्थान नहीं है । मैं अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए आया हूँ, लेकिन अब मैं देखता हूँ कि मैं भ्रम में था और फिर मैं साहित्य जगत् में लौट रहा हूँ । वास्तव में मैंने साहित्य सेवा को कभी तिलांजली नहीं दिया । सिनेमा मेरे लिए ऐसे ही हैं, जैसी वकालत होती है।

सिनेमा जगत के सर्वप्रथम निर्माताओं ने समाज में फैली सामाजिक समस्याओं को अपनी पटकथाओं का विषय बनाया। जिसका समाज पर गहरा प्रभाव पड़ा । हमारे भारतीय साहित्य में अनगिनित साहित्यकारों की स्वर्णिम रचनाएँ मौजूद हैं। फिल्म निर्माताओं ने इस पिटारे में से कई रचनाओं को निकालकर उस पर सिनेमा और डाक्यूमेंटरी फिल्में बनाईं । जिससे साहित्य के साथ-साथ सिनेमा की लोकप्रियता बढ़ी । सिनेमा के द्वारा नारी समस्याओं को भी बखूबी उठाया गया है । जैसे कन्या भ्रूण हत्या, वैवाहिक समस्या, विवाहेतर संबंध, रिश्तों के साथ रहना, विधवा विवाह, वेश्या संबंधी समस्या, कामकाजी स्त्री आदि ।

सिनेमा और साहित्य का संबंध हमेशा विवादास्पद रहा है । साहित्य को सबसे पहले यदि किसी से चुनौती मिली तो वह था सिनेमा । सिनेमा और साहित्य ने एक दूसरे को कितना प्रभावित किया है कहना मुश्किल है लेकिन यह बिलकुल सही है

कि दोनों अपने उच्चतम सोपान पर पहुँच चुके हैं । सिनेमा में जो एक व्यवस्तिथ कथा होती है उसका सीधा संबंध साहित्य से होता है । डॉ. राही मासूस रजा यहाँ पर जोर देकर कहते हैं कि "सिनेमा भी साहित्य की तरह कला है उसे भी साहित्य की भाँति पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए । उसे हेय दृष्टि से देखने का अपना नजरिया बदलिए ।" वे सिनेमा का संबंध साहित्य से जोड़ते हैं ।

अंत में मैं सिनेमा और साहित्यकार के बारे में इतना जरूर कहना चाहूँगी साहित्यकार को कथानक ऐसा बनाना होगा जिसमें फिल्मकारों को फिल्म बनाने में सुविधा हो । अगर दोनों एक दूसरे के माध्यम को समझते हुए आगे बढ़ेंगे तो साहित्य जन मानस तक पहुँचेगा तथा फिल्मों का विकास भी कलात्मक उत्कृष्टता पर पहुँचेगा ।

## संदर्भ ग्रंथ


१. जनसंचार और हिन्दी पत्रिका - डॉ अर्जुन तिवारी (पृ. सं.- ९१)

२. जनसंचार और हिन्दी पत्रिका - डॉ अर्जुन तिवारी (पृ. सं.- १०२)

३. साहित्य और सिनेमा – डॉ शैलजा भारद्वाज (पृ. सं.- ११४)

४ साहित्य, सिनेमा और दूरदर्शन – आलेख (पृ. सं.- ८०)

५ बंगाल साहित्य का इतिहास – डॉ सुकुमार सेन (अनुवाद- निर्मला जैन) (पृ. सं.- २५)

६ हिन्दी चित्रपट एवं संगीत का इतिहास – डॉ विमल (पृ. सं.- १०५)

७ हिन्दी साहित्य और सिनेमा – डॉ विवेक दुबे (पृ. सं.- १११)

८ हिन्दी सिनेमा – बीसवीं से इक्कीसवीं सदी तक – प्रह्लाद अग्रवाल – (पृ. सं.- ३५०)

९ हिन्दी सिनेमा – बीसवीं से इक्कीसवीं सदी तक – प्रह्लाद अग्रवाल – (पृ. सं.- २२)

१० सिनेमा और संस्कृति – डॉ. राही मासूम रजा – मुखपृष्ठ


---


सहायक प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, विश्वविद्यालय कॉलेज, मंगलूरु – ५७५००१ कर्नाटक
Email : sumanraj06@gmail.com

# हिंदी फिल्मों में होमोसेक्शुअलिटी का रूपांकन

## (दोस्ताना, गर्लफ्रेन्ड, फायर, पेज थ्री के संदर्भ में)

-प्रियंका शर्मा

### समाज, होमोसेक्शुलिटी और पितृसत्ता

दुनिया की लगभग सभी सभ्यताओं में महिला और पुरुष के रिश्ते को ही स्वीकारा गया और इसे ही वैध और पवित्र माना गया. इसके बावजूद इन रिश्तों के इतर महिला- महिला, पुरुष-पुरुष और ट्रांसजेंडर रिश्ते हर काल में मौजूद रहे हैं। पुराने साहित्य में ऐसे रिश्तों के होने के तमाम संकेत और उदाहरण मिलते हैं। पर इन रिश्तों को समाज ने वैधता नहीं दी। इन्हें हमेशा ही नीची नजर से देखा गया और मुख्य समाज से काट दिया गया । कहीं-कहीं दंड का प्रावधान भी रहा है। लेकिन पितृसत्ता और मानवीय चुनाव के प्रति बढती समझ के साथ वर्तमान समय में बहुत सारे देशों ने होमोसेक्शुअल संबंधों को हेट्रोसेक्शुअल संबंधों की तरह ही वैध करार दे दिया है । अब कई देशों में ऐसे लोग साथ रह सकते हैं, शादी कर सकते हैं ।

भारत में होमोसेक्शुअलिटी गैरकानूनी है. बहुत से लोगों के विरोध और कानूनी लड़ाई करने बाद इन संबंधों को २००९ में दिल्ली हाईकोर्ट ने गैर कानूनी नहीं माना । लेकिन मामला सुप्रीम कोर्ट में गया और २०१४ में फिर से होमोसेक्शुलिटी को गैरकानूनी करार दे दिया गया । बावजूद इसके कि वात्स्यायन के कामसूत्र, स्कंद पुराण, भागवत पुराण आदि में ऐसे संबंधों के होने के प्रमाण मिलते हैं इन संबंधों को पश्चिम आयातित के रूप में देखा गया और ऐसे संबंधों की कड़ी निंदा की गई।

हम अब इसको समझने की कोशिश करते हैं कि क्यों जहां का समाज ज्यादा पितृसत्तात्मक और फ्यूडल होता है वहां ऐसे रिश्तों को अपराध माना जाता है? दरअसल, पितृसत्तात्मक समाज में संबंधों और जोड़ों को अपोजिट्र बाइनरी में ही देखा जाता है जिसमें स्त्री और पुरुष के बीच ही सेक्शुअल और प्रेम का रिश्ता मान्य होता है। इस व्यवस्था को संचालित करने वाली संस्थाओं के केंद्र में परिवार होता है । जहां से इस व्यवस्था को चलाये रखने के लिए स्त्री-पुरुषों (जेंडर) को गढ़ा जाता है । जो इस व्यवस्था को आगे बढाते हैं, इनमें से एक भी कड़ी के बिखरने से पितृसत्तात्मक व्यवस्था को चुनौती मिलती है और उसके टूटने का खतरा पैदा होता है। इसीलिए दुनिया का कोई भी समाज इस बाईनरी व्यवस्था से हट कर बनाये गये संबंधों को स्वीकृति नहीं देता है। हेट्रोसेक्शुअल रिश्तों के अलावा महिला-महिला, पुरुष-पुरुष और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के बीच बना कोई भी रिश्ता समाज के सामने यही चुनौती पेश करता है। लेकिन जैसा कि हर नियम के अपवाद होते हैं, वे तोड़ने वाले होते हैं, और हर काल में होते हैं ।

### सिनेमा में होमोसेक्शुअलिटी की शुरुआत

हिंदी सिनेमा में लंबे समय तक चुप्पी बनी रही है और एक तरह का निषेध भी रहा है ऐसे विषयों के प्रति लेकिन जब से सेक्स और सेक्शुअलिटी के चित्रण में थोड़ा खुलापन आया तब से होमोसेक्शुअल संबंधों पर छिटपुट दृश्य सामने आये। मस्त कलंदर (१९९१), सड़क (१९९१), तमन्ना (१९९७), दरम्यान (१९९७,) बॉम्बे (२००५), मर्डर (२०११) आदि कई फिल्मों मे होमोसेक्शुअल चरित्रों को दिखाया गया लेकिन इन ज्यादातर को कॉमिक रचने के लिए (खासकर हिजड़ा चरित्रों का काम ही कॉमिक क्रीएट करना बन गया), कमर्शियल फायदों के लिये ही इस्तेमाल किया गया. हिंदी सिनेमा में इसको अलग अलग तरह से देखा गया है-जैसे हास्य पैदा करने के लिए, हिजड़ा के पर्याय के रूप में, एक तरह की

मानसिक बीमारी के रूप में और बहुत ही कम होमोसेक्शुअल लोगों की जिंदगी की कठिनाइयों का जायजा लेने के रूप में भी. इन फिल्मों में अल्पसंख्यक सेक्शुअलिटी को दिखाया तो गया लेकिन वो फिल्म की कहानी का मुख्य बिंदु नहीं रही. पहली बार फायर में और फिर पेज थ्री में इन लोगों को मुख्य भूमिकाओ में रखा गया। कहानी इन्हीं किरदारों के जीवन, सम्बंधों की पड़ताल करती नजर आई दोस्ताना और गर्लफ्रेंड की कहानी भी समलैंगिक रिश्तों और किरदारों के इर्द गिर्द बुनी गई है, और ये मुख्यधारा में भी आती है। इसीलिये प्रस्तुत पेपर में इन चार फिल्मों को अध्ययन के लिए चुना गया है । अब यहां सवाल आता है कि इन किरदारों और उनके जीवन को कैसे चित्रित किया गया है? ये चित्रण क्या बयां करता है? बॉलीवुड ने इन मुद्दों को किस नजरिये से दर्शकों के सामने रखा है?

## हास्य या भय में ही दिखाना

होमोसेक्शुअलिटी के मुद्दे को फिल्मों में शामिल किये जाने के समय से ही एक खास तरह की प्रवृत्ति हिंदी सिनेमा में दिखाई देती है. ऐसे किरदार हमेशा हंसी के पात्र होते हैं। उनके हाव-भाव और बातें लगभग सभी में हास्य पैदा होता है. दोस्ताना में जब जॉन (अब्राहम) और अभिषेक (बच्चन) पहली बार एक "गे" से मिलते हैं तो वह मजकिया सा है। वह आंसू नाक बहाते हुए रो रहा है कि उसका बॉयफ्रेंड कही दूर चला गया । जॉन और अभि की अपने खुद के जीवन में कितनी बार ऐसी हास्य स्थिति पैदा होती है, जैसे अभि की मां जब उसके पार्टनर को बेटे की बहू मानकर उसे चूड़िया देती है, और उससे गृह प्रवेश का शगुन करवाती है। लेकिन जब इस का अधिक विस्तार होता है और लेस्बियन के बारे में फिल्म बनती है तो उसे एक किस्म का हॉरर दिखाते हैं। इशा कोप्पिकर और अमृता अरोरा के रिश्ते में यही चित्रण देखने को मिलता है । ईशा समलैंगिक है और अमृता को पसंद करती है लेकिन अमृता समलैंगिक नहीं है और वह एक लड़केसे प्यार करने लग जाती है। अब इस लड़के को ईशा अपनी राह का कांटा मानकर उसे किसी भी तरह हटाना चहती है। वह उसे मार डालने की भी कोशिश करती है । यहां ईशा को सिर्फ इसीलिए खलनायक की भूमिका में दिखाया गया है क्योंकि वह समलैंगिक है और अमृता को पसंद करती है । वह अमृता का खयाल रखती है लेकिन वह नहीं चाहती कि अमृता किसी लड़के को पसंद करे या उससे शादी करे । और इसके लिए वह किसी भी हद तक अपराधी बन सकती है। वह अमृता को बताती भी नहीं कि उसे पसंद करती है । लेकिन उसे अपने पास रखने के लिए किसी भी तरह का काम करती है। वह अमृता के प्रेमी पर जानलेवा हमला करती है, अमृता से झूठ बोलती है यहां तक कि अमृता के साथ जबरदस्ती भी करती है । कुल मिलाकर समलैंगिक ईशा को फिल्म में सिनिकल और जाहिल किरदार के रूप में दिखाया गया है जिससे कोई भी व्यक्ति या डरेगा और नापसंद करेगा। कुछ कमोबेश ऐसी ही स्थिति पेज थ्री में भी होती है । कोंकणा (सेन) का दोस्त उसके रविया ही प्रेमी के साथ समलैंगिक रिश्ते में पकड़े जाते हैं । कोंकणा का बहुत नजदीकी दोस्त और प्रेमी उससे धोखा करते हैं । उसे इस घटना से एक सदमा लगता है और यहीं यह संदेश भी दर्शकों को जाता है कि समलैंगिक धोखेबाज होते हैं जिन पर विश्वास नहीं किया जा सकता है । होमोसेक्शुअल्स की जो तस्वीर ये फिल्में बनाती हैं वो झूठे, धोखेवाज, पागल और जाहिल लोगों की छवि पेश करती हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाये तो ऐसे चरित्रों को या तो विदूषक के रूप में या खलनायक के रूप में चित्रित किया जाता है।

## पितृसत्ता और स्टीरियोटाईप छायांकन

इन चयनित फिल्मों में जहां एक तरफ लंबे समय से चली आ रही होमोसेक्शुअलिटी के प्रति चुप्पी को तोड़ने की और सिर्फ महिला-पुरुष जेंडर को ही मुख्यता देने की स्टीरियो टाईप प्रवृत्ति को तोड़ने की कोशिश की गई है, लेकिन फिर आगे चल कर यही फिल्में एक दूसरे तरह के स्टीरियो टाईप में इन चरित्रों को ढालती भी हैं । ये फिल्में "गे" और "लेस्बियन" चरित्रों के जोड़ों को महिलापन और पुरुषपन के साथ चित्रित करते हैं । दोस्ताना फिल्म में जॉन अब्राहम और अभिषेक बच्चन की गे जोड़ी में जॉन पुरुष की तरह रहता है लेकिन अभिषेक के हाव भाव, हाथ मटका के और शरमा कर जॉन के

कंधे पर सिर रखने, बार बार उसे छू कर, हंस हंस कर बोलने का तरीका महिलापन को दिखाता है । वह महिला गुणों वाला है और उसका पार्टनर पुरुष के गुणों वाला । पेज थ्री में भी कोंकणा का प्रेमी पुरुषपन लिए व्यवहार करता है। लेकिन उसका "गे" पार्टनर महिलाओं जैसी चाल चलता है, लड़कियों से पक्की दोस्ती करता है और आवाज में भी कोमलता है, इसी तरह गर्लफ्रेंड में ईशा कोप्पिकर का व्यवहार लड़कों सा दिखाया है । वह कराटे करती है, लड़कों से कंपटीशन करती है, अपेक्षाकृत मसल्ल्स हैं और पैसे कमाती है, जबकि उसकी दोस्त पूरी तरह से फेमिनाईन है और एक मॉडल है, बाद में ईशा अपने बाल भी लड़कों जैसे काट लेती है. वह कंट्रोलिंग है, मर्दाना गुणों वाली है, इस तरह का चित्रण हालांकि फायर में नहीं मिलता लेकिन उसमें दूसरे तरह का स्टीरियों टाईप दिखाया गया है । जबकि यह पूरी तरह सच नहीं होता और ज्यादातर समलैंगिक लोग ऐसे नहीं दिखते.

ज्यादातर लेस्बियन रिश्तों के बनने का कारण उन महिलाओं की अपने पुरुष साथी के साथ असंतुष्टि की वजह से बनता है. दूसरा कारण जो गर्लफ्रेंड में बताया गया है कि बचपन में हुए चाईल्ड अब्यूज की वजह से लेस्बियन बनते हैं यानि कि उनकी भावनाएं और एहसास हेट्रोसेक्शुअल लोगों जैसे नहीं हैं वे एक अब्नार्मलिटी का शिकार हुए हैं इसलिए ऐसे हैं फायर में शबाना आजम़ी और नंदिता दास दोनों के ही पति उनसे दूर हैं नंदिता दास का पति किसी दूसरी महिला के साथ संबंध में है और नंदिता को खुश नहीं रखता और शबाना का पति गंगा के किनारे घाट पर प्रवचन कहता है । वह भी अपनी पत्नी पर ध्यान नहीं देता और इस तरह दोनों देवरानी-जेठानी की आपस में घनिष्ठता हो जाती हैं जो कि अंततः लेस्बियन हो जाती हैं । हालांकि दुनिया की हक़ीकत कुछ और ही है, वास्तव में लेस्बियन होने और जीवन में पुरुषों के साथ हुए किसी बुरे अनुभव का कोई आपसी संबंध नहीं होता, ऐसी कई कहानियां है जो कहती हैं कि किसी अब्नार्मलिटी की वजह से महिलाएं लेस्बियन नहीं होतीं और न ही पुरुष गे फायर फिल्म की कई नारीवदियों ने इसीलिए आलोचना भी की कि क्या लेस्बियन होना किसी बुरे अनुभव का परिणाम है? या फिर पुरुष अपनी पत्नियों की सेक्शुअल जरूरतों को नकार देंगे तो वे लेस्बियन हो जायेंगी? इससे इतरलैंगिक रिश्तों में पितृसत्ता के प्रति जो स्वाभाविक चुनौती होती है,खतम हो जाती है।

## स्तरीकरण

इन फिल्मों के अध्ययन से एक और मुख्य बिंदु सामने आता है कि होमोसेक्शुअल रिश्तों की स्वीकार्यता में एक खास प्रवृत्ति नजर आती है। ये है लेस्बिअन और गे और फिर ट्रांसजेंडर लोगों के स्तरीकरण का। ये स्तरीकरण फिल्मों के चरित्रों में भी है और बाहर फिल्मों के नाम पर होने वाले विरोधों, बहसों में भी, फिल्मों में ज्यादातर लेस्बियन को हिंसक और भयानक दिखाना उनके प्रति अस्वीकार भाव को दिखाता है, गर्लफ्रेंड की ईशा से डरा जा सकता है जबकि दोस्ताना के जॉन अभि पर हंसा जा सकता है, पेज थ्री के होमोसेक्सुअल चरित्र भी उतने भयानक नहीं है,वो कोंकणा के साथ धोखा करते हैं पर किसी को नुकसान नहीं पहुंचाते, मतलब कि गे रिश्तों को समाज में लेस्बियन की अपेक्षा ऊंचा माना जाता है। गे के लिए समाज में एक मौन लेकिन स्वीकार भाव दिखता है, इसका एक बड़ा उदाहरण है फायर फिल्म के रिलीज पर हुआ हिंदूवादी संगठनों की तरफ से विरोध. जहाँ एक देवरानी जेठानी का सेक्शुअली जुड़ जाना महिला अगाड़ी, शिव सेना और बजरंग दल के लिए सांसकृतिक उत्तेजना और विरोध का मुद्दा बन जाता है, जबकि दोस्ताना पेज थ्री और यहाँ तक कि "आई एम" में दिखाये गये "गे" रिश्ते उनके लिए साधारण से हैं, जिन पर किसी भी तरह की उत्तेजना या प्रतिक्रिया नहीं होती । इन रिश्तों को चुपचाप देख लिया जाता है और किनारे कर दिया जाता है लेकिन लेस्बियन की बात आते ही मुद्दा स्वीकार के बाहर हो जाता है और तब संस्कृति की दुहाई से लेकर आक्रमकता का रुख भी अपनाया जाता है। लगभग ऐसा ही रुख फिल्मकारों का इन रिश्तों को फिल्माने के प्रति और चरित्र गढ़ने में दिखता है. गर्लफेंड में ईशा कोप्पिकर जबरदस्ती करती नजर आती है जबकि दोस्ताना, पेज थ्री में सहमति आधारित रिश्ते हैं । ऐसे चित्रण हमें सुझाव देते हैं कि लेस्बियन के माफिक "गे" ज्यादा बेहतर है. "गे" क्योंकि पुरुषों का पुरुषों से रिश्ता होता है जो कि पहले ही

विशेषाधिकार प्राप्त और आत्मनिर्भर होते हैं इसीलिए उनको इतरलैंगिक रिश्तों में सबसे ज्यादा सम्मान की नजऱ से देखा जाता है और समाज से भी उनको एक मौन सहमति मिल जाती है । लेकिन वहीं जब लेस्बियन के बारे में बात हो तो उन्हें कमतर और नीचा माना जाता है, दूसरा उनके इतरलैंगिक संबंधों को परिवार टूटने के कारण के रूप में भी लिया जाता है जैसे कि फायर में अंततः दिखाया गया है, तो महिलाओं के महिलाओं के साथ संबंधों को अस्वीकार कर दिया जाता है। इसीलिए गर्लफ्रेंड और फायर में चित्रित हुई लेस्बियन महिलाएं या खुद में ही डर पैदा करने वाली हैं या फिर उनकी वजह से परिवार बिखरता है जबकि दोस्ताना और पेज थ्री के गे चरित्रों में कॉमिक की रचना है उनका नोर्मलाईजेशन किया गया है या फिर "गे" ऐसे रिश्तों के रूप में चित्रित हैं जिनसे किसी को नुकसान नहीं पहुंचता।

## उपसंहार

इस तरह हमने देखा कि हालांकि हिंदी सिनेमा में होमोसेक्शुलिटी के प्रति इतनी लंबी चुप्पी टूटी तो है, कुछ स्वीकर्यता इन रिश्तों और लोगों के लिए बनी तो है पर इसमें भी एक कनफ्लिक्ट है। अभी तक होमोसेक्शुअल मुद्दों के प्रति सवेदनशीलता और दिली स्वीकार्यता नहीं बन पाई है। जिसके परिणाम स्वरूप इन रिश्तों को एक तरह के सांचों में गढ़ने की कोशिश की जाती है और इससे हिंदी सिनेमा जगत का होमोसेक्शुलिटी के प्रति पितृसत्तात्मक रुख का भी पता चलता है। फिर भी इन फिल्मों ने जिस चुप्पी को तोड़ा है वह भी महत्वपूर्ण है और आगे के लिए ऐतिहासिक भूमिका अदा करेगी।

---

पी.एच.डी. स्कॉलर, परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग, पॉन्डिचेरी विश्वविद्यालय, पुडुचेरी-६०५०१४

# GUJARATI

## ‘માનવીની ભવાઈ’ : સાહિત્યકૃતિનું ફિલ્મકૃતિમાં રૂપાંતર

– ડૉ. અશોકકુમાર વી. ચૌધરી

સાહિત્યિક કૃત્તિ તરીકે સ્વીકાર પામેલી રચના પોતેજ સાહિત્યિક રચના ગણાય. આ ઘટના ઈતિહાસની સામ્રગીનું એકમ છે. સાહિત્ય અને સિનેમાનો નાતો ઘણો પુરાણો છે. સો એક વર્ષનો સિનેમાનો ઈતિહાસ કહે છે તેમ ફિલ્મો સાહિત્યના વિવિધ પ્રકારોનું જેમ કે નવલકથા, ટૂંકી વાર્તા, આત્મકથા, નાટક, કવિતાનું અને સમાચાર વૃતાંતોનું પણ, એક યા બીજી રીતે રૂપાંતર કરતી આવી છે. સાહિત્ય અને સિનેમા વચ્ચે આજેય સંબંધ છે.

ફિલ્મકાર આવી ઘટનાઓને ભૂતકાળમાંથી, સાહિત્યકૃતિમાંથી શોધીને દેશ, કાળ અને કર્તાના સંદર્ભમાં ગોઠવે છે. પછી તેના ઉદ્‌ભાવક અને પ્રભાવક તત્વો સમજવાનો પ્રયત્ન કરે છે. ફિલ્મકાર આ બિન્દુઓને શોધી સંયોજીને ઉપસાવી આપે છે. અને એ રીતે તે કળાની સાથે માનવતાના અભિજ્ઞાન દ્વારા મનુષ્ય સંસ્કૃતિના શિખર ભણીની ગતિ દોરી આપે છે.

Key Words : નવલકથા, ફિલ્મકૃતિ, સાહિત્યકૃતિ, રૂપાંતર, ઘટના

સાહિત્ય અને સિનેમાનો નાતો પુરાણો છે. સોએક વર્ષનો સિનેમાનો ઈતિહાસ કહે છે તેમ ફિલ્મો સાહિત્યના વિવિધ પ્રકારોનું નવલકથા, ટૂંકી વાર્તા, આત્મકથા, નાટક કવિતાનું અને સમાચાર વૃતાંતોનું પણ, એક યા બીજી રીતે રૂપાંતર કરતી આવી છે.

પન્નાલાલ પટેલની નવલકથા ‘મળેલા જીવ’ પછી એમની જ એક પ્રતિષ્ઠિત સાહિત્યકૃતિ માનવીની ભવાઈ અને તેના પરથી ઉપેન્દ્ર ત્રિવેદી દિગ્દર્શિત એ જ નામની ફિલ્મકૃતિને મારે રૂપાંતર સમીક્ષામાં આવરી લેવાનો ઉપક્રમ છે. થોડી નવાઈ એ રીતે લાગે કે તેને ૩૮ વર્ષ પછી જ્ઞાનપીઠ પુરસ્કાર પ્રાપ્ત થયો હતો તેમ જ ફિલ્મકૃતિ અને સાહિત્યકૃતિના ઉદ્‌ભવ વચ્ચે ખાસ્સો ૪૬ વર્ષનો સમય વીતી ગયો હતો. એ દરમિયાન પન્નાલાલ પટેલની ૧૯૭૦ માં પ્રગટ થયેલી અન્ય સાહિત્યકૃતિ ‘કંકુ’ પરથી કાંતિલાલ રાઠોડે તરત જ એ જ નામની ફિલ્મકૃતિ સર્જી દીધી હતી. નવલકથાકાર પન્નાલાલ પટેલે કંકુ સાહિત્યકૃતિ કાંતિલાલ રાઠોડને અર્પણ કરી છે. વર્ષ ૨૦૦૯ સુધીમાં ‘કંકુ’ નવલકથાની સાત આવૃત્તિઓ પ્રગટ થઈ ચુકી છે જ્યારે ૧૯૯૫ સુધીમાં ‘માનવીની ભવાઈ’ નવલકથાની તેર આવૃત્તિઓ પ્રગટ થઈ ચૂકી હતી.

૪૫૧૧.૧૭ મીટર લંબાઈવાળી સોળ રીલની ફિલ્મનો આરંભ માનવીની ભવાઈ નવલકથાના પુસ્તકના મુખપૃષ્ઠની ઝૂમ આઉટ થતી ઈમેજથી થાય છે અને તેની સાથે ધ્વનિપટ્ટી પર સંભળાય છે શબ્દો ‘દેવદેવીને પારે મેલતાં સૌ કો મરઘા ને બકરાસા ઢોર, પણ મારે ધરતીને ખોળે મેલવો મોંઘી માટીનો રમતેરો મોર’. સિનેમાના સૌદર્યશાસ્ત્રની રીતે જે થોડી બેહૂદી વાત લાગે છે.

માનવીની ભવાઈ ફિલ્મ ગુજરાતના ડુંગરપર, મેઘરજ, દેણાગામ, હિંમતનગર, લૂણાવાડા જેવાં લોકેશનો તેમ જ હાલોલના લક્કી અને વડોદરાના લક્ષ્મી સ્ટુડીઓઝમાં શૂટ કરાઈ હતી અને તેના માટે તત્કાલીન ગુજરાત સરકારની સહાય પણ તેને પ્રાપ્ત થઈ હતી.
ફિલ્મ-કથનની સાંકળ રૂપે રંગલો જુદા જુદા વેશમાં આવ્યા કરે છે. દા.ત. પટેલ-પટલાણીના વેશ પછી આવતો તેનો યમરાજનો વેશ. તેમાં તે દુષ્ટ માલીનો જીવ લેવા આવ્યો છે. રંગલા અને માલી વચ્ચેનો સંવાદ પણ સૂચક બને છે.

ફિલ્મકૃતિ વિકાસ પામતા એ તેના અભિનય-જુસ્સામાંથી થોડી બહાર આવીને સિનેમેટોગ્રાફિક (એ પણ દશ્યની રીતે) થવાનો પ્રયત્ન કરે છે પણ ઝૂમ-ઈન-ઝૂમ-આઉટનું ભૂત તેનો પીછો નથી છોડતું.

માધ્યમ બદલવાથી અહીં રૂપનો કોઈ બદલાવ નથી થતો. પણ ફિલ્મસર્જકે પોતાની રીતે રૂપાંતરિત થયેલી ફિલ્મકૃતિ પર કોઈ નિજી અભિપ્રાય થોપ્યો છે. એ રીતે 'માનવીની ભવાઈ' ફિલ્મકૃતિ શું નર્મદા બંધ માટેની પ્રોપેગેન્ડાનું માધ્યમ નથી બની જતી? શું એ દિગ્દર્શકનો આફટરથોટ હતો કે પછી સરકારનું સૂચન? તેમણે ઋણસ્વીકાર રૂપે એ માથે ચઢાવ્યું હતું? નમામિ દેવી નર્મદે એટલું જ ફક્ત કહ્યું હોત તો એ વિશ્વની દરેક નદીના પ્રતીકરૂપે ઉજાગર થાત પણ સાથે બંધની છબી જે છેવટ સુધી પડદા પર ટકી રહે છે એ મૂકીને રૂપાંતરકાર ફિલ્મસર્જક પોતાની ફિલ્મકૃતિમાં કોઈ વિશેષ પ્રકારની વેલ્યુ ઉમેરે છે.

'માનવીની ભવાઈ' ફિલ્મકૃતિ સર્જાઈ ત્યારે લગભગ એ જ અરસામાં બાબરી મસ્જિદનું ખંડન થઈ ચૂક્યું હતું અને તેના પછી સર્જાયેલા હિંસક અને લોહિયાળ વાતાવરણ દેશ ફરી કોમવાદની રીતે વિભાજિત થઈ ચૂક્યો હતો. આઝાદીના ૪૫ મા વર્ષે આ હકિકત આપણા સમયની જ છે ને એ ઐતિહાસિક દુર્ઘટનાને જોવા માટે પન્નાલાલ પટેલ (૭ મે ૧૯૧૨ – ૬ એપ્રિલ, ૧૯૮૯) જીવતા નહોતા રહ્યા. એમની સાહિત્યકૃતિઓમાં પન્નાલાલ પટેલના ધર્મનિરપેક્ષ જીવનદર્શન અને આસ્થા છતાં થાય છે. તેમનાં પાત્રો અંધશ્રદ્ધા અને વહેમીપણાનો પણ વિરોધ કરતાં દેખાય. 'માનવીની ભવાઈ' નવલકથામાં તો પન્નાલાલ પટેલ જાણે તેમનાં મુખ્ય પાત્રો દ્વારા માર્ક્સવાદી દ્વંદ્વાત્મક ભૌતિકવાદ (ડાયલેક્ટિકલ મટેરિઆલિઝમ) ની ફિલસૂફીનું પૃથક્કરણ કરતાં હોય એવું મને લાગે છે.

'માનવીની ભવાઈ'એ એ ચીલો પાડયો હતો અને તેનું ઐતિહાસિક મહત્વ હતું. દર્શક 'માનવીની ભવાઈ'ને કાળ પ્રધાન નવલકથા ગણે છે. 'માનવીની ભવાઈ' એ ગ્રામીણ સમાજની વાત છે; ને એને ગતિ આપનાર બળ તે કાળ છે. જાણે આખી વાર્તાનું મુખ્ય પાત્ર જ કાળ છે. ને બીજાં બધાં તો એના દોરવ્યા દોરાય છે. સમગ્ર સમાજને ભૂમિકા સ્વરૂપે લઈ તેના પર કાળને પાત્ર બનાવીને છેલ્લી પચીશીમાં ઠીક ઠીક સફળ વાર્તા લખવાને કારણે ભાઈ પન્નાલાલ આપણે ત્યાં ઘણાંને માર્ગ ચીંધશે.

'માનવીની ભવાઈ' નવલકથાની ૧૯૯૫ માં પ્રગટ થયેલી તેરમી આવૃતિ પર આધાર રાખ્યો છે. તેના પ્રકાશક છે અરવિંદ પી. પટેલ, અમદાવાદ. 'માનવીની ભવાઈ' પન્નાલાલ પટેલનું છઠું નવલકથા-સર્જન હતું. 'માનવીની ભવાઈ'નું ભરત દવેએ નાટયરૂપાંતર પણ કર્યું છે. આડત્રીસ પ્રકરણો અને

૩૬૮ પાનાની આપણી નવલકથાના પાંત્રીસમાં પ્રકરણનું મથાળું છે 'મળેલા જીવ'.

માગશરની મધરાત દબ્યે પગે વહી રહી હતી. ઘઉં–ચણાના ખૂણા છોડ એકબીજાના પાસામાં પેસવા મથી રહ્યા હતા. ઝાકળિયામાં રખેવાળો ટૂંટિયાં વાળીને પહેલી ઊંઘ કાઢતા હતા. તાપણાનો દેવતાય જાણે રાખની સોડ તાણી સૂતો હતો. મોલભર્યા એ વિશાળ પટ આસપાસ આવેલી ટેકરીઓ પરનાં ગામ. અંધારામાં પાધર સરખાં થઈ બેઠાં હતાં. ધરતી આખીય ઊંઘતી હતી એટલું જ નહીં. તારાઓથી ખદબદતું આભ પણ શાંત, નીરવ બની ઘોરતું હતું...બ્રહ્માંડ આખું સૂમસામ હતું.

આમ નવલકથાકાર થોડા ફકરામાં કાળુ અને તેના સંબંધોના તાણાવાળા વિશે આપણને ખાસ્સો એવો અણસાર આપી દે છે. વળી તેમના પ્રવેશકમાં દર્શક કહે છે તેમ ''પહેલા છ પ્રકરણોમાં વાલા પટેલનું દોરેલું રેખાચિત્ર વાર્તાનો બંધાર નક્કી કરી આપે છે.''

''છપ્પનિયા કાળ પહેલાંના પચીસેક વરસ પરનો એક ઉનાળો આથમી રહ્યો છે. માળવા–ગુજરાત કરતો દેવો વણજારો એના પાંચસો બળદ સાથે ગુજરાતને પેલે સીમાડેથી પાછો ફર્યો છે. ઘરાકોને ત્યાંથી ઘીનાં છેલ્લાં કુલ્લાં પોઠિયાઓ પર લાદી, વાણિયા પોતાના ગામ તરફ વળવા માંડયા છે. મજબૂત કાઠાવાળા ખેડૂત લોકો ખાતરકાઠી વળી ચૂક્યા છે. કોઈ થાપડા (નળિયાં) પકવે છે તો કોઈ પકવેલા થાપડા છાપરે ચડાવે છે. કોઈ વળી સાંઠીઓ ભરીને ભીંતો ઠીક કરી રહ્યા છે.''

છપ્પનિયા દુકાળની વાતો આપણી લોકકથાઓ અને ગીતોમાં આવે છે પણ તેના વિશે ગુજરાત, કાઠિયાવાડ અને કચ્છને લક્ષ્યમાં રાખીને પૂરતું સંશોધન થયું નથી એવું મને લાગે છે. હવે માનવીની ભવાઈ નવલકથાના ધ્વનિવિશ્વમાં ફરી આગળ પ્રવેશીએ.

જ્યારે ગામમાંના લીંબડા અધીરા થઈ બેઠા છે, તેમાંય છેલ્લે ફળે આવેલો પેલો ખખડધજ લીંબડો તો તાનમાં આવી પવનના સુસવાટા બોલાવતો એની વિશાળ શાખાઓને હીંચકા ખવરાવી રહ્યો છે. રાત પડી ચૂકી છે. ફળીનાં છોકરાં સૂઈ ગયાં છે. હાલ્લાં ધોવાનો ઘરઘરર અવાજ પણ વિરમી ચૂક્યો. મોટેરાંય ખાટલામાં પડી નસકોરાં બોલાવવા લાગ્યાં. ફ ર  ર ર ફાં ! ફ ર ર ર ફાં.....

'માનવીની ભવાઈ' નવલકથામાં ઉદ્‌ભવતા અન્ય ધ્વનિઓના કેટલાક દાખલા નમૂનારૂપે આપું. ધ્વનિ ફિલ્મકૃતિ માટે ખૂબ અગત્યનું અંગ છે. અને તેની આપણે આપણી રૂપાંતર સમીક્ષામાં તપાસ ને ચકાસ કરતા રહીશું.

''શ્રાવણની એ અજવાળી રાત, ઘડીકમાં ચાંદની ચમકાવતી તો ઘડીકમાં અંધારાં ઓઢી લેતી વહી રહી હતી અનેક તમરાંનો એકધારો અવાજ એવો લાગતો, જાણે સૂર્યે જતી રાત્રીનો જ એ અવાજ હોય!''
અને ક્યારેક ધ્વનિના ઝબકારાની સાથે દૃશ્યનો ધબકારો કેવી રીતે ભળી જાય છે તે જુઓ : એ, કોદર અને રાજુ બે ભાઈબહેન હતાં. રાજુએ શરમ ઢાંકવા નહિ પણ સુખી ઘરના કોડ પૂરા કરવા કૂલાળી ઘાઘરી ઉપર ઓઢણી ઓઢી હતી. માથે મોતીભરી ઉઢેણી પણ પાણીનો લોટો લીધો હતો. લોટા ઉપર સવારનો બાળરવિ નાચ નાચતો હતો.

અત્યાર સુધી મેં મારી રૂપાંતર સમીક્ષાઓમાં વાર્તા કે ફિલ્મકૃતિના મધ્યભાગને લઈને કોઈ આગવી છણાવટ નહોતી કરી પણ 'માનવીની ભવાઈ' જેવી અનેક પાત્રો ને ઝીણવટભર્યા પ્રસંગોવાળી નવલકથાના (અને તેથી ફિલ્મકૃતિના પણ) મધ્યભાગની ચર્ચાને આવરવાનું ઉચિત થશે એવું મને લાગે છે.

આડત્રીસ પ્રકરણોવાળી માનવીની ભવાઈ નવલકથામાં મધ્યમાં આવે છે ઓગણીસમું પ્રકરણ 'ચેત મછંદર ગોરખ આયા'. (પૃ.૧૭૭.૧૯૧) આ પ્રકરણમાં નવલકથાકાર પોતાની આગવી શૈલીમાં વિવિધ ધ્વનિઓની ભાતથી ભૂત–વર્તમાનમાં દૃશ્યો ઊભાં કરે છે, જે અમુક રીતે ચાવીરૂપ છે. કાળુ સાસરે આણું કરાવવા આવ્યો છે. 'કાળુનો કાકોસસરો – રાજુનો પતિ હળ સાથે આવી પહોચ્યો. પાછળ ભણીને રાજુય ઘાસના ભારા સાથે આવી લાગ્યાં'. રાજુ અને કાળુ વચ્ચે લાગણીનો સંવાદ બંધાય છે.

'માનવીની ભવાઈ' નવલકથામાં પન્નાલાલ પટેલ સંબંધોના તાણાવાણા પ્રમાણમાં વધારે કૉમ્પલેક્સ કે સંકુલ બનાવે છે એવું લાગે અને એ સંકુલતા જિજીવિષાની ઝંઝાવાતોમાંથી પોતાનો માર્ગ કાઢતી જાય છે. કદાચ શબ્દો દ્વારા સાહિત્ય માટે આવી કૉમ્પેલેક્સિટીની પામવાનું કામ સિનેમા કરતાં વધારે સરળ છે. અલબત્ત, સિનેમાની પોતાની અભિવ્યક્તિની ઈકોનોમી છે.
આમ તો પાંત્રીસમાં પ્રકરણ માનવીની ભવાઈ પછી નવલકથાના અંતનો આરંભ થતો દેખાય. અહીં નવલકથાકાર બુઢ્ઢાને કાળુમાં પોતાનો દીકરો દેખાય છે.
''ધરતી પર મોતનો વરસાદ વરસી રહ્યો ! જ્યાં જુઓ ત્યાં માનવીનાં મડદાં જ મડદાં ! કયાં બાળવા ને કયાં દાટવાં ! પછી કાણ, સૂતક ને સરાવવાની તો વાત જ ક્યાં રહી ! પાછળ રહેલાં તો સંબંધીને આગળ કર્યાની રાહ જ અનુભવતાં હતાં, ખુશ થતાં, ગણતા રહ્યા....ન દેખવાં ન દાઝવાં !''

આ પરથવીનો પલ્લો (પ્રલય) થવા બેઠો છે ભૂંડી ! નથી આપણે જીવવાનાં કે નથી જીવવાના આ માજનેય ! ત્યારે....શું કામ ભૂંડી, આ મરતી ઘડીએ કણબીના છોકરા પાસે હાથ ધરાવે છે !.... એક સ્વમાની માનસિક ઝંઝાવાતમાં કાળુ ઝીંકાઈ પડે છે. વર્ગભેદની પીછાણ કરાવતા નવલકથાકાર વાર્તાના અંત પહેલાં અહીં અત્યંત હૃદયદ્રાવક પણ મેલોડ્રામેટિક નહીં તેવી પરિસ્થિતિ વર્ણવે છે.

નવલકથાના અંતમાં એક અનેરી ક્ષણ સર્જાય છે અને હું માનું તેમ અત્યંત માનવસહજ છે – દીવો ઓલવાય ત્યારે ઝબકારો મારે તેવી અને સેન્સૂઅસ મને લાગે છે કે વાર્તાકાર પન્નાલાલ પટેલના શબ્દોનો સ્વભાવ મૂળગત રીતે ઐન્દ્રિય છે (વિષયી નહીં). અને તે ગમે તેવી કરૂણ પરિસ્થિતિમાં આશ્ચર્યકારક રીતે પ્રગટી શકે છે. ભૂખ અને તરસમાં કાળુ મરણતોલ પડયો છે અને પાણીના અભાવમાં રાજુ વિચારોના વમળમાં અટવાઈ છે.

ફિલ્મનું ટાઈટલ 'માનવીની ભવાઈ' (ઈસ્ટમેન કલર) અને પછી દિગ્દર્શક તરીકે 'પદ્મશ્રી ઉપેન્દ્ર ત્રવેદી સાથે શંકરના મંદિરમાં ભજનિકોના ચહેરા (ખાસ કરીને એક જ મુખ્ય ભજનિક) પર ઝૂમ ઈન અને ઝૂમ આઉટ. આ ચહેરોને ચહેરો પ્રેક્ષકો સમક્ષ જોઈને જાણે ઓમ નમ શિવાય ભજનનની સરવાણી પ્રસ્તુત કરતાં હોય એવું સતત લાગે રંગમંચ જેવું. કોઈ રીતે પણ અવકાશ (સ્પેશ)

એક્સપ્લોર ન થતાં તેમાં સિનેમાનો જરા પણ અહેસાસ નથી થતો. કાળની વાત તો જવા દઈએ. શરૂઆતમાં દેખાતો વૃદ્ધ સ્ત્રી–પુરૂષ રાજુ (અનુરાધા પટેલ) અને કાળુ (ઉપેનન્દ્રિ ત્રવેદી) છે તેની જાણ પણ આપણને ત્વરિત થાય છે.

